देश का प्रमुख दैनिक समाचार-पत्र

जनहित का सजग प्रहरी

# जन जन जागरण

Web Site: www.janjanjagran.com | झांसी और भोपाल से एक साथ प्रकाशित | झांसी, शुक्रवार 14 नवम्बर 2025 | वर्ष-15 अंक-85 पृष्ठ-08 मूल्य 3 रुपए



दिखावे की दुनिया है साहब जहां फायदा दिखेगा वहां जाएगी !



## ब्रीफ न्यूज

### शेख हसीना की पार्टी दफ्तर में लगाई आग

**ढाका।** बांग्लादेश की राजधानी ढाका में गुरूवार को दोपहर करीब 1 बजे प्रदर्शनकारियों ने अवामी लीग के मुख्यालय में आग लगा दी। ढाका ट्रिब्यून के मुताबिक करीब 10 से 15 लोगों ने इमारत की चौथी मंजिल पर लकड़ियां, पेपर कार्टन और अन्य सामान इकट्ठा करके आग लगा दिया। 5 अगस्त को अवामी लीग सरकार गिरने के बाद भी इसी इमारत में आग लगाई गई थी। अवामी लीग को बांग्लादेश को बैन किया जा चुका है। दूसरी तरफ शेख हसीना के खिलाफ दर्ज मानवता के खिलाफ अपराध मामले में फैसले की तारीख का ऐलान हो गया है। ढाका की इंटरनेशनल क्राइम्स ट्रिब्यूनल 17 नवंबर को अपना फैसला सुनाएगी।

### मुकुल रॉय की विधानसभा सदस्यता रद्द

**कोलकाता।** कोलकाता हाईकोर्ट ने गुरुवार को भाजपा के टिकट पर चुने गए और बाद में तृणमूल कांग्रेस में शामिल हुए नेता मुकुल रॉय की विधानसभा सदस्यता रद्द कर दी। अदालत ने यह फैसला विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी और भाजपा विधायक अंबिका रॉय की याचिकाओं पर सुनाया। मुकुल रॉय 2021 में भाजपा से विधायक चुने गए थे, लेकिन कुछ महीनों बाद मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और अभिषेक बनर्जी की मौजूदगी में टीएमसी में शामिल हो गए थे। अदालत ने इसे दलबदल कानून का उल्लंघन माना और उन्हें अयोग्य घोषित किया।

### रिश्वतकांड में जज और क्लर्क पर केस

**मुंबई।** मुंबई के मझगांव सिविल सेशंस कोर्ट से जुड़ा एक रिश्वतकांड का मामला सामने आया है। ये पूरा वाकया मंगलवार का है, जब कोर्ट के क्लर्क और टाइपिस्ट चंद्रकांत वासुदेव (40) को 15 लाख रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ा गया। एंटी करप्शन ब्यूरो के अनुसार शिकायतकर्ता ने 10 नवंबर को फैसला पक्ष में सुनाने के लिए 25 लाख की रिश्वत मांगने की शिकायत की थी। एंटी करप्शन ब्यूरो ने सिविल सेशंस कोर्ट के जज को भी आरोपी बनाया है। शिकायतकर्ता की पत्नी ने 2015 में कंपनी की जमीन पर कब्जे को लेकर बॉम्बे हाईकोर्ट में याचिका लगाई थी। अप्रैल 2016 में हाईकोर्ट ने विवादित जमीन पर किसी तीसरे पक्ष को अधिकार देने पर रोक लगा दी थी। क्योंकि जमीन की कीमत 10 करोड़ रुपये से कम थी, इसलिए 2024 में मामला माजगांव सिविल सेशंस कोर्ट में भेज दिया गया।

### लुधियाना में 10 आईएसआई एजेंट गिरफ्तार

**लुधियाना।** पंजाब के लुधियाना में पुलिस ने पाकिस्तान और उसकी खुफिया एजेंसी आईएसआई की ओर से संचालित किए जा रहे मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने पाकिस्तानी हैंडलर्स के इशारों पर काम कर रहे 10 बड़े गुर्गों को गिरफ्तार किया है। शुरुआती जांच में सामने आया है कि ये आरोपी मलेशिया में बैठे तीन गुर्गों के माध्यम से पाकिस्तान हैंडलर्स के संपर्क में थे, ताकि हैंड ग्रेनेड को भारत पहुंचाया जा सके। हैंडलर्स द्वारा आरोपियों को पंजाब में अशांति पैदा करने के लिए आबादी वाले क्षेत्र में ग्रेनेड हमला करने का काम सौंपा गया था। मगर, हमले से पहले ही पुलिस ने इन्हें दबोच लिया है, जिनमें मलेशिया में बैठे राजस्थान निवासी गुर्गे अजय का भाई भी शामिल है।

### सचिव 50 हजार लेते रंगे हाथ गिरफ्तार

**बालाघाट।** लोकायुक्त जबलपुर की टीम ने गुरुवार को एक बड़ी कार्रवाई की है। जनपद पंचायत परसवाड़ा की ग्राम पंचायत खरपड़िया सचिव और ग्राम पंचायत उकवा के प्रभारी सचिव योगेश हिरवाने को ग्राम पंचायत उकवा के सामने में रोड पर अंकुश पिता संतोष चौकसे से 50 हजार रुपये लेते रंगे हाथ दबोचा गया। लोकायुक्त टीम ने सचिव को गिरफ्तार कर बैहर ले जाया गया है। शिकायतकर्ता अंकुर चौकसे की माने तो शासन के द्वारा एक डिसमिल का पट्टा दिया गया है, जो आबादी जमीन का है। मेरे द्वारा भवन निर्माण किया जाना था जिसके लिए मैं ग्राम पंचायत उकवा से एनओसी मांगना चाह तो ग्राम पंचायत उकवा के प्रभारी सचिव योगेश हिरवाने के द्वारा मुझे 200000 लाख रुपये की मांग की गई थीं।

## सीएम योगी ने जनजाति भागीदारी उत्सव का किया शुभारंभ, बिरसा मुंडा को दी श्रद्धांजलि

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित जनजाति भागीदारी उत्सव का मुख्यामंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि 1 से 15 नवंबर तक जनजाति गौरव पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है। जनजाति समाज को अपनी परंपरा, गौरव पर अनुभूति हो और समाज राष्ट्र की मुख्य धारा में शामिल हो इस कोशिश में यह उत्सव किया जा रहा है। इस उत्सव में 22 राज्यों के जनजाति समाज के कलाकारों द्वारा अपनी कला का प्रदर्शन करने के साथ ही कई कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे।



उत्सव में सांस्कृतिक समागम और यात्रा के माध्यम से लोग जुड़ रहे हैं। अरुणाचल प्रदेश पार्टनर राज्य होने के साथ ही अन्य राज्यों के कलाकार यूपी में आकर इसके सहभागी बन रहे हैं। उत्सव में हस्तशिल्प और कला प्रदर्शनी, व्यंजन मेला भी लग रहा है। इस उत्सव के माध्यम से हम धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के प्रति सम्मान व्यक्त कर सकें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह साल हमारे लिए कई मायनों में महत्वपूर्ण है। यह वर्ष सरदार पटेल की 150वीं जयंती पूरे होने के साथ ही बिरसा मुंडा की जयंती के 150 साल पूरे होने का वर्ष भी है। यह वर्ष राष्ट्रगीत वंदे मातरम के भी 150 वर्ष में प्रवेश का वर्ष भी है। वह अमरगीत जिसने स्वाधीनता को नया मंत्र दिया था। यह वर्ष भारत के संविधान, एकता और अखंडता की आत्मा बन गया है।

### पुलिस भर्ती में जनजाति समाज के लोगों को मिला मौका

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि बिरसा मुंडा भारत की स्वाधीनता के पक्षधर थे। इसके लिए उन्होंने अभियान चलाया। अंग्रेजों ने उन्हें पकड़ा और 25 साल में रांची की जेल में अंतिम सांस ली। उनका कहना था कि देश हमारा है तो राज भी हमारा होना चाहिए। ब्रिटिश हुकूमत राज न करे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रेरणा दी है कि एक पूरा जनजाति गौरव पखवाड़ा मना रहे हैं। उनकी परंपरा, संस्कृति को प्रस्तुत करने का अवसर मिला है। यूपी देश की आबादी का सबसे बड़ा प्रदेश है। जनजाति समुदाय की आबादी कुल की अपेक्षा कम है। पहले सरकारी नौकरी के लिए जनजाति की सभी सीटें नहीं भरती थी। अब पुलिस भर्ती में जनजाति समाज की सभी सीटें भरी हैं। उनकी शिक्षा और भागीदारी बढ़ी है। सरकारी योजनाओं का लाभ मिला है। हमारी सरकार ने तय किया है कि जो भी जनजाति यूपी में हैं उनको उनका अधिकार मिले। सरकार इसके लिए काम करेगी। थारू, मुसहर, चेरो, कोल और गौड़ आदि को सभी सरकारी योजनाओं से आच्छादित करने को अभियान चलाया गया है। आज ज्यादातर जातियां सभी जरूरी सुविधाओं को पा रही हैं।

## राज्यपाल आनंदीबेन बोलीं: पढ़े-लिखे लोग भी आतंकवाद में शामिल, इसलिए शिक्षा के साथ देशभक्ति जरूरी



**बरेली।** बरेली में रुहेलखंड विश्वविद्यालय के अटल सभागार में बृहस्पतिवार को आयोजित 23वें दीक्षांत समारोह में कुलाधिपति राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने मेधावियों और पीएचडी धारकों को सम्मानित किया। उन्हें उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। विद्यार्थियों को देशभक्ति का संदेश भी दिया। राज्यपाल ने दिल्ली में हुई घटना पर चिंता जताई। कहा कि आज पढ़े-लिखे लोग भी आतंकवादी प्रवृत्ति में शामिल हो रहे हैं। राज्यपाल ने कहा कि चार अंक कम आएंगे तो चलेंगे, लेकिन देशभक्ति हमारे खून में भरी होना चाहिए। ऐसी शिक्षा का कोई अर्थ नहीं रह जाता है, जो हमारे विचार पलट दे।

आनंदीबेन पटेल ने कहा कि दिल्ली में घटना हुई है। पहली बार यह हुआ, जिसमें पढ़े-लिखे लोग आतंकवादी प्रवृत्ति में शामिल हुए। डॉक्टर, इंजीनियर शामिल हुए। क्या पढ़े होंगे वे लोग। उन लोगों ने क्या पढ़ाया होगा। लोगों को पता ही नहीं चला। सरकारों को भी पता नहीं चला। आतंकवादियों की मंशा भारत का उड़ा देने की थी। ऐसे लोगों से हमें लड़ना है। देश को बचाना है। इसलिए हमें चारों ओर दृष्टि रखनी पड़ेगी। सभी की गतिविधियों पर नजर रखनी पड़ेगी।

### देशभक्ति हमारे खून में भरी होनी चाहिए- राज्यपाल

राज्यपाल ने कहा कि भारत आगे बढ़ रहा है। दुनिया के कई देशों को पसंद नहीं होगा। ऐसे विचार वाले लोग आतंकवादी प्रवृत्ति में शामिल हुए हैं। जो अध्यापक पढ़ाते थे, वही उसी में शामिल हैं। राज्यपाल ने विद्यार्थियों से कहा कि चार अंक कम आएंगे तो चलेंगे, लेकिन देशभक्ति हमारे खून में भरी होनी चाहिए। आज लोग छोटी-छोटी चीजों के लिए लड़ रहे हैं। जेल में कई लोग बंद हैं, क्या वे शिक्षित हैं।

## भारत और बोत्सवाना मिलकर विश्व व्यवस्था में देंगे सार्थक योगदान: राष्ट्रपति मुर्मू



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गैबोरोन में बोत्सवाना की राष्ट्रीय सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भारत और बोत्सवाना मिलकर एक अधिक न्यायसंगत और टिकाऊ विश्व व्यवस्था में सार्थक योगदान दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के रूप में हमें अपने लोगों के सपनों और आकांक्षाओं, खासकर अपने युवाओं की अपेक्षाओं के प्रति संवेदनशील होने की जरूरत है। वे ही भविष्य हैं और वे ही हमारे देशों की आगे की राह तय करेंगे। बोत्सवाना की राष्ट्र-निर्माण यात्रा में एक प्रारंभिक भागीदार होना भारत के लिए सम्मान की बात है। हमारा सहयोग कई क्षेत्रों में फैला है- शिक्षा, स्वास्थ्य, प्रौद्योगिकी, कृषि, रक्षा, व्यापार और निवेश। उन्होंने यह भी कहा कि अपनी युवा जनसांख्यिकी और विशाल प्राकृतिक संसाधनों के साथ, अफ्रीका वैश्विक अर्थव्यवस्था के विकास को गति दे सकता है।

इस क्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राजधानी गैबोरोन स्थित राष्ट्रपति कार्यालय में महत्वपूर्ण बैठक की। इस दौरान बोत्सवाना गणराज्य के राष्ट्रपति ड्यूमा गिदोन बोको ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।

## एक्सपोर्ट प्रमोशन मिशन को लेकर पीएम मोदी ने कहा- इससे एमएसएमई को मिलेगा बढ़ावा, भारत की निर्यात क्षमता होगी मजबूत

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को कहा, कि केंद्र सरकार द्वारा मंजूर किया गया एक्सपोर्ट प्रमोशन मिशन (ईपीएम) देश की सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) इकाइयों को नई ऊर्जा देगा और भारत की निर्यात प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता को बढ़ाने में मदद करेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए कहा, कि यह मिशन भारत के निर्यात ढांचे को परिणाम-उन्मुख, डिजिटल और प्रभावी प्रणाली की दिशा में ले जाएगा।



प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, केंद्रीय कैबिनेट ने एक्सपोर्ट प्रमोशन मिशन को मंजूरी दी है, जो न केवल भारत की निर्यात क्षमता बढ़ाएगा बल्कि पहली बार निर्यात करने वाले उद्यमों, एमएसएमई सेक्टर और अधिक श्रम-प्रधान उद्योगों को भी सशक्त करेगा। यह पहल प्रमुख हितधारकों को एक साथ लाकर एक ऐसा तंत्र तैयार करेगी, जो परिणाम आधारित और लचीला होगा। उन्होंने कहा कि इस मिशन के जरिए 'मेड इन इंडिया' की पहचान को विश्व बाजार में और मजबूती मिलेगी। यह कार्यक्रम एक कॉम्प्रिहेंसिव, फ्लेक्सिबल और डिजिटल-ड्रिवन फ्रेमवर्क पर आधारित होगा, जिससे वैश्विक बाजारों में भारतीय उत्पादों की पहुंच बढ़ेगी। सरकार ने इस योजना को वित्त वर्ष 2025-26 से 2030-31 तक लागू करने का निर्णय लिया है, जिसके लिए 25,060 करोड़ रुपए का बजट निर्धारित किया गया है।

प्रधानमंत्री मोदी ने साथ ही क्रेडिट गारंटी स्कीम को भी एमएसएमई और निर्यातकों के लिए महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा, कि इस योजना से वैश्विक प्रतिस्पर्धा में सुधार, सुचारू व्यावसायिक संचालन और आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को गति मिलेगी। कैबिनेट से मंजूरी मिलने के बाद, नेशनल क्रेडिट गारंटी ट्रस्टी कंपनी लिमिटेड (एनसीजीटीसी) सदस्य क्रेडिट संस्थानों (एमएलआईएस) को 100 प्रतिशत क्रेडिट गारंटी कवरेज प्रदान करेगी। इस योजना से पात्र निर्यातकों जिनमें एमएसएमई इकाइयां भी शामिल हैं, को 20,000 करोड़ रुपए तक की अतिरिक्त ऋण सुविधा उपलब्ध कराई जा सकेगी।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि इन दोनों निर्णयों से भारत की आपूर्ति श्रृंखलाएं मजबूत होंगी, रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और आर्थिक आत्मनिर्भरता को नई दिशा मिलेगी। उन्होंने इसे भारत को वैश्विक निर्यात शक्ति के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

## बिहार विधानसभा चुनाव 2025: 46 केंद्रों पर मतगणना की तैयारी

### आज खुलेगा प्रत्याशियों के भाग्य का पिटारा, महागठबंधन मतगणना को लेकर सतर्क

### बिहार में किसका राज...फैसला आज

### 243 सीटों के लगभग 5 करोड़ वोटों को 4372 काउंटिंग टेबल पर गिना जाएगा

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 की मतगणना शुक्रवार सुबह 8 बजे से शुरू होगी। दोपहर तक तस्वीर लगभग साफ हो जाएगी। इस बार पोस्टल बैलेट की गिनती का तरीका बदल गया है, जिससे आखिरी दो राउंड की गिनती से पहले पोस्टल वोट शामिल किए जाएंगे। सभी नतीजे शाम तक घोषित किए जाने की उम्मीद है। प्रदेश में किसकी सरकार बनेगा इसका फैसला दोपहर बाद हो जाएगा। राज्य में इस बार कुल 66.91 प्रतिशत मतदान हुआ, जिसमें पुरुष मतदाता 62.8 प्रतिशत और महिला मतदाता 71.6 प्रतिशत ने वोट डाला। चुनाव आयोग ने बताया कि यह 1951 के बाद सबसे उच्च मतदान प्रतिशत है। दो चरणों के चुनाव में 8.5 लाख से अधिक पोलिंग कर्मचारी और 2,616 उम्मीदवारों द्वारा नियुक्त 1.4 लाख से ज्यादा पोलिंग एजेंट, 243 जनरल ऑब्ज़र्वर और 38 पुलिस ऑब्जार्वर शामिल रहे। राज्य के 46 मतगणना केंद्रों पर वोटों की गिनती सुबह 8 बजे से शुरू होगी। सबसे पहले पोस्टल बैलेट की गिनती होगी, जो 8 से 8:30 बजे के बीच स्कैनर से स्कैन करके की जाएगी। अगर पोस्टल बैलेट की गिनती 8:30 बजे तक पूरी नहीं भी हुई, तब भी ईवीएम से वोटों की गिनती समानांतर रूप से शुरू हो जाएगी।

मतगणना को लेकर सभी जिलों में तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी विनोद सिंह गुंजियाल ने 38 जिलों के डीएम के साथ गिनती की समीक्षा की है। उन्होंने चुनाव आयोग के तय मानक को सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। काउंटिंग का तरीका और रैंडमाइजेशन हर विधानसभा सीट के लिए मतगणना केंद्र में अलग-अलग कमरे बनाए गए हैं। एक राउंड में 14 ईवीएम की गिनती होगी, जिसके लिए 14 टेबल लगाए गए हैं। गिनती से पहले सुबह 6 बजे मतगणना केंद्र पर रैंडमाइजेशन किया जाएगा।

## मुंबई में अंतरराष्ट्रीय कॉल सेंटर का पर्दाफाश, अमेरिका-कनाडा के लोगों को ठगा

### 5 आरोपी गिरफ्तार, 2 लैपटॉप, 11 मोबाइल, 76,000 नगदी बरामद

**मुंबई।** मुंबई की मुलुंड पुलिस ने साइबर फ्रॉड का पर्दाफाश किया है। मुलुंड पश्चिम के एक आवासीय फ्लैट में चल रहे फर्जी अंतरराष्ट्रीय कॉल सेंटर पर छापेमारी कर पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया। ये आरोपी अमेरिका और कनाडा के नागरिकों को ठगने का काम कर रहे थे। पुलिस ने मौके से भारी मात्रा में इलेक्ट्रॉनिक सामान और नकदी बरामद की है। मुलुंड पुलिस ने बताया कि गोपनीय सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की गई।



मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक सूचना मिली थी कि मुलुंड कॉलोनी क्षेत्र में कुछ लोग फर्जी कॉल सेंटर चला रहे हैं। वे खुद को अमेरिका स्थित बैंक या वित्तीय कंपनी का अधिकारी बताकर विदेशी नागरिकों को तुरंत ऋण देने का लालच देते हैं। पीड़ितों से प्रोसेसिंग फीस के नाम पर पैसे वसूलते हैं, लेकिन ऋण कभी नहीं देते। पुलिस ने जब फ्लैट पर छापा मारा तो वहां सागर गुप्ता मुख्य संचालक निकला। सागर ने इस धंधे के लिए अभिषेक सिंह, तन्मय धाड़ सिंह, शैलेश शेट्टी और रोहन को नियुक्त किया था। सभी आरोपी गिरफ्तार कर लिए गए। पुलिस को 2 लैपटॉप, 11 मोबाइल, 2 राउटर और 76,000 रुपए नकद बरामद हुए हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक आरोपी कॉल सेंटर में खुद को लेंडिंग पॉइंट नामक वित्तीय कंपनी का कर्मचारी बताते थे। वे ई-सिम कार्ड का इस्तेमाल कर पीड़ितों से संपर्क करते थे। शिकार को असुरक्षित वेतन-दिवस ऋण देने का वादा करते थे। न्यूनतम प्रोसेसिंग शुल्क जमा करने के बाद भी पीड़ितों को कुछ नहीं मिलता। इस तरह से लाखों रुपए की ठगी की जाती थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। आरोपी बिना किसी वैध अनुमति के यह अवैध कॉल सेंटर चला रहे थे।

## देश में रिसर्च को एक राष्ट्रीय जररुत के रुप में देखना चाहिए: नारायण मूर्ति

**मुंबई।** आईटी कंपनी इंफोसिस के फाउंडर नारायण मूर्ति ने भारत में साइंटिस्ट, स्कॉलर्स और इनोवेटर्स के लिए मजबूत और अधिक सपोर्टिव इकोसिस्टम तैयार करने की मांग उठा दी। उन्होंने कहा कि देश को रिसर्च एक लग्जरी की जगह एक राष्ट्रीय जरूरत के रूप में देखने की जरुरत है। इंफोसिस साइंस फाउंडेशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में इंफोसिस पुरस्कार 2025 विनर्स को लेकर घोषणा कर मूर्ति ने कहा कि रिसर्च के लिए जिज्ञासा, इमेजिनेशन, हिम्मत और अनुशासन की जरूरत होती है इसलिए यह एक ह्युमन इंक्वायरी के उच्च आइडल को दर्शाती है। उन्होंने अमेरिका का उदाहरण देकर याद दिलाया कि जो राष्ट्र बेसिक रिसर्च में गहनता से निवेश करता है वह साइंटिफिक प्रगति, इकोनॉमिक स्ट्रेंथ और सामाजिक कल्याण में सबसे आगे होता है। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय जवाहरलाल नेहरू को कोट कर कहा कि साइंस सिर्फ गरीबी, भुखमरी और अंधविश्वास सभी का समाधान बन सकती है। उन्होंने देश से एक बौद्धिक रूप से वाइब्रेंट इकोसिस्टम बनाए जाने की मांग की, जहां यंग रिसर्चर्स सीमित अवसरों जैसे बाधाओं से न जूझें और अपने काम को लेकर आगे बढ़ें। इंफोसिस साइंस फाउंडेशन (आईएसएफ) ने 15 मई को अपनी एज पॉलिसी को बदलकर प्राइज विनर्स के लिए अप्पर लिमिट को 50 से घटाकर 40 वर्ष कर दिया था। हर एक इंफोसिस प्राइज में एक गोल्ड मेडल, एक प्रशस्ति पत्र और लाख डॉलर की राशि शामिल की गई है।

## दिल्ली ब्लास्ट: आतंकी साजिश में इस्तेमाल चौथी कार अल-फलाह यूनिवर्सिटी से बरामद


**फरीदाबाद।** दिल्ली के लाल किले के पास हुए धमाके की जांच में एजेंसियों को बड़ी सफलता मिली है। जांचकर्ताओं ने अब चौथी संदिग्ध सिल्वर रंग की मारुति ब्रेजा कार को फरीदाबाद स्थित अल-फलाह यूनिवर्सिटी की पार्किंग से बरामद कर लिया है। एनआईए और एटीएस की टीमें मौके पर पहुँचीं, जबकि बम निरोधक दस्ता और फॉरेंसिक विशेषज्ञ वाहन की गहन जांच में जुटे रहे हैं।

सूत्रों के अनुसार, यह ब्रेजा डॉ. उमर नबी के नेटवर्क से जुड़ी मानी जा रही है, जो 10 नवंबर को लाल किले के पास हुए ब्लास्ट का मुख्य आरोपी है। यह कार डॉ. शाहीन के नाम पर पंजीकृत है, वही व्यक्ति जिसकी एक और कार में छापेमारी के दौरान असॉल्ट राइफल बरामद हुई थी।

मारुति स्विफ्ट – डॉ. शाहीन के नाम पर, फरीदाबाद से बरामद; इसमें असॉल्ट राइफल मिली थी।

सफेद आई-20 – डॉ. उमर नबी चला रहा था, इसी में धमाका हुआ था।

लाल रंग की इकोस्पोर्ट – खंदावली




के पास मिली; इसकी जांच जारी है।

फरीदाबाद पुलिस ने यूनिवर्सिटी कैंपस को अस्थायी रूप से सील कर दिया है। बम स्क्वॉड ने क्षेत्र को घेरकर सुरक्षा घेरे में ले लिया। पुलिस प्रशासन यूनिवर्सिटी से यह जानकारी जुटा रहा है कि यह कार कब और किसने पार्क की थी। जांच एजेंसियों को शक है कि इस वाहन का इस्तेमाल विस्फोटकों की सप्लाई या लॉजिस्टिक सपोर्ट के लिए किया गया था।

इसी बीच जांच एजेंसियों के हाथ धमाके वाले दिन का नया सीसीटीवी फुटेज लगा है। इसमें उमर नबी को बदरपुर बॉर्डर टोल प्लाजा से दिल्ली में प्रवेश करते और बाद में रामलीला मैदान के पास की एक मस्जिद के बाहर घूमते हुए देखा जा सकता है।

## लद्दाख में चीन बॉर्डर से सटा न्योमा एयरबेस शुरू

### तेजी से सेना-हथियार पहुंचाने में मददगार होगा

**नई दिल्ली।** लद्दाख के न्योमा स्थित मुध एयरबेस में बुधवार से ऑपरेशन शुरू हो गया। भारतीय वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने इसका उद्घाटन किया। उन्होंने नोएडा के हिंडन एयरबेस से सी-130जे सुपर हरक्यूलिस एयरक्राफ्ट से उड़ान भरी और न्योमा एयरबेस पहुंचे। उनके साथ पश्चिमी वायु कमान प्रमुख एयर मार्शल जीतेंद्र मिश्रा भी मौजूद थे। न्योमा एयरबेस 13,710 फीट की ऊंचाई पर स्थित दुनिया के सबसे ऊंचे एयरबेस में से एक है। यह चीन से सटी वास्तविक नियंत्रण रेखा से लगभग 25 किलोमीटर की दूरी पर है।

## » न्यूज कैप्सूल »

### जेबकतरों ने पूर्व बार संघ अध्यक्ष की जेब काटकर उड़ाए, हजारों रुपए

**उरई।** माधौगढ़ कोतवाली क्षेत्र में एक बार फिर सक्रिय हुए जेबकतरों ने गुरुवार दोपहर पूर्व बार संघ अध्यक्ष के पेंट में रखे रूपये पार कर दिए। पेंट की जेब कटी देख अधिवक्ता दंग रह गया और नगर पंचायत अध्यक्ष के साथ कोतवाली में तहरीर दी। बताया गया कि बृहस्पति वार दोपहर पूर्व बार संघ अध्यक्ष सदींप मिश्रा वस्ता से तहसील के अंदर जा रहे थे। इसी दौरान वहां घूम रहे जेबकतरों ने अधिवक्ता को निशाना बनाया और पेंट की जेब काट ली और जेब में रखे 11 हजार 5 सौ रुपये ले गए। घटना से तहसील प्रांगण में अफरा- तफरा मच गई और वहां मौजूद अधिवक्ताओं ने एसडीएम राकेश कुमार सोनी को जानकारी दी। पूर्व बार संघ अध्यक्ष ने सहयोगी नगर पंचायत अध्यक्ष राघवेन्द्र व्यास के साथ कोतवाली पहुंचकर मामले की तहरीर दी। कोतवाल विकेश बाबू का कहना है कि तहरीर आ गई है, सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जेबकतरों की जानकारी की जा रही है। जिन्हें जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### अज्ञात कारणों के चलते मजदूर ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**उरई।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला रामनगर में अज्ञात कारणों के चलते मजदूर ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। खबर मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने पूरे मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी।

शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला रामनगर में ईदगाह के पीछे निवासी मोनू 27 वर्ष पुत्र दामोदर अहिरवार पत्नी सीमा व एक तीन वर्षीय पुत्री के साथ रहता था। वह चार भाइयों में सबसे छोटा था और मजदूरी करके अपने परिवार का भरण पोषण कर रहा था। बताया गया कि बुधवार की शाम को वह काम से लौटा था और किन्हीं कारणों के चलते घर के कमरे में उसने फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। पति को फांसी के फंदे पर लटका देख पत्नी चीखने चिल्लाने लगी। घर में मची चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए और उन्होंने जानकारी पुलिस को दी। सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी अभिलाष सिंह मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पूछताछ शुरू कर दी। मामले में चौकी प्रभारी का कहना है कि खुदकुशी का कारण पत्नी भी नहीं बता सकी है। शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और मामले की हर पहलू पर जांच पड़ताल की जा रही है।

### बाइक फिसलने से गिरी महिला की ट्रक से कुचलकर मौत

**उरई।** आटा थाना क्षेत्र के इटौरा मार्ग पर बगिया के पास अचानक बाइक फिसलने से सड़क पर गिरी महिला की पीछे से आ रहे ट्रक से कुचलकर मौत हो गई।

जालौन कोतवाली क्षेत्र के अकोड़ी दुबे गांव निवासी श्रीकुमारी 30 वर्ष पत्नी रामकुमार वर्मा अपने देवर दिलीप कुमार, सास ठाकुरबेटी और अन्य परिजनों के साथ आटा थाना क्षेत्र के अकबरपुर इटौरा भतीजे के मुंडन में शामिल होने गई थी। कार्यक्रम खत्म होने के बाद तीनों एक ही बाइक से जब वापस घर लौट रहे थे, तभी आटा इटौरा मार्ग पर बगिया के पास बाइक अचानक फिसल गई। बाइक फिसलते ही तीनों सड़क पर गिर गए और इसी दौरान पीछे से तेज रफ्तार में आ रहे एक ट्रक ने श्रीकुमारी को रौंद दिया। हादसा इतना भीषण था कि महिला की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही आटा पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल शुरू की, लेकिन तब तक ट्रक चालक और कंडक्टर फरार हो चुके थे। करीब दो घंटे बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। स्थानीय लोगों ने बताया कि जोल्हूपुर में ओवरब्रिज निर्माण कार्य चलने के कारण ओवरलोड बालू से लदे ट्रकों को आटा-इटौरा मार्ग से निकाला जा रहा है। इससे इस मार्ग पर दिन-रात भारी वाहनों की आवाजाही बनी रहती है और हादसों का खतरा बढ़ गया है।

### डीएम ने गौ-शाला का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**महोबा।** गौ-संरक्षण हेतु गौशालाओं का समुचित क्रियान्वयन उत्तर प्रदेश सरकार की प्राथमिकता में शामिल है। इसी दृष्टिकोण से आज जिलाधिकारी गजल भारद्वाज नें विकास खंड जैतपुर के ग्राम लाडपुर में गौ-शाला का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।इस दौरान उन्होंने पंजीयन रजिस्टर को व्यवस्थित करने तथा गोबर का व्यवसायिक उपयोग कराने हेतु संबंधित को निर्देशित किया। उन्होंने निराश्रित गोवंशों के लिए भूसा, पीने योग्य पानी, हरा चारा, साफ सफाई व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने गोवंशों की नियमित देखरेख के लिए निर्देशित करते हुए गोवंशों की ईयर टेगिग एवं भूसे की उपलब्धता के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान मौजूद कर्मचारियों ने बताया कि गौशाला में गोवंशों के लिए पर्याप्त मात्रा में भूसा चारा व चोकर उपलब्ध है। निरीक्षण के दौरान केयरटेकर उपस्थित मिले। जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि गोवंशों की नियमित जांच की जाए और कैमरो की संख्या बढ़ाई जाए।

इसी क्रम में जिलाधिकारी नें अमृत सरोवर का निरीक्षण किया। उन्होंने अमृत सरोवर के चारों तरफ साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश डीपीआरओ को दिए।

# प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की जिलाधिकारी ने की समीक्षा

### तीन दिवस में संयुक्त सर्वे पूर्णकर रिपोर्ट भेजने के दिए निर्देश



**उरई।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत खरीफ सीजन-2025 में धान, बाजरा, ज्वार आदि फसलों एवं रबी सीजन 2025-26 की वर्षा से हुई क्षति के संबंध में जिले में संचालित संयुक्त सर्वे की प्रगति एवं खरीफ सीजन-2025 में गैर ऋणी कृषकों के बीमा प्रस्तावों की जाँच की स्थिति की समीक्षा बैठक कर सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक के दौरान फसल बीमा कम्पनी के जिला प्रतिनिधि ने अवगत कराया कि खरीफ सीजन में हुई फसल क्षति के अंतर्गत अब तक 40,280 कृषकों को कुल 22, 13, 78, 901 की क्षतिपूर्ति राशि का भुगतान किया जा चुका है, जबकि शेष कृषकों को भुगतान की प्रक्रिया प्रगति पर है। बताया कि जिले में धान के 2,235, ज्वार के 628 एवं बाजरा के 1,842, कुल 4,705 कृषक बीमित हैं। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि विगत दिनों हुई वर्षा से प्रभावित खरीफ सीजन की फसलों (धान, बाजरा, ज्वार) का संयुक्त सर्वे तीन दिवस के भीतर पूर्ण कर संकलित रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए, ताकि सभी पात्र कृषकों को शीघ्र बीमा क्लेम का लाभ मिल सके। साथ ही उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि गैर ऋणी कृषकों के बीमा प्रस्तावों की जाँच कार्य शीघ्र पूर्ण कर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि फसल बीमा योजना का उद्देश्य कृषकों को प्राकृतिक आपदाओं से आर्थिक सुरक्षा प्रदान करना है। प्रत्येक पात्र कृषक तक योजना का लाभ समयबद्ध ढंग से पहुँचे यह सुनिश्चित किया जाए। इस मौके पर समस्त उपजिलाधिकारी, उप कृषि निदेशक, जिला कृषि अधिकारी, जिला कृषि रक्षा अधिकारी, समस्त भूमि संरक्षण अधिकारी, समस्त उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी एवं एस.बी.आई. जनरल इंश्योरेन्स कम्पनी लि. के जिला प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## भा कि यू (टिकैत) के नेतृत्व में किसानों ने धरना प्रदर्शन कर, सात सूत्रीय मांग पत्र सौंपा

### शीघ्र खोले जाये मूंगफली क्रय केंद्र व किसानों को निर्गत किए जाएं खसरा

**कुलपहाड़।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के तत्वावधान में ब्लॉक अध्यक्ष रविकरन यादव के नेतृत्व में जैतपुर ब्लॉक परिसर में किसानों ने विभिन्न समस्याओं को लेकर जोरदार धरना-प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के पश्चात किसानों ने जिलाधिकारी को संबोधित सात सूत्रीय ज्ञापन कृषि रक्षा इकाई प्रभारी जगदीश पटेल को सौंपा।

धरने में लगभग आधा सैकड़ा किसान शामिल हुए। ज्ञापन में मुख्य रूप से कृषि रक्षा इकाई द्वारा किसानों को नि:शुल्क वितरित की जाने वाली मिनी किट में धनराशि वसूलने, ब्लॉक स्तर पर भ्रष्टाचार, यूरिया खाद की अनुपलब्धता, मूंगफली क्रय केंद्रों को शीघ्र खोले जाने, मूंगफली क्रय हेतु खसरा निर्गत करने, तथा अतिवृष्टि का शेष मुआवजा दिलाए जाने जैसी मांगें प्रमुख रहीं।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष रामखिलावन शुक्ला व ब्लॉक अध्यक्ष रविकरन यादव ने किसानों के साथ मिलकर ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि यदि किसानों की समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो संगठन आंदोलन को और तेज करेगा।

ज्ञापन प्राप्त करते हुए केंद्र प्रभारी जगदीश पटेल ने किसानों को बताया कि शासन के निर्देशानुसार मिनी किट वितरण पूरी तरह ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया के माध्यम से किया जा रहा है। जिन्होंने पहले आवेदन किया, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर किट दी गई है। शेष किसान अभी सरसों व मसूर की मिनी किट हेतु आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि चना, मटर, मसूर, एवं सरसों की मिनी किट का पहले से आवेदन हे उनको लगातार पहले आओ पहले पाओ के आधार पर दिया जा रहा हे।

## वाहन चलाते समय हेलमेट, सीटबेल्ट का करें प्रयोग: राजेश कुमार



**उरई।** यातायात माह के अन्तर्गत सड़क सुरक्षा को लेकर गुरुवार को झाँसी रोड स्थित श्रीराम पब्लिक स्कूल में सड़क सुरक्षा जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साथ ही उपस्थित समस्त छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों के प्रति जागरुक किया। कार्यक्रम में राजेश कुमार सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी व विद्यालय प्रबंधक डॉ. सीपी गुप्ता व समस्त स्टाफ के उपस्थित रहा। राजेश कुमार सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी ने उपस्थित सभी जनों को सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी दी तथा सभी से अपील की गयी कि वह वाहन चलाते समय हेलमेट, सीटबेल्ट का प्रयोग करें, नशे की हालत में वाहन न चलायें व वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करें, ओवर स्पीड में वाहन न चलायें, दुघर्टना में घायलों की सहायता करें, क्षमता से अधिक सवारियाँ न बैठायें, वाहनों को अपनी लाइन पर संचालित करने तथा वाहन को रोकते समय साइड इण्डीकेटर का प्रयोग कर सुरक्षित स्थान पर उतारने हेतु जागरुक किया गया। उपस्थित समस्त छात्र-छात्राओं को यातायात सांकेतकों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। सड़क दुघर्टना में घायल व्यक्तियों को अस्पताल पहुँचाने वालों को सरकार पुरस्कृत करती है। इसलिये बिना किसी आशंका के सड़क दुघर्टना में घायल व्यक्तियों की मदद करने की अपील की गयी। साथ ही यह भी अवगत कराया गया कि सड़क सुरक्षा के नियमों की जागरुकता से ही सड़क दुघर्टनाओं में कमी लाई जा सकती है। अन्त में उपस्थित सभी जनों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई गई।

## चोरों ने सूने मकान के चटकाए ताले, लाखों के जेवरात व नकदी लेकर फरार

**उरई।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला नया पटेल नगर बैंक कालोनी में घूमी चोरों की बारात ने एक विधवा महिला के सूने मकान के ताले चटका दिए। जहां से चोर लगभग पांच लाख रुपये के जेवरात व 60 हजार रुपए की नकदी लेकर रफूचक्कर हो गए। खबर मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने पूरे मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।



शहर के मोहल्ला नया पटेल नगर निवासी राजेश्वरी पत्नी स्व. रघुनाथ सिंह 7 नवंबर 2025 को अपने बेटे के पास फतेहपुर गई हुई थी। जबकि उसकी बेटी निशा भी घर पर रहती थी, लेकिन वह 11 नवंबर की शाम घर का ताला लगाकर अपने घर आटा चली गई थी। तभी वारदात को अंजाम देने की फिराक में घूम रहे चोरों ने देर रात मकान के ताले चटका दिए। ग्रहस्वामी महिला राजेश्वरी जब घर लौटीं तो देखा कि मेन गेट का ताला लगा हुआ था, लेकिन अंदर चैनल गेट का ताला टूटा पड़ा था। कमरे की दो अलमारियों के कुंडे भी टूटे मिले। घर की तलाशी लेने पर पता चला कि दो सोने की नथनी, एक सोने की बेदी, चार सोने की चूड़ियां, एक सोने का हार, तीन जोड़ी सोने के कान के टॉप्स, छह जोड़ी चांदी की बिछिया, एक चांदी का कड़ा, बारह चांदी के सिक्के व 60 हजार रुपये नकद चोरी हो गए हैं। सूचना मिलते ही जेल चौकी इंचार्ज मौके पर पहुंचे और छानबीन शुरू की। पुलिस का कहना है कि आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। जल्द ही आरोपितों का सुराग लगा लिया जाएगा और उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## श्री बटुक भैरव नाथ मंदिर में भैरवाष्टमी संपन्न

### हजारों श्रृद्धालुओं ने किया भंडारे में प्रसाद ग्रहण

**चरखारी।** नगर के प्राचीनतम मंदिर श्री बटुक भैरव नाथ जू में भैरव अष्टमी के शुभ अवसर पर भगवान भैरवनाथ जी का महा अभिषेक भंडारा एवं भजन संध्या का प्रतिवर्ष की भांति पूरे उत्साह के साथ आयोजन संपन्न किया गया। जिसमें महोबा हमीरपुर बाँदा क्षेत्र के एमएल सी जितेन्द्र सिंह सैंगर सहित बड़ी संख्या में चरखारी नगर के संभ्रांत नागरिकों के साथ आसपास के क्षेत्र के भी श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही।

शनिवार को नगर चरखारी के प्राचीनतम सिद्ध स्थल मंदिर श्री बटुक भैरव नाथ में प्रतिवर्ष की तरह भगवान भैरव नाथ जी का महा अभिषेक,भंडारा एवं भजन संध्या का कार्यक्रम देर रात्रि तक चलता रहा। कार्यक्रम में एमएलसी जितेंद्र सिंह सेंगर, चेयरमैन प्रतिनिधि नगरपालिका परिषद चरखारी पप्पू रामपाल कुशवाहा, पूर्व चेयरमैन मूलचन्द्र अनुरागी, अरविंद सिंह चौहान, अशोक महाराज, डॉ. उमाशंकर तिवारी, डॉ सुरेश खरे, रमन गोस्वामी, राम महाराज, महंत देवीचरण दास, आदि के साथ बड़ी संख्या में नगर की माताएं, बहने और नगर के संभ्रांत नागरिकों के

साथ क्षेत्र के भी लोगों की अच्छी खासी तादाद में श्रद्धालुओं ने आकर भगवान बटुक भैरव नाथ जी के दर्शन करने के उपरांत भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते हुए भजन संध्या का आनंद लिया। भगवान बटुक भैरव नाथ जी का महा अभिषेक एवं वैदिक यज्ञ को पूर्ण वैदिक विधि विधान के अनुसार मुख्याचार्य पंडित वीरेन्द्र शास्त्री जी के द्वारा संपन्न कराया गया। भजन संध्या विजय गुप्ता रायनपुर के संयोजन में संपन्न की गई, मंदिर श्री बटुक भैरव नाथ के महंत जुगुल भारती ने बताया कि भगवान भैरवनाथ सभी को अभय देकर जगत का भरण करने वाले देवता हैं। मंदिर में भगवान बटुक भैरव प्रतिष्ठित हैं, जो सद गृहस्थों की श्रद्धा के साथ की गई पूजा से अति शीघ्र प्रसन्न हो जाते हैं एवं मनोवांछित फल प्रदान करते हैं।

### राज0 महा0 चरखारी में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**चरखारी।** मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत जिलाधिकारी गजल भारद्वाज के निर्देश के क्रम में जिला प्रोबेशन अधिकारी हर्षवर्धन नायक के निर्देशन में राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय चरखारी महोबा में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें नारी शक्ति, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन पर चर्चा की गई।

## जन चौपाल लगाकर डीएम ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं



**महोबा।** केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजना एवं लाभार्थी पर एक योजनाओं का लाभ जन सामान्य तक पहुंचाने तथा विभिन्न विकास एवं राजस्व कार्यो को समयबद्ध रूप से संपादित कराए जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की अध्यक्षता में तहसील कुलपहाड़ के विकासखंड जैतपुर के अंतर्गत स्थित ग्राम पंचायत लाडपुर में ग्राम चौपाल लगाई गई। चौपाल में आए हुए ग्रामीणों की समस्याओं को जिलाधिकारी द्वारा सुना गया और संबंधित अधिकारियों को उनकी समस्या का त्वरित निस्तारण कराये जाने के निर्देश दिए गए।जिलाधिकारी ने उपायुक्त मनरेगा को निर्देश देते हुए कहा कि अभियान चला कर ग्राम समूहों का सी.सी.एल. कराया जाए तथा लंबित हदबंदी वादो के मामलों को एक सप्ताह के अंदर निस्तारण कराये जाने के निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने बताया कि फार्मर रजिस्ट्री के लिए आवेदन करने के लिए किसान अपने क्षेत्रीय लेखपाल, कृषि विभाग के कार्मिक, जन सेवा केंद्र से फार्मर रजिस्ट्री की साइट पर जाकर किसान स्वयं भी फार्म कर सकते हैं, यदि किसी किसान की फॉर्मर रजिस्ट्री के आवेदन करने में समस्या आ रही है, तो वह अपने खतौनी के अनुसार आधार कार्ड दर्ज कराये।उन्होंने कहा कि सभी किसान बंधु फार्मर रजिस्ट्री जरूर कराये। जिला पंचायत राज अधिकारी ने बताया कि 15वें वित 25-26 से ग्राम पंचायत लाडपुर में हैंड पंपों की मरम्मत कराई गई है और आयुर्वेद अस्पताल से सी.सी. रोड निर्माण कराया गया है। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि ग्राम के 270 लोगों को सम्मान निधि का लाभ दिया गया है तथा मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना बीमा योजना के तहत कृषक घनश्याम को 500000 रुपए रू की सहायता राशि प्रदान की गई है। जिला प्रोबेशन अधिकारी ने बताया कि अक्टूबर माह में 81 लोगों को विधवा पेंशन, 16 लोगों को दिव्यांग पेंशन का लाभ दिया गया है। उपायुक्त मनरेगा ने बताया की ग्राम पंचायत लाडपुर में मनरेगा के तहत 10 कार्य स्वीकृत है, जिसमें से 6 कार्यों को पूर्ण कर लिया गया है। इस अवसर पर जिलाधिकारी महोदया नें गर्भवती महिलाओं के गोद भराई की तथा मिशन शक्ति के अंतर्गत भगवती देवी को खतौनी वितरित की।

इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी बलराम कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आशाराम, उपजिलाधिकारी कुलपहाड़ डॉ प्रदीप कुमार, डीडीओ पंकज यादव, डीपीआरओ चंद्र कुमार वर्मा सहित अन्य अधिकारीगण एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## अपर एस पी ने नये पीआरवी वाहनों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**महोबा।** उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यालय, आपातकालीन सेवा डायल-112 की ओर से जनपद महोबा को प्राप्त नये पीआरवी वाहनों को आज अपर पुलिस अधीक्षक महोबा/नोडल अधिकारी डायल-112 वन्दना सिंह द्वारा पुलिस लाइन महोबा से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।




जनपद को प्राप्त नये चार-पहिया (स्कार्पियो) पीआरवी वाहन कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने तथा आपातकालीन पुलिस सेवा को तेज, प्रभावी एवं बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। नये वाहनों के संचालन से जनपद में अपराध नियंत्रण में मदद मिलेगी, पीड़ितों को तत्काल पुलिस सहायता उपलब्ध हो सकेगी तथा घटना स्थल तक पहुँचने में रिस्पांस टाइम में भी कमी आएगी। इन वाहनों के शामिल होने से तैनात पीआरवी वाहनों की संख्या एवं सघनता में वृद्धि होगी, जिससे डायल-112 सेवा का संचालन और अधिक सुचारू रूप से हो सकेगा।

इस दौरान आर.आई. शिवकुमार, प्रभारी यू.पी.-112 महोबा विषय देव बुन्देला, प्रभारी परिवहन शाखा भानु प्रकाश सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सड़क सुरक्षा को लेकर यातायात पुलिस की सख्त मुहिम

### तेज रफ्तार वाहनों पर राडार गन से कसा शिकंजा

**महोबा।** तेज रफ्तार वाहन सड़क हादसों का प्रमुख कारण बनते हैं। इन्हीं दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण एवं सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से यातायात माह नवंबर के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में आज जनपद में विशेष अभियान चलाया गया।

यातायात प्रभारी सुनील कुमार सिंह के नेतृत्व में यातायात पुलिस टीम द्वारा जनपद के दुर्घटना बाहुल्य स्थलों को चिन्हित कर हाईवे पर स्पीड राडार गन लगाकर वाहनों की गति का मापन किया गया। निर्धारित सीमा से अधिक गति से चलने वाले वाहनों पर तत्काल कार्रवाई करते हुए ई-चालान जारी किए गए। कानपुर‑सागर हाईवे पर की गई इस विशेष चेकिंग में 20 वाहन ओवरस्पीडिंग में पकड़े गए, जिनके विरुद्ध नियमानुसार प्रवर्तन की कार्रवाई की गई है।

» न्यूज कैप्सूल »

## राममनोहर लोहिया महाविद्यालय में निःशुल्क नेत्र शिविर हुआ आयोजित

### 983 छात्राओं की हुई नेत्र जांच,100 से अधिक को मिले निःशुल्क चश्मे

**गुरसरांय।** गुरुवार को नगर के राममनोहर लोहिया महिला पी.जी. महाविद्यालय गुरसरांय में सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय,चित्रकूट की ओर से निःशुल्क नेत्र परीक्षण एवं चश्मा वितरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य छात्राओं में बढ़ती नेत्र समस्याओं की रोकथाम,दृष्टि दोष का समय रहते निदान तथा उनकी दृष्टि-स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। सद्गुरु संस्थान,चित्रकूट से आए डॉ. जयप्रकाश चौबे और डॉ. राहुल पांडे ने छात्राओं की आंखों की गहन जांच की तथा आवश्यक परामर्श के साथ दवाइयां और निःशुल्क चश्मे भी वितरित किए। दिन-भर चले इस शिविर में कुल 983 छात्राओं की नेत्र जांच की गई। जिनमें से 100 से अधिक छात्राओं को दृष्टिदोष पाए जाने पर चश्मे प्रदान किए गए।महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. पिंकी सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय,चित्रकूट द्वारा किया गया यह आयोजन अत्यंत सराहनीय एवं जनोपयोगी है। आज के युग में जब शिक्षा का अधिकांश कार्य डिजिटल माध्यमों से संपन्न हो रहा है, तब नेत्र संबंधी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। छात्राओं में दृष्टिदोष,आंखों की थकान और दृष्टि कमजोर होने की शिकायतें आम हो गई हैं। ऐसे में इस प्रकार के शिविर न केवल छात्राओं को त्वरित राहत प्रदान करते हैं,बल्कि उन्हें अपनी नेत्र-स्वास्थ्य के प्रति सजग और संवेदनशील भी बनाते हैं। शिविर के दौरान महाविद्यालय परिसर में उत्साह और सेवा भाव का वातावरण देखने को मिला। कार्यक्रम में महाविद्यालय के शिक्षण एवं गैर-शिक्षण कर्मचारी, छात्र-छात्राएं और स्वयंसेवक सक्रिय रूप से उपस्थित रहे। अंत में प्राचार्य डॉ. पिंकी सिंह ने संस्था की टीम को स्मृति चिन्ह भेंट कर आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार के सदस्य उप प्राचार्य डॉ.धीरज दीक्षित,डॉ.वीरेंद्र सिंह,डॉ.अजय गौर, डॉ.आराधना यादव,लल्लू यादव,राम राजपूत,नीलेश यादव,पूनम यादव,आरपी निरंजन,शारदा चौहान, यादवेन्द्र सिंह, पूजा सोनी, प्रीति अड़जरिया, जयप्रकाश सिंह, रामलला यादव, दीपक यादव, अरविंद नामदेव, बृजेन्द्र कुमार प्रजापति, अनुराग, लाली, छाया उपस्थित रही।

## पत्रकार महेश आर्य की माता जी के निधन पर शोक सभा

**मऊरानीपुर।** कांग्रेस जनों की शोक सभा बुंदेलखंड अध्यक्ष शिवनारायण सिंह परिहार की अध्यक्षता में हुई जिसमें पत्रकार महेश आर्य व प्रवक्ता लक्ष्मीकांत आर्य की माता जी देवका देवी के निधन पर शोक व्यक्त किया गया इस मौके पर मुकुट सिंह अशोक गुप्ता सुनील दुबे सुरेश नगाइच ब्रह्म प्रकाश सोनी हनीफ मलिक प्यारेलाल वेधडक जितेंद्र वर्मा सहित कई कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

कोरी समाज की शोकसभा पूर्व पालिकाध्यक्ष हरिशचंद्र आर्य की अध्यक्षता में आयोजित हुई जिसमें पत्रकार महेश आर्य व दमेले इंटर कॉलेज के प्रवक्ता लक्ष्मीकांत आर्य की माता जी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया गया इस मौके पर जगदीश वर्मा हरचरण चौकरया, पार्षद इंजीनियर जगदीश आर्य प्रेम बकना संतोष चकारया प्रभु खोइया मुन्ना माते राम प्रसाद बिरवईया के डी आर्य काशीराम मास्टर आदि समाज के लोग उपस्थित रहे ।

सांसद कार्यालय पर सांसद प्रतिनिधि जयशंकर देवलिया की अध्यक्षता में शोक सभा आयोजित हुई जिसमें पत्रकार महेश आर्य व लक्ष्मीकांत आर्य की माता जी के निधन पर शोक व्यक्त किया गया इस मौके पर अमित नायक दिनेश गौतम गौरव पाठक डब्बू सुधांशु अवस्थी कपिल कुशवाहा सुरेश अहिरवार सहित आदि लोग उपस्थित रहे

भाजपा कार्यकर्ताओं की शोकसभा नगर अध्यक्ष रोहित सोनी की अध्यक्षता में आयोजित हुई जिसमें पत्रकार महेश आर्य एवं लक्ष्मीकांत आर्य की माता जी के निधन पर शोक व्यक्त किया गया इस मौके पर मोहन पुरवार दिनेश राजपूत अखिलेश सेठ नरेंद्र दमेले कन्हैया लाल मोदी मनोज मिश्रा कैलाश राजपूत अर्जुन नायक राकेश सेठिया प्रतिपाल सिंह महेंद्र पाठक अनिल राज डॉक्टर रमेश श्रीवास सहित आदि उपस्थित रहे ।

## उपकरण तो नहीं, मगर आठ लाख रुपया कंपनी ने हड़पा

**झांसी।** साहब, बोतल बनाने वाली मशीन के नाम पर कंपनी मालिक ने आठ लाख से अधिक रुपया हड़प कर लिया है। कंपनी मालिक, उसे झूठे केस में फंसाने की धमकी दे रहा है। अगर उसे न्याय नहीं मिला तो वह आत्महत्या करने को मजबूर होगा। पीड़ित ने एसएसपी को दिए शिकायती पत्र के माध्यम से जांच की मांग की।

टोड़ीफतेहपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंडवाहा निवासी राम प्रसाद पटेल ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायती पत्र देते हुए बताया कि पीएमईजीपी उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा पंडवाहा जिसमें उसके द्वारा ब्लोईग (बोतल बनाने) हेतु मशीनरी उपकरण क्रय करना था। उसने मशीनरी क्रय करने हेतु कंपनी सुपर एस के पैकेजिंग प्लाट पूंठ खुर्द नीयर अपना घर आश्रम बवाना न्यू दिल्ली से कुटेशन प्राप्त किया। जिसमें मशीनरी की कुल कीमत आठ लाख दो हजार चार सौ रुपया थी जो बैंक शाखा यूपी ग्रामीण बैंक शाखा पंडवाहा द्वारा उपरोक्त धनराशि कंपनी के खाते में 30 जनवरी 2025 को भेज दी गई।

# अनदेखीः शवों को ले जाते है कीचड़ भरे रास्तों से











### शव यात्रा को ले जाना हो जाता है बहुत मुश्किल श्मशान घाट तक रोड बनवाने की ग्रामीणों ने की मांग

**समथर।** विकासखंड मोठ के ग्राम पंचायत बहादुरपुर के ग्राम पिरौना में श्मशान घाट तक सड़क न होने के कारण, खासकर बारिश के मौसम में, ग्रामीणों को अंतिम संस्कार के लिए शवों को कीचड़ भरे रास्तों से या खेतों से ले जाना पड़ता है, जिससे भारी परेशानी होती है जहां पक्की सड़क की कमी के कारण शव यात्रा को ले जाना बहुत मुश्किल हो जाता है और इस दौरान कई बार लोग फिसलकर गिर भी जाते हैं वहीं ग्रामीणों ने बताया कि मैं इसकी शिकायत कई बार जनप्रतिनिधियों व प्रशासन से की है मगर अभी तक शमशान घाट तक पक्का रोड नहीं बनवाया गया है। देखिए क्या कहा इस मामले में ग्रामीणों ने।

स्थानीय निवासी विनोद कुमार पाल समाजसेवी, श्मशान घाट तक सड़क न होने के कारण बरसात के मौसम में बड़ी परेशानियों का सामना देखना पड़ता है वही कई बार हम लोगों द्वारा जनप्रतिनिधियों से इस सड़क बनवाने की मांग की है। साहब सिंह पाल चौकीदार श्मशान घाट तक सड़क न होने के कारण कच्ची सड़क पर निकलना बहुत मुश्किल हो जाता है वही बारिश के महीने में निकालना तो बड़ा ही मुश्किल होता है सरकार से बा जनप्रतिनिधियों से हमारी मांग है की सड़क का जल्द से जल्द निर्माण कराया जाए। दीपू यादव, ग्राम से लेकर शमशान घाट तक पूरी तरह से सड़क पर गड्ढे हैं शमशान घाट तक रोड बनवाया जाए जिससे हम ग्राम वासियों की समस्याएं दूर हो सके।

## बेतवा व बड़वार नहर गुरसरांय में सफाई के नाम पर भारी अनियमितताएं

### सिंचाई विभाग के आला अधिकारी क्यों बने हैं बेखबर

**गुरसरांय।** बेतवा प्रखंड झांसी के तहत बेतवा उपखंड तृतीय गुरसरांय और मुख्य कैनाल गुरसरांय उधर बड़वार बांध से बेतवा विभाग से निकली नहर मे कई रजवाहा सहित उक्त दोनों नहर सिस्टम में यहाँ तैनात सहायक अभियंता से लेकर अवर अभियंता अपने-अपने कार्य क्षेत्र में नहीं रहते हैं और सरकार द्वारा नहरों की सफाई हेतु पिछले सत्र व चालू सत्र में सड़ाई हेतु आये बजट का मौके पर प्रदर्शन कर भारी हेराफेरी की जा रही हैं। और फर्जीवाड़ा भुगतान कर सरकारी खजाने को विभागीय अभियंताओं व ठेकेदारों की मिलीभगत से बंदरवाट हो रहा है इसका खामियाजा किसानों को भुगतना पड़ रहा है क्योंकि जब जरूरत पड़ती है तब पानी नहीं मिलता उधर रख रखाव सही न होने के चलते कई बार नहर टूटने से किसानों की बर्बादी होती है और विभाग के अधिशासी अभियंता से लेकर मुख्य अभियंता तक सब के सब चुप्पी साधे हुए हैं जिससे प्रदेश सरकार की छवि धूमिल भी हो रही है क्षेत्र के किसानों से लेकर जागरूक नागरिकों ने इस संबंध में जल्द कार्यवाही की मांग की है। बताते चले नहरों की सफाई को लेकर जुड़े रजवाहों और माइनरों की सफाई में खानापूर्ति हो रही है। सरकार की ओर से करोड़ों रुपये खर्च करके किसानों को सिंचाई के लिए नहर का पानी उपलब्ध कराने के लिए नहर व उससे जुड़े रजवाहों और माइनरों की सिल्ट सफाई का कार्य कराया जा रहा है। यह सिल्ट सफाई धरातल पर कम कागजों में ज्यादा हो रही है नहर व उससे जुड़े बंबों रजवाहों माइनरों में विभागीय तौर पर जेसीबी मशीन लगाकर सिल्ट खुदाई सफाई का काम चल रहा है। इन बंबों,रजवाहों में कहीं-कहीं घुटनों तक तो कहीं कमर के बराबर घास व सिल्ट जमा है। खोदकर सफाई करने के साथ ही सिल्ट बाहर फेंकी जाना चाहिए।लेकिन सिल्ट सफाई खुदाई के नाम पर सिर्फ मशीन को इन बंबों व रजवाहों में हल्की सिल्ट खुदाई की गई है जो न के बराबर है। इससे टेल क्षेत्र के किसानों तक पानी पहुंचने के लिए और भी समस्या रहेगी। यह स्थिति तब है जब नहरों की सिल्ट सफाई के मामले में प्रदेश सरकार गंभीर है ग्राम के किसानों का कहना है कि विभागीय तौर पर सिल्ट सफाई खुदाई कार्य बदतर है। नहरों की सफाई के नाम पर सिर्फ औपचारिकता हो रही है। सही ढंग से कीचड़,झाड़ियां बाहर नहीं निकाली जा रही हैं। जिस कारण टेल तक पानी पहुंचने की उम्मीद न के बराबर है। इस कारण किसान भी चिंतित हैं। पूर्व में जहां नहरों की सफाई मजदूर फावड़े से करते थे वहीं अब जेसीबी से साफ-सफाई कराने का प्रयास चल रहा है।इस कारण नहरों का पानी खेतों में पहुंचाना किसानों के लिए काफी कठिन हो जाएगा।साफ-सफाई के नाम पर जेसीबी से सिल्ट निकालकर नहर की पट्टी पर गिरायी जा रही है। इसकी ना तो घास साफ की गयी न ही झाड़-झंखाड़ हटाए गए। सफाई के नाम पर केवल कोलम पूरा किया जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि नहर से जलकुंभी व कचड़ा निकालने के नाम पर हो रही औपचारिकता के चलते उनके समक्ष बहुत समस्या खड़ी होगी। इसलिए प्रशासनिक अधिकारियों को जिम्मेदारी से जांच व कार्रवाई करनी चाहिए। उधर बेतवा उपखंड तृतीय गुरसरांय पूरे नहर सिस्टम से लेकर बड़वार नहर सिस्टम के जब कभी ठेकेदार से लेकर अन्य विभागीय लोगों से नहरों की सफाई का वर्क ऑर्डर व एस्टीमेट की और अधिकृत ठेकेदार का नाम आदि पूछने पर गोलमाल मीडिया को उत्तर देकर अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लेते है लग रहा है कि विभागीय अधिकारी से लेकर शासन स्तर से भी कही न कही मॉनिटरिंग से लेकर व्यवस्था बनाए जाने के लिए नियमों में अनदेखी की जा रही है।

## संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का पंचम दिवस आयोजन

**बरुआसागर।** नगर के मध्य गुलाब बाग धाम में महिला धर्म समिति द्वारा कराई जा रही श्रीमद् भागवत कथा के पंचम दिवस कथा व्यास युवराज पंडित नितिन कृष्ण महाराज ने कथा सुनाते हुए भगवान की बाल लीलाओं का वर्णन किया जो कृष्णा अंतर्यामी हैं वो गोकुल में पूतना का उद्धार करते हैं एवं शकटासुर को मुक्ति प्रदान करते हैं ।भगवान अपने बाल सखाओं के साथ माखन चोरी लीला भी करते हैं मक्खन यानी कोमल मन को ही चुरा लेते हैं एवं समभाव का संदेश देते हैं भगवान की गोचारण लीला का दर्शन करते हैं कि गोपाष्टमी को श्री कृष्ण गायों का पूजन करके जंगल में लेकर जाते हैं वहां एक लीला ब्रह्मा जी का मान मर्दन करते हैं जिन ब्रह्मा ने भगवान की परीक्षा लेनी चाही उन्होंने भगवान की गाय, बछड़े एवं ग्वालों को अपनी माया शक्ति से मोहित करके योग निद्रा में सुलाकर ब्रह्मलोक में ले जाकर सुला दिया एक वर्ष बाद जब पुनः देखने आए तो आश्चर्य में पड़ गए कि जो गाय बछड़े एवं ग्वाल ब्रह्मलोक में सोए थे वो वृंदावन में श्री कृष्ण के साथ बाल लीला कर रहे हैं तब ब्रह्मा जी ने भगवान से क्षमा मांगी । भगवान ने क्षमा कर दिया इसके बाद गोवर्धन की महिमा बताते हुए कहा कि गोवर्धन साक्षात ब्रह्म रूप है जो गोवर्धन की परिक्रमा एवं पूजन करेगा उसकी सभी मनोकामनाएं पूर्ण होगी कथा के यजमान चिंटू साहू कमला देवी अंकित संतोषी योगी सुनील राय अंजना राय सुनीता अग्रवाल उषा अग्रवाल आदि रही।

## मिशन शक्ति के तहत थाना पुलिस ने किया जागरूक

**बरुआसागर।** बरुआसागर एंटी रोमियो टीम एंव मिशन शक्ति टीम थाना-बरुआसागर जिला झांसी , मिशन शक्ति प्रभारी उप निरीक्षक दीपक कुमार ,महिला कांस्टेबल उर्मिला प्रजापति ,महिला ,कांस्टेबल नवनीत द्वारा मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे अभियान एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक झांसी के दिशा निर्देशन में मिशन शक्ति अभियान के तहत मोहल्ला कटरा कस्बा व थाना बरुआसागर में ग्राम चौपाल लगाकर उपस्थित महिलाओं एवं बालिकाओं को सरकार द्वारा चलाए जा रहे हेल्पलाइन नंबर जैसे112/1090/1076/1098/108/102/1930/181 आदि के बारे में विधिवत एवम् विस्तृत जानकारी दी गई थाना बरुआसागर टीम द्वारा सरकार द्वारा चलाए जा रहे अभियान मिशन शक्ति के तहत विभिन्न योजनाएं जैसे मुख्यमंत्री आवास योजना, वृद्ध पेंशन योजना, सुकन्या योजना उज्ज्वला योजना आदि योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई । छात्राओं व महिलाओ को जागरूक करते हुए साइबर अपराध एवम् साइबर सुरक्षा के बारे में भी बताया गया बरुआसागर एंटी रोमियो टीम एवं मिशन शक्ति टीम द्वारा संदिग्ध लोगों से पूछताछ की गई।

## जवाहर नवोदय विद्यालय बरुआसागर में लगाई गई यातायात की पाठशाला




**बरुआसागर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक झांसी बीबीजीटीएस मूर्ति के दिशा निर्देशन में लगातार यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक किया जा रहा है इसी क्रम में यातायात 2025 के अंतर्गत आज बरुआसागर झांसी स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय में टी एस आई शशिकांत यादव के मुख्य आतिथ्य में यातायात की पाठशाला लगाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य वीरेंद्र कुशवाहा ने की विशिष्ट अतिथि के रूप में , एस एच ओ बरुआसागर राहुल राठौर, एस आई सुरेंद्र सिंह, प्रभाकर कैथवास ,योगेंद्र कुमार शर्मा उपस्थित रहे, कार्यक्रम का संयोजन ट्रैफिक चीफ वार्डन प्रगति शर्मा द्वारा किया गया।

यातायात की पाठशाला में मुख्य अतिथि द्वारा बच्चों को यातायात के नियमों की बारीकी से जानकारी दी गई सड़कों पर लगे हुए यातायात संकेतों के विषय में भी समझाया और कहा कि आप सभी बच्चे अपने परिवार, पड़ोस ,मित्र मंडली में जाकर यातायात के नियमों के बारे में बताएं व नियम पालन करवाने के लिए प्रेरित भी करें, विद्यालय के बच्चों द्वारा यातायात से संबंधित सवालों के जवाब अतिथियों द्वारा दिए गए ।कार्यक्रम में मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 के अंतर्गत ट्रैफिक वार्डन दीपशिखा शर्मा द्वारा छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाए गए, एवं प्रगति शर्मा द्वारा विभिन्न महिला हेल्पलाइन नंबरों की विस्तार से जानकारी दी गई, पाठशाला में टी एस आई द्वारा इंटरसेप्टर बाइक की जानकारी छात्र-छात्राओं को दी । कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम संयोजिका प्रगति शर्मा द्वारा आए हुए अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका स्वागत अभिनंदन किया गया।कार्यक्रम में ट्रैफिक चीफ वार्डन प्रगति शर्मा द्वारा विद्यालय के टॉपर्स विद्यार्थी जय शिखा पटेल, वीर प्रताप सिंह, सानिया ,सोनम देवी, शिवानी यादव ,एवं देवांश गुप्ता को मंचासीन अतिथियों द्वारा मेडल पहनवाकर सम्मानित करवाया। उक्त अवसर पर ट्रैफिक वार्डन दीपशिखा शर्मा, विद्यालय से प्रवक्ता ललिता, रवि, कृष्ण मोहन,आशुतोष, नदीम, शोभित, अजय, सुषमा, आरती, शशि, उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन प्रवक्ता सुधीर गुप्ता ने एवं आभार विद्यालय के प्राचार्य वीरेंद्र सिंह कुशवाहा में व्यक्त किया।

## बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया भैरव अष्टमी का पर्व




**समथर।** कस्बे में बुधवार को बड़े ही हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ भैरव अष्टमी का पर्व मनाया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं द्वारा भैरव बाबा के मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना की गई। सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ मंदिर में दर्शन के लिए उमड़ पड़ी। महिलाओं ने घरों में भैरव बाबा की पूजा कर प्रसाद वितरित किया। पूरे नगर में भक्ति और आस्था का माहौल देखने को मिला शाम के समय भजन संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय कलाकारों एवं भक्तों ने भैरव बाबा की महिमा का गुणगान करते हुए भक्ति गीत प्रस्तुत किए। 卐जय भैरव बाबा की, भैरव बाबा आएंगे, दुख हर जाएंगे जैसे भजनों से पूरा माहौल भक्तिमय हो उठा। कार्यक्रम के दौरान भक्तों ने दीप प्रज्वलित कर भैरव बाबा से सुख-समृद्धि की कामना की।

कार्यक्रम में नगर के गणमान्य नागरिकों, युवा मंडलों और महिला श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। आयोजन समिति द्वारा श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण और भंडारे की व्यवस्था की गई। मंदिर परिसर को रंग-बिरंगी झालरों, फूलों और दीयों से सजाया गया, जिससे पूरा वातावरण दिव्य और मनमोहक दिखाई दे रहा था भैरव अष्टमी के इस पावन अवसर पर समथर कस्बे में आस्था, भक्ति और सामाजिक एकता का अद्भुत संगम देखने को मिला श्रद्धालुओं ने भैरव बाबा से अपने परिवार और नगर की खुशहाली की कामना की।


कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड (भवन), लोक निर्माण विभाग, झांसी

पत्रांकः– 2160/निविदा–प्रकाशन/2025–26 दिनांकः– 06/11/2025

ई– निविदा सूचना (द्वितीय आमंत्रण)

1. महामहिम राज्यपाल उ०प्र० की ओर से उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग A,B,C एवं D श्रेणी के भवन कार्यो हेतु पात्र पंजीकृत निविदादाताओं से ई–टेण्डरिंग एवं प्रहरी पोर्टल के माध्यम से नीचे दर्शाये गये कार्यों हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है :–

2.

| क्र०सं० | जनपद का नाम | कार्य का नाम | लागत (लाख रु० में) | धरोहर धनराशि (लाख रू0 मे) | निविदा प्रपत्र का मूल्य सभी करों सहित | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सहित) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | झाँसी | जनपद झाँसी के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय मोंठ मे टायलीकरण एवं उच्चीकृत हॉस्टल में इण्टरलॉकिंग टाईल्स लगाने का कार्य। | 17.70 | 1.77 | रू0 500.00 + रू0 300.00 + जी0एस0टी0 | 3 माह |

3. बिड डाक्यूमेन्ट बेबसाइट http:/etender.up.nic.in पर दिनांक 15.11.2025 से 25.11.2025 तक उपलब्ध है जो कि दिनांक 25.11.2025 को समय 12:00 पी0एम0 तक अपलोड किये जा सकते हैं। इसकी तकनीकी बिड दिनांक 25.11.2025 को समय 12:30 पी0एम0 बजे खोली जायेगी।

4. बिल आफ क्वान्टिटी में लगाई गयी दरें सभी करो को जोड़ते हुये तथा जी0एस0टी0 करों को छोड़ते हुये लगायी गयी है।

(इं0 दीपांकर चौधरी)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड (भवन), लो0नि0वि0, झांसी

संपादकीय

# वारेन बफेट ने बताए, सामाजिक और आर्थिक प्रगति के 5 मंत्र

## मृत्यु के बाद तक लोग याद रखें

बर्कशायर हेथवे कंपनी के चेयरमैन वारेन बुफेट दुनिया के सबसे बड़े निवेशक हैं। शेयर बाजार में उन्हें बाइबल की तरह पढ़ा जाता है। 93 वर्ष की उम्र में वह अपनी कंपनी के अध्यक्ष पद से विदाई ले रहे हैं। इस अवसर पर उन्होंने अपने शेयरधारकों को एक भावभीना पत्र लिखा है। जिसमें उन्होंने 5 ऐसे मंत्र बताए हैं, जिनके सहारे उन्होंने दुनिया में शेयर बाजार के कारोबार में भारी धन कमाया। वह धन को प्राथमिकता नहीं देते हैं। उनका कहना है, बुद्धिमत्ता और विश्वास के साथ उन्होंने संपूर्ण जीवन को जिया और निवेश किया है। उन्होंने इंसानियत को हमेशा सर्वोच्चता पर रखा है। उन्होंने पिछले माहों में करीब 3.4 लाख करोड रुपए के शेयर बेचकर नगदी के रूप में धन को रखा है। जिस तरह के हालात वे देख रहे हैं, उसे देखते हुए उन्होंने अपने शेयर बेचकर नगदी के रूप में धन जमा किया। उनके इस कदम को सारी दुनिया के कारोबारी आश्चर्य के रूप में देख रहे हैं। उन्होंने सेवानिवृत्ति के अवसर पर आर्थिक और सामाजिक सफलता के लिए पांच मंत्रों का उल्लेख किया है। पहले मंत्र में उन्होंने कहा, फैसला गलत हो जाने पर कभी अपने आप को दोष मत दो। उनसे सबक सीखो और आगे बढ़ो। हर गलती एक सबक होती है, हार नहीं होती है। उन्होंने दूसरा मंत्र बताया, सही हीरो चुनो, उसके बताए हुए रास्ते पर चलने की कोशिश करो। जीवन में सही आदर्श चुनना और उसको फॉलो करना ही आपको आदर्श और बेहतर जिंदगी की ओर ले जा सकता है। बफ़ेट ने जिन्हें फॉलो किया था, उनमें उन्होंने मेंटर टॉम मर्फी को सबसे बेहतर इंसान बताया। सफलता के तीसरे सूत्र में उन्होंने कहा, की महानता, धन-ताकत और प्रसिद्धि से नहीं आती है। जब आप किसी की मदद करते हैं, आप दुनिया की मदद कर रहे होते हैं। जीवन की असली सफलता दूसरों की भलाई करने में है। सिर्फ मुनाफा कमाने से आप बड़े और महान नहीं बन सकते हैं। दयालुता की कोई कीमत नहीं होती है। दयालुता अनमोल रत्न है। बफेट ने अल्फ्रेड नोबेल की कहानी का उल्लेख करते हुए कहा, अगर आज तुम्हारी मृत्यु हो जाए। मृत्यु की सूचना पर आपके बारे में क्या लिखा जाएगा, ऐसा जीवन जीना चाहिए। जो उस सूचना और लिखे गए लेख को सही साबित करे। बफेट ने कहा कि पांचवा मंत्र है, सबके साथ बराबरी से पेश आओ। कोई भी व्यक्ति छोटा बड़ा नहीं होता है। सफाई करने वाला कर्मचारी भी इंसान है। वह भी अध्यक्ष की तरह सोचता है, और काम करता है। आपकी सफलता में ऐसे लोगों का सबसे बड़ा हाथ होता है। निवेश में धैर्य की जरूरत होती है। जीवन में ईमानदारी और सफलता ही सबसे बड़ी पूंजी मानी जाती है। विनम्रता से बड़ी कोई पूंजी नहीं होती है। जब आप बड़े आदमी होते हैं और विनम्र रहते हैं तभी आप जमीन से जुड़े हुए महान व्यक्ति के रूप में याद किए जाते हैं।

वर्तमान में सारी दुनिया महंगाई, बेरोजगारी और आर्थिक मंदी की ओर आगे बढ़ रही है। शेयर बाजार में उन्होंने लाखों करोड़ों रुपए कमाए, सारी दुनिया उनको फॉलो करती थी, लेकिन वर्तमान समय में उन्होंने अपने शेयर बेचकर नगदी धन जमा करना शुरू कर दिया है। वारेन बफेट के अनुसार शेयर बाजार अपने सबसे बुरे दौर में जाने वाला है, जिसके पास नगद राशि रहेगी वही अपने धन को बचा पाएगा। शेयर बाजार में निवेश अब सुरक्षित नहीं रहा। वैश्विक व्यापार संधि के बाद जिस तरह से दुनिया के देशों में कर्ज की बयार बही उसने सभी सरकारों, उद्योगपतियों, कारोबारियों और आम आदमियों को कर्ज के जाल में फंसा दिया है। पिछले 20 वर्षों में आर्थिक प्रगति कर्ज के आधार पर हुई है। अब यह कर्ज चुका पाने की स्थिति गड़बड़ा रही है। शेयर बाजार को पिछले 20 वर्षों में जिस तरह से कृत्रिम तरीके से बढ़ाया गया है, उसके कारण अब शेयर बाजार ही अर्थव्यवस्था के लिए सबसे बड़ा जोखिम है। 93 वर्ष की उम्र में जब उनकी कंपनी की नेटवर्क 13 लाख करोड रुपए की है उसे वह छोड़ने जा रहे हैं। उनका जीवन, उनका परिवार, दोस्त सादगी भरा जीवन और समय-समय पर उनके द्वारा जो दान किए गए हैं उसकी प्रशंसा सारी दुनिया में होती है। अर्थ जगत में वह सबसे प्रतिष्ठित और भरोसेमंद व्यक्ति के रूप में जाने जाते हैं। उनके कंपनी के निवेशक उनके ऊपर आंख मूंच कर भरोसा करते रहे हैं। उन्होंने अपने निवेशकों का कभी विश्वास नहीं तोड़ा। उन्होंने 12000 करोड रुपए के 1800 शेयर्स दान में देने की घोषणा की। पैसे से पैसा कमाने वाले वारेन बफेट अपनी सादगी के लिए सारी दुनिया में जाने जाते हैं। वह उतना ही खर्च करते हैं जितना खर्च करने से उनका जीवन चल सके। उन्होंने कभी फिजूलखर्ची नहीं की। कर्ज की इकोनॉमी से हमेशा दूर रहे और उन्होंने अपना निवेश सोच समझकर लंबे समय तक के लिए उन कंपनियों में किया जो मुनाफा देने में सक्षम थी। इतने लंबे दौर में उन्होंने कभी असफलता का मुहं नहीं देखा। हर सुख-दुख में वह अपने देश, समाज और दोस्तों के लिए हमेशा तत्पर रहे। दुनिया का इतना बड़ा निवेशक अपनी सादगी के लिए सारी दुनिया में जाना जाता है। शेयर बाजार के निवेश में हमेशा सफल निवेशक के रूप में वारेन बफेट की पहचान है, यही उनकी सफलता का सबसे बड़ा राज है।

-सनत जैन

राज काज

## लाल किले का धमाका और बिहार चुनाव

बिहार विधानसभा के दूसरे चरण का मतदान 11 नवंबर को होने जा रहा है। 10 नवंबर की शाम 7 बजे लाल किले के पास कार में बम विस्फोट हो गया। आठ गाड़ियां बुरी तरह से जल गई, एक मौत हो गई,कई घायल हो गए। इसके बाद दिल्ली को संवेदनशील क्षेत्र घोषित कर दिया गया है। धरना- प्रदर्शन, आंदोलन सभी बंद रहेंगे। वोट चोरी और प्रदूषण को लेकर दिल्ली में आंदोलन की जो बाढ़ आ गई थी। इस बम धमाके के बाद वह थम जाएगी। बिहार चुनाव में जो फायदा मिलना होगा वह भी मिल जाएगा। शीतकालीन सत्र को भी अच्छे से मैनेज किया जा सकेगा। राजनीतिक दल भी कोई प्रदर्शन या रैली नहीं कर पाएंगे। इसे कहते हैं, सरकार चलाना। सरकार चलाना कोई आसान काम नहीं है। इसमें साम दाम दंड भेद का उपयोग करना आना चाहिए। वर्तमान सरकार को सरकार चलाना अच्छे से आता है।

## वेज थाली 17 फ़ीसदी सस्ती?

सरकार आंकड़ों के आधार पर महंगाई को नियंत्रित करती है। कागजों पर आंकड़ों के आधार पर रोजगार और नौकरी दे दी जाती है। वर्तमान सरकार ने पिछले 11 वर्षों के शासनकाल में आंकड़ों के जरिए सारी चीजों पर नियंत्रण करने की जो नई कला भारत के नागरिकों को दिखाई है। वह सभी को चमकृत कर रही है। सरकार ने दावा किया है, घरेलू वेज थली अक्टूबर माह में 17 फ़ीसदी सस्ती हो गई है। आलू प्याज और टमाटर के दाम घट गए हैं। आम आदमी को इसका लाभ मिल नहीं रहा है। आलू प्याज टमाटर के दाम थोड़े सस्ते हुए हैं। तो दूसरी चीजों के रेट काफी बढ़ गए हैं। ऐसा ही सरकार ने जीएसटी के मामले में दावा किया था। वह दावा कागजों में ही रह गया। वास्तविकता यह है, पहले से ज्यादा स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम, जीएसटी खत्म हो जाने के बाद लग रहा है। सरकार आंकड़ों के जरिए जो चाहे वह बता सकती है। सरकार की यह कला अब आम आदमी समझ गया है। बेचारा कर भी क्या सकता है।

# दया के रंग से जीवन की कहानी को दें नया साज़



दिलीप कुमार पाठक

दया देने की आदत है, दूसरों का बोझ हल्का करने की इच्छा, या बस एक मददगार हाथ या रोने के लिए कंधा देने की इच्छा। यह हमें मानवीय बनाती है। यह हमें आध्यात्मिक रूप से ऊपर उठाती है। और यह हमारे लिए अच्छा है। -मदर टेरेसा

साल भर में कई जागरूकता दिवस, सप्ताह और महीने होते हैं, लेकिन इस नवंबर में मेरे लिए सबसे ख़ास है, क्योंकि 13 नवंबर को विश्व दयालुता दिवस मनाया जाता है, इस अंतरराष्ट्रीय उत्सव का लक्ष्य सरल है। जिसमें ऐसी दुनिया की कल्पना को साकार करना है जहां हम सभी के लिए दयावान बनें। दयालुता को अपवाद के बजाय मानक बनाना, इस उत्सव में अक्सर दयालुता के कुछ अनोखे कार्य करने के लिए समय निकालना, उसे आगे बढ़ाने के नए तरीके खोजना और व्यक्तियों को उन कार्यों से जोड़ना होता है जिनके लिए उनकी उदारता की आवश्यकता होती है। विश्व दयालुता दिवस एक ऐसा समय है, जब हम रुककर याद करते हैं कि दयालुता व्यक्तियों और समुदायों के जीवन को समान रूप से स्वस्थ और रूपांतरित कर सकती है। जैसा कि कहा जाता है, ऐसी दुनिया में जहाँ आप कुछ भी हो सकते हैं, दयालु बनें।

विश्व दयालुता दिवस की शुरुआत साल 1998 में वर्ल्ड काइंडनेस मूवमेंट संगठन द्वारा की गई थी, जिसकी स्थापना 1997 के टोक्यो सम्मेलन में दुनिया भर के दयालु संगठनों द्वारा की गई थी। यह कनाडा, जापान, ऑस्ट्रेलिया, नाइजीरिया और संयुक्त अरब अमीरात सहित कई देशों में मनाया जाता है। 2009 में, सिंगापुर ने पहली बार यह दिन मनाया इटली और भारत ने भी यह दिन मनाया। ब्रिटेन में विश्व दयालुता दिवस की

### विश्व दयालुता दिवस

सह-स्थापना 2010 में हुई, जब दया-संगठन के संस्थापक डेविड जेमिली ने माइकल लॉयड-व्हाइट के अनुरोध पर इस पहल को आगे बढ़ाया। माइकल ने न्यू साउथ वेल्स फेडरेशन ऑफ़ पैरेंट्स एंड सिटिज़न्स एसोसिएशन को पत्र लिखकर एनएसडब्ल्यू शिक्षा मंत्री से इस दिन को स्कूल कैलेंडर में शामिल करने को कहा। इस सहयोग से ब्रिटेन में दया दिवस को आधिकारिक मान्यता मिली और हर साल 13?नवंबर को मनाया जाने लगा। साथ ही यूनेस्को की एक संस्था, यूनेस्को-एमजीआईईपी, विश्व दयालुता दिवस को बढ़ावा देने में सक्रिय रही है, खासकर युवाओं को सामाजिक-भावनात्मक शिक्षा के माध्यम से दयालुता और सहानुभूति के लिए प्रशिक्षित करने पर ध्यान केंद्रित करके काम कर रही है। इस दिन, प्रतिभागी, व्यक्तिगत रूप से या संगठनों के रूप में, अच्छे कार्यों का जश्न मनाकर, उन्हें बढ़ावा देकर और दयालुता के कार्यों का संकल्प लेकर दुनिया को एक बेहतर जगह बनाने का प्रयास करते हैं। दुर्भाग्य से, हम एक ऐसी दुनिया में रहते हैं जो तनाव, मानसिक स्वास्थ्य और मादक द्रव्यों के सेवन के प्रति कलंक, हिंसा और ढेर सारे दुखों से ग्रस्त है। विश्व दयालुता दिवस वर्ष में एक ऐसा दिन है जब व्यक्ति दयालुता का अभ्यास करने और दूसरों के लिए अच्छे कार्यों का प्रसार करने के लिए अपनी क्षमता से आगे बढ़ सकते हैं। अपने शब्दों और व्यवहार के माध्यम से जानबूझकर दयालुता का अभ्यास करना आपकी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बन सकता है। हमें अपने आचरण से अपनी अगली पीढ़ी को दयालु बनने की शिक्षा देनी चाहिए। शोध से पता चला है कि दयालुता मनोवैज्ञानिक और आध्यात्मिक, दोनों स्तरों पर खुशी और संतुष्टि से गहराई से जुड़ी हुई है। दयालुता कृतज्ञता, करुणा, सहानुभूति और आपसी जुड़ाव को बढ़ावा देती है। दूसरों के प्रति दयालु होने से, दूसरों को भी दयालुता का बदला चुकाने के लिए प्रोत्साहित किया जा सकता है। दयालुता का अभ्यास करने से दोस्ती और रिश्ते भी मज़बूत होते हैं, और आपके अपने सौभाग्य के प्रति जागरूकता बढ़ सकती है। शोधकर्ता बारबरा फ्रेडरिकसन के अनुसार, दयालुता तनाव को कम करने, हमारी प्रतिरक्षा प्रणाली को मज़बूत करने और क्रोध, चिंता व अवसाद जैसी नकारात्मक भावनाओं को कम करने में भी मदद करती है। दयालुता का मतलब यह नहीं है कि आपको पैसे खर्च करने पड़ें या मदद के लिए अपनी सीमा से बाहर जाना पड़े। दयालुता उन छोटे-छोटे कामों से भी हो सकती है जिनसे आप बिना समय निकाले दूसरों का बोझ हल्का कर सकें। ट्रैफ़िक में किसी को अपने आगे आने की अनुमति देना। बस, ट्रेन आदि पर बुजुर्गों, महिलाओ, बच्चों के लिए जगह छोड़ना, पड़ोसी से बात करने के लिए समय निकालना। अजनबियों और पड़ोसियों दोनों को नमस्ते कहना कृपया÷ और धन्यवाद कहना। आसपास कूड़ा न फैलाना। किसी के लिए दरवाज़ा खुला रखना। किसी मित्र या अजनबी की अच्छी आदतों की प्रशंसा करना। अनावश्यक कपड़े और घरेलू सामान मुस्कुराते हुए दान करना। अपनी किराने का सामान खुद पैक करना। अपने समुदाय में किसी पशु आश्रय, नर्सिंग होम या इसी तरह के संगठन में स्वयंसेवा करें। किसी स्थानीय चैरिटी को दान देकर खुद एवं और लोगों को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है, इस खास दिन हम संकल्प लें कि इस दुनिया को हम और भी सुन्दर, दयावान एवं करुणामयी बनाएंगे।

# बिहारः चुनाव बाद सर्वेक्षण में राजग सरकार

सुरेश हिन्दुस्तानी

बिहार में विधानसभा चुनाव के लिए मतदान की प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है। अब सभी राजनीतिक दलों को गुरुवार को होने वाली मतगणना की प्रतीक्षा है। मतदान के बाद जितने भी आंकलन हुए हैं, उनके अनुसार बिहार में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सरकार बनने जा रही है। हालांकि इन सर्वेक्षणों में कितनी सच्चाई है, यह दो दिन में पता चल जाएगा, लेकिन इस तथ्य को नकारा नहीं जा सकता कि सारे आंकलन केवल वातानुकूलित कमरों में बैठकर की गई कार्यवाही मात्र नहीं जा सकती। राष्ट्रीय जनता दल की ओर से अभी भी यह दावा किया जा रहा है कि मतदान के बाद हुए सर्वेक्षण पूरी तरह से गलत हैं। यह सर्वेक्षण गलत हो भी सकते हैं, क्योंकि ऐसा पहले भी हो चुका है। पिछले लोकसभा चुनाव में यह मतदान बाद का सर्वेक्षण गलत साबित हो चुका है। इसलिए यह मानकर चलना ही चाहिए कि सर्वेक्षण गलत भी हो सकते हैं। बिहार की राजनीतिक स्थिति का आंकलन किया जाए तो यह भी एक निहितार्थ निकलता है कि राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी को उनके अपनों ने ही अवरोधक बनने का पूरा प्रयास किया। दूसरी बड़ी बात यह है कि तेजस्वी विरासत के आधार पर नेता बने हैं। इसी विरासत पर उनके भाई तेजप्रताप भी दावा करते हुए अलग राह पर चले गए। यही राह तेजस्वी की रास्ते का सबसे बड़ा अवरोधक बनते दिखाई दे रही है। इसे कतई नजरअंदाज नहीं किया जा सकता कि तेजप्रताप को खड़ा करने के लिए अंदर की राजनीति ही काम कर रही है। राजद में जो नेता तेजस्वी को नापसंद करते थे वे स्वाभाविक रूप से तेजप्रताप के पाले में खड़े हो गए। इसमें खास तथ्य यह भी है कि कई लोग खुलकर साथ थे तो कई राजनेता अंदर ही अंदर तेजस्वी की जड़ को काट रहे थे। दूसरी बात यह भी है कि तेजस्वी और तेजप्रताप के व्यवहार में भी जमीन आसमान का अंतर दिखाई देता है। बिहार के मतदाताओं में शायद यही संदेश गया होगा कि तेजस्वी ने तेजप्रताप के साथ अन्याय किया है। इसी अन्याय शब्द के माध्यम से अगर सहानुभूति पैदा हुई होगी तो उसका राजनीतिक लाभ तेजप्रताप को ही मिला होगा। राष्ट्रीय जनता दल की सबसे बड़ी कमजोरी यह भी मानी जा सकती है कि लोकतांत्रिक चुनाव में क्या केवल लालू प्रसाद यादव का परिवार ही राजद का उत्तराधिकारी हो सकता है। क्योंकि लालू यादव के दोनों ही पुत्र अपने आपको खानदानी विरासत का उत्तराधिकारी मानने का दावा कर रहे हैं। हम यह जानते ही होंगे कि दो की लड़ाई में हमेशा तीसरे का ही फायदा होता है। इसलिए यह भी कहा जा सकता है कि राजद नेताओं की आपसी लड़ाई का लाभ भी दूसरे राजनीतिक दलों को ही हुआ होगा। इसलिए चुनाव बाद के सर्वेक्षण में जो दिखाया गया है, वह इसलिए भी सही साबित हो सकता है, क्योंकि विपक्ष के वोट विभाजित हो गए।

सुविचार

किसी मनुष्य का स्वभाव ही उसे विश्वसनीय बनाता है, न कि उसकी सम्पति. -अरस्तु

प्रसंग

## सबसे बड़ा धर्म

ही रे-जवाहरात के एक बड़े व्यापारी थे- देवीदीन। व्यापार में वह किसी प्रकार की अनीति नहीं करते थे। वह दूसरे व्यापारियों के हितों का भी ध्यान रखते थे। एक बार उन्होंने किसी व्यापारी से जवाहरातों का सौदा किया। भाव तय हो गया और यह भी निर्धारित हो गया कि अमुक समय के भीतर वह व्यापारी देवीदीन को जवाहरात दे देगा। दस्तावेज पर दोनों पार्टियों के हस्ताक्षर हो गए। संयोग से इस अवधि में जवाहरातों का भाव बढ़ गया। इस भाव पर यदि वह माल देता तो उसे भारी हानि हो जाने की आशंका थी। बेचारा व्यापारी संकट में पड़ गया, पर उसे अपना वचन तो निभाना ही था। देवीदीन को मूल्य बढ़ जाने की बात मालूम हुई तो वह उस व्यापारी की दुकान पर गए। देवीदीन कुछ कहें, उससे पहले ही व्यापारी ने कहा, सेठ जी, विश्वास रखिए, मैं अपने वादे को हर हाल में पूरा कर दूंगा। आप चिंता न करें। देवीदीन ने कहा, मैं जानता हूं कि आप अपने वादे को हर हालत में पूरा कर देंगे, लेकिन मैं यह भी जानता हूं कि आप बेहद चिंतित हैं। देखिए, हमारी चिंता का मुख्य कारण वह दस्तावेज है, जिस पर हमारे हस्ताक्षर हैं। यदि दस्तावेज को नष्ट कर दिया जाए तो चिंता का अपने आप अंत हो जाएगा। व्यापारी ने कहा, नहीं, नहीं, सेठ जी ऐसा करने की जरूरत नहीं है, मुझे केवल दो दिन का समय दीजिए। पर देवीदीन ने दस्तावेज निकाला और उसे टुकड़े-टुकड़े करके फेंकते हुए बोले, यह करार हमारे हाथ-पैर बांधता था। इस सौदे में भाव बढ़ जाने से मेरे साठ-सत्तर हजार रुपये आपकी ओर निकलते है। आपकी स्थिति मैं जानता हूं।

जरा हटके

## ब्लड ग्रुप भी पेट के कैंसर के जोखिम को कर सकता है प्रभावित

**वाशिंगटन, ईएमएस।** किसी व्यक्ति का ब्लड ग्रुप भी पेट के कैंसर के जोखिम को प्रभावित कर सकता है। एशिया और पूर्वी यूरोप में किए गए अध्ययनों में यह बात सामने आई है कि कुछ ब्लड ग्रुप वाले लोगों में पेट का कैंसर बीमारी का खतरा अन्य की तुलना में अधिक पाया गया है। हर व्यक्ति का ब्लड ग्रुप उसके माता-पिता से विरासत में मिलता है, जो जीन के माध्यम से निर्धारित होता है। प्रमुख चार प्रकार के ब्लड ग्रुप ए, बी, एबीऔर ओ लाल रक्त कोशिकाओं की सतह पर मौजूद एंटीजन और शर्करा अणुओं से बनते हैं। इनके साथ आरएस फैक्टर (प्लस या माइनस) भी जुड़ा होता है, जो ब्लड ग्रुप की सटीक पहचान तय करता है। अध्ययनों में पाया गया है कि ब्लड ग्रुप ए और एबी वाले लोगों में पेट के कैंसर का खतरा अन्य ग्रुप वालों से कहीं अधिक है। शोधकर्ताओं ने कैंसर रोगियों और स्वस्थ व्यक्तियों के ब्लड ग्रुप की तुलना की, जिसमें यह स्पष्ट हुआ कि ब्लड ग्रुप ए और एबी वालों में यह जोखिम बढ़ा हुआ है, जबकि ओ ब्लड ग्रुप वालों में सबसे कम पाया गया। ब्लड ग्रुप बी वालों में खतरा अपेक्षाकृत मध्यम स्तर पर देखा गया। वैज्ञानिकों का मानना है कि इस अंतर के पीछे कई जैविक कारण हैं। सबसे प्रमुख कारण हेलिकोबैक्टर पाइलोरी (एच. पाइलोरी) नामक बैक्टीरिया है, जो पेट के कैंसर का सबसे बड़ा ज्ञात जोखिम कारक माना जाता है। ब्लड ग्रुप ए वाले लोगों की पेट की आंतरिक परत पर मौजूद एंटीजन इस बैक्टीरिया के लिए एक चिपकने वाला आधार तैयार करते हैं। इससे बैक्टीरिया पेट की दीवारों पर आसानी से जम जाता है और संक्रमण फैलाता है, जो धीरे-धीरे सूजन और अंततः कैंसर का रूप ले सकता है।

फोटो ऑफ द डे



ब्राजील में संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण परिवर्तन को लेकर हो रही एक कांफ्रेंस में प्रदर्शन कर रहे लोगों को हटाते हुए एक सुरक्षाकर्मी।

व्यंग्य

# फुर्सत के रास्ते

गिरीश बिल्लोरे मुकुल

आपको नहीं लगता कि जो लोग फुर्सत में रहने के आदि हैं वे परम पिता परमेश्वर का सान्निध्य सहज ही पाए हुए होते हैं। ईश्वर से साक्षात्कार के लिए चाहिए तपस्या जैसी क्रिया उसके लिए ज़रूरी है, वक्त आज किसके पास है वक्त? पूरा समय प्रातः जागने से सोने तक जीवन भर हमारा दिमाग, शरीर और दिल जाने किस गुन्ताड़े में बिजी होता है। परमपिता परमेश्वर से साक्षात्कार का समय किसके पास है...? लेकिन कुछ लोगों के पास समय विपुल मात्रा में उपलब्ध होता है समाधिस्थ होने का। इसके लिए आपको एक पौराणिक कथा सुनाता हूँ ध्यान से सुनिए... एकदा -नहीं वन्स अपान अ टाइम... न ऐसे भी नहीं हाँ ऐसे... कुछ दिनों की बात है नए युग के सूत जी वन में अपने सद शिष्यों को जीवन के सार से परिचित करा रहे थे नेट पर विकी पेडिया से सर्चित पाठ्य सामग्री के संदर्भों सहित जानकारी दे रहे थे, सो हुआ यों कि शौनकादि मुनियों ने कहा, हे ऋषिवर, इस कलयुग में का सारभूत तत्व क्या है...? ऋषिवर - फुर्सत मुनिगण- कैसे? ऋषिवर - फुर्सत या फ़सुर्सत जीवन का एक ऐसा तत्व है जिसकी तलाश में महाकवि गुलज़ार की व्यथा से आप परिचित ही हैं, आपने उनके इस गीत का कइयों बार पाठ किया है।

मुनिगण - हाँ, ऋषिवर सत्य है, तभी एक मुनि बोल पड़े, अर्थात पप्पू डांस इस वजह से नहीं कर सका क्यों कि उसे फुर्सत नहीं मिली और लोगों ने उसे गा गाकर अपमानित किया जा रहा है...? ऋषिवर - बड़े ही विपुल ज्ञान का भण्डार भरा है आपके मस्तिष्क में सत्य है फुर्सत के अभाव में पप्पू नृत्य न सीख सका और उसके नृत्य न सीखने के कारण यह गीत उपजा है संवेदन शील कवि की कलम से लेकिन यों ही पप्पू को फुर्सत मिलेगी डांस सीखेगा तथा हमेशा की तरह पप्पू पास हो जाएगा सब चीख-चीख के कहेंगे कि-पप्पू...!! पास हो गया... मुनिगण - ये अफसर प्रजाति के लोग फुर्सत में मिलते है... अक्सर...? ऋषिवर - हाँ, ये वे लोग हैं जिनको पूर्व जन्म के कर्मों के फलस्वरूप फुर्सत का वर विधाता ने दिया है। मुनिगण - लेकिन इन लोगों की व्यस्तता के सम्बन्ध में भी काफी सुनने को मिलता है? ऋषिवर - इसे भ्रम कहा जा सकता है मुनिवर सच तो यह है कि इस प्रजाति के जीव व्यस्त होने का विज्ञापन कर फुर्सत में होते है...मुनिगण - कैसे...? तनिक विस्तार से कहें ऋषिवर..। मुनिगण - वाह गुरुदेव वाह आपने तो परम ज्ञान दे ही दिया ये बताएँ कि क्या कोई फुर्सत में रहने के रास्ते खोज लेता है सहजता से...? ऋषिवर - हाँ, सरकारी दफ़्तरों में यह (फुर्सत) सहजता से सभी को मिलती है इसके लिए बहाना नामक क्रिया को सदा अपने साथ रखिए। मुनिगण - वाह, गुरुदेव सही ज्ञान दिया गुरुदेव। कुछ ही क्षणों उपरांत सारे मुनि कोई न कोई बहाना बना के सटक लिए फुर्सत पा गए और बन गए, पुरुषोत्तम-जीव। गुरुदेव सूत जी के अनुसार- फुर्सत और उत्तम शब्द के संयोजन से प्रसूता यह शब्द आत्म कल्याण के लिए बेहद आवश्यक और तात्विक-अर्थ लेकर धरातल पर जन्मा है आज यानी 18 दिसम्बर 2009 को इस शब्द का जन्मदिन जो नर नारी पूरी फुर्सत से मनाएँगे वे स्वर्ग में सीधे इंद्र के बगल वाली कुर्सी पर विराजेंगे। इस पर शिवानंद स्वामी एक आरती तैयार करने जा रहे हैं आप यदि कवि गुन से लबालब हैं तो आरती लिख लीजिए...।

चिंतन-मनन

## संवेदनशील और सबल बनो

सदाचार का तब तक पालन किए जाओ जब तक यह तुम्हारा स्वभाव न बन जाए। मित्रता, दया और ध्यान का अभ्यास जारी रखो। जब तक यह न समझ जाओ कि यह तुम्हारा स्वभाव है। जब कार्य स्वभावतः किया जाता है,तब तुम फल की लालसा नहीं रखते हो। सहजता से बस कार्य किए जाते हो। स्वभावतः किया हुआ काम न तो थकान देता है और न पुंठित करता है। दांत साफ करना, नहाना, इत्यादि दैनिक कार्य को कृत्य नहीं समझा जाता क्योंकि ये दैनिक जीवन से जुड़े क्रिया-कलाप हैं। इन सब कार्य को तुम बिन कर्तापन के करते हो। जब सेवा तुम्हारा स्वभाव बन जाता है, तब यह कर्तापन रहित होता है। ज्ञानी अभ्यास जारी रखते हैं ताकि वे औरों के लिए उदाहरण बनें, हांलाकि उनको किसी अभ्यास की आवश्यता नहीं। जो संवेदनशील हैं, प्रायः वे कमजोर होते हैं। जो स्वयं को सबल समझते हैं, वे प्रायः असंवेदनशील होते हैं। कुछ व्यक्ति स्वयं के प्रति संवेदनशील होते हैं पर औरों के प्रति नहीं। और कुछ लोग दूसरों के प्रति संवेदनशील होते हैं, पर खुद के प्रति नहीं। जो व्यक्ति केवल अपने प्रति संवेदशील हैं, वे प्रायः औरों को दोष देते हैं। जो केवल दूसरों के प्रति संवेदनशवील होते हैं, वे स्वयं को असहाय और दीन समझते हैं। कुछ इस निष्कर्ष पर पहुंचते हैं कि संवेदनशील होना ही नहीं चाहिए क्योंकि संवेदनशीलता पीड़ा लाती है। वे अपने आप को औरों से दूर रखने लगते हैं...।

स्वास्थ्य

## कई गंभीर बीमारियों से बचाने में मददगार है अमरूद

**नई दिल्ली, ईएमएस।** ज्यादातर सर्दियों के मौसम में मिलने वाला फल को आयुर्वेद में हृदय-हितकर फल कहा गया है, जबकि आधुनिक विज्ञान भी इसके गुणों को दिल की सेहत के लिए बेहद लाभकारी मानता है। अमरुद में मौजूद विटामिन-सी, फाइबर, पोटैशियम और एंटीऑक्सीडेंट्स शरीर को कई गंभीर बीमारियों से बचाने में मदद करते हैं। आयुर्वेद के अनुसार, अमरूद त्रिदोष नाशक फल है अर्थात यह वात, पित्त और कफ तीनों दोषों को संतुलित करता है। इसका रस पाचन को सुधारता है और हृदय की कार्यक्षमता को बढ़ाता है। वहीं आधुनिक दृष्टि से इसमें पाया जाने वाला सॉल्युबल फाइबर शरीर से खराब कोलेस्ट्रॉल (एलडीएल) को बाहर निकालता है और रक्त वाहिकाओं में वसा जमने से रोकता है। यही कारण है कि अमरूद को ÷प्राकृतिक कोलेस्ट्रॉल कंट्रोलर÷ कहा जाता है। अमरूद में मौजूद पेक्टिन धमनियों में प्लाक बनने की प्रक्रिया को रोकता है, जिससे हार्ट अटैक का खतरा कम होता है। इसके अलावा इसमें पाया जाने वाला पोटैशियम शरीर में सोडियम के स्तर को संतुलित रखता है, रक्तचाप को नियंत्रित करता है और रक्त वाहिकाओं को रिलैक्स करता है। हाई ब्लड प्रेशर से जूझ रहे लोगों के लिए अमरूद किसी नैचुरल थेरेपी से कम नहीं है। यह फल विटामिन-सी और लाइकोपीन जैसे एंटीऑक्सीडेंट्स का भी समृद्ध स्रोत है।

# बांग्लादेश में शेख हसीना पर कोर्ट का फैसला आने से पहले हिंसा व क्रूड बम हमले



### सरकार ने हिंसा के लिए अवामी लीग समर्थकों को जिम्मेदार ठहराया

**ढाका।** बांग्लादेश की पूर्व पीएम शेख हसीना को लेकर वहां की कोर्ट फैसला सुनाने वाली है। इससे ठीक पहले बीते दो दिनों से देश में आगजनी और क्रूड बम हमलों से तनाव फैल गया है। इन हिंसक घटनाओं ने 2024 के अशांत छात्र विरोध प्रदर्शनों की यादें ताजा कर दी हैं, जिनमें 500 से ज्यादा लोगों की मौत हुई थी। गुरुवार को बांग्लादेश की राजधानी ढाका एक किले में तब्दील हो गई, क्योंकि शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग ने ढाका लॉकडाउन का आह्वान किया है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पुलिस और बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) को बड़ी संख्या में तैनात किया है। ढाका के प्रवेश बिंदुओं पर कई चौकियां स्थापित की हैं और सार्वजनिक वाहनों की गहनता से जांच की जा रही है। सुरक्षा व्यवस्था अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण के आसपास भी कड़ी कर दी है। बता दें यही अदालत शेख हसीना और उनके शीर्ष सहयोगियों के खिलाफ लगाए गए आरोपों पर फैसला सुनाने की तारीख तय करेगा। बता दें हसीना पिछले साल अगस्त में भारत में शरण लेने आई थीं। उनपर हत्या और साजिश सहित दर्जनों आरोप हैं।

राजनीतिक तनाव ने ढाका में जनजीवन ठप कर दिया है और आगजनी और क्रूड बम हमलों की घटनाएं कई शहरों तक फैल गई हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक सरकार ने हिंसा के लिए अवामी लीग समर्थकों को जिम्मेदार ठहराया है। ब्राह्मणबारिया में ग्रामीण बैंक की एक शाखा को आग लगा दी गई, जिससे फर्नीचर और दस्तावेज पूरी तरह नष्ट हो गए। बता दें कि बांग्लादेश के इस ग्रामीण बैंक की स्थापना मुहम्मद यूनुस ने 1983 में गरीबों को माइक्रो-क्रेडिट प्रदान करने के लिए की थी।



ताइवान में तूफान फंग वांग के आने से आई बाढ़ में पूरा इलाका डूब गया।

# एच-1बी वीजा प्रणाली के दुरुपयोग पर सख्त कार्रवाई के लिए प्रतिबद्ध

### व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने दिया स्पष्टीकरण

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एच-1बी वीजा कार्यक्रम का बचाव करने के एक दिन बाद, व्हाइट हाउस ने कहा कि वह वीजा प्रणाली के दुरुपयोग पर सख्त कार्रवाई करने के लिए प्रतिबद्ध है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने यह स्पष्टीकरण दिया।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक व्हाइट हाउस की प्रवक्ता टेलर रोजर्स ने कहा कि सरकार इमिग्रेशन प्रणाली में सुधार के लिए काम कर रही है। जितना कम समय में ट्रंप ने जितना इमिग्रेशन कानूनों को सख्त किया है, उतना किसी आधुनिक अमेरिकी राष्ट्रपति ने नहीं किया। उन्होंने अमेरिकी कामगारों के हित को प्राथमिकता दी है। उन्होंने कहा कि ‡नए एच-1बी वीजा आवेदन पर एक लाख डॉलर का अतिरिक्त शुल्क लगाना सिस्टम के दुरुपयोग को रोकने की दिशा में पहला बड़ा कदम है, ताकि विदेशी सस्ते कामगारों की वजह से अमेरिकी कर्मचारियों की नौकरियां न जाएं।



एक इंटरव्यू में जब ट्रंप से पूछा गया था कि क्या उनकी सरकार एच-1बी वीजा को कम प्राथमिकता देने की योजना बना रही है, तो उन्होंने कहा था कि नहीं, हमें टैलेंट की जरूरत है। जब ट्रंप से कहा कि हमारे पास तो काफी प्रतिभा है, तो ट्रंप ने जवाब दिया, ‡नहीं, आपके पास कुछ विशेष प्रतिभाएं नहीं हैं। बेरोजगार लोगों को सीधे फैक्टरी में या मिसाइल बनाने के काम में नहीं लगाया जा सकता। इसके लिए खास कौशल चाहिए।

पिछले हफ्ते अमेरिकी श्रम विभाग ने एच-1बी वीजा से जुड़े संभावित दुरुपयोग के 175 से ज्यादा मामलों की जांच शुरू की। यह जांच प्रोजेक्ट फायरवॉल नामक अभियान के तहत की जा रही है, जिसका उद्देश्य उन कंपनियों पर कार्रवाई करना है जो विदेशी कर्मचारियों को नियमों के विरुद्ध नियुक्त कर रही हैं। श्रम मंत्री लोरी शावेज-डेरेमर ने कहा कि श्रम विभाग एच-1बी वीजा के दुरुपयोग को रोकने और अमेरिकी नौकरियों की रक्षा के लिए अपने हर संसाधन का उपयोग कर रहा है।

बता दें ट्रंप प्रशासन की एच-1बी नीति का कई सांसदों और संगठनों ने विरोध किया है।

# पाकिस्तान ने बदल डाला संविधान! आर्मी चीफ मुनीर को मिली आजीवन शक्ति

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की नेशनल असेंबली ने बुधवार को 27वां संवैधानिक संशोधन पारित कर दिया, जिससे आर्मी चीफ फील्ड मार्शल असीम मुनीर की सत्ता में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। इस बिल को दो-तिहाई बहुमत प्राप्त हुआ, जबकि मात्र चार सांसदों ने इसका विरोध किया। संशोधन की गति और गोपनीयता ने राजनीतिक हलकों में हड़कंप मचा दिया है। विपक्ष ने इसे लोकतंत्र की हत्या करार दिया और वोटिंग का बहिष्कार किया। इस कदम से सेना प्रमुख को चीफ ऑफ डिफेंस फोर्सेज का नया पद मिला, जो थलसेना के साथ वायुसेना और नौसेना को भी उनके अधीन लाता है। इससे मुनीर को राष्ट्रपति स्तर की शक्तियां प्राप्त हो गईं, जिसमें न्यूक्लियर कमांड शामिल है। सबसे महत्वपूर्ण, कार्यकाल समाप्ति के बाद भी उन्हें आजीवन कानूनी प्रतिरक्षा मिलेगी, जिसे वापस लेना असंभव माना जा रहा है। विपक्षी दलों, विशेषकर पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने कड़ा विरोध जताया। पीटीआई सांसदों ने वोटिंग से पूर्व सदन से वॉकआउट किया और बिल की प्रतियां फाड़कर प्रदर्शन किया। उनका आरोप है कि बिना पर्याप्त चर्चा के यह संशोधन न्यायिक व्यवस्था व लोकतांत्रिक ढांचे को कमजोर करता है। आलोचकों का मानना है कि सत्ता एक ही गुट में केंद्रित हो जाएगी, जो सैन्य हस्तक्षेप को संवैधानिक वैधता प्रदान करेगा। इससे पहले भी पाकिस्तान में सेना का राजनीतिक प्रभाव रहा है।

### पाक रक्षा मंत्री ने फिर उकसाया, बोले- दो मोर्चों पर जंग के लिए तैयार हैं

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने फिर उकसाने वाला बयान दिया है उन्होंने कहा कि पाकिस्तान दो मोर्चों पर जंग के लिए तैयार है। आसिफ ने कहा कि हम पूर्वी भारत और पश्चिमी अफगानिस्तान दोनों सीमाओं पर मुकाबले के लिए तैयार हैं। आसिफ ने दिल्ली विस्फोट की घटना को लेकर कहा था कि यह तो बस गैस सिलेंडर विस्फोट था। उन्होंने भारत पर आरोप लगाया कि वह इस घटना का राजनीतिक फायदा उठाने की कोशिश कर रहा है। आसिफ ने कहा कि कल तक यह गैस सिलेंडर फटने की घटना थी, लेकिन अब वे इसे विदेशी साजिश बताने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुझे हैरानी नहीं होगी अगर अगले कुछ घंटों या कल तक भारत इस हमले का आरोप हम पर लगा दे।

## आज का इतिहास 14 नवंबर

1681 ईस्ट इंडिया कंपनी द्वारा बंगाल को अलग प्रेसीडेन्सी बनाने की घोषणा की गई।

1889 जवाहर लाल नेहरू का जन्म हुआ।

1891 बाबा साहेब आम्बेडकर का जन्म।

1955 कर्मचारी राज्य बीमा निगम की स्थापना हुई।

1957 बाल दिवस के रूप में मनाया जाने लगा।

1961 चेकोस्लोवाकिया में दो रेलगाड़ियों की टक्कर में 11 व्यक्ति मारे गए और सैकड़ों अन्य घायल हो गए।

1971 पूर्वी पाकिस्तान (अब बंगलादेश) में समुद्री तूफान से तीन लाख से अधिक लोग मारे गए।

1989 नीमीबिया के चुनाव में स्वापो को भारी सफलता मिली।

1991 बर्लिन में धरने पर बैठे लोगों को हटाने हेतु सुरक्षा बलों ने तीन सौ लोगों को गिरफ्तार किया व 71 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

1993 पूर्व वित्तमंत्री यशवंत सिन्हा भाजपा में शामिल।

1997 रक्षा राज्यमंत्री एन.वी.एन.सोमो व तीन अन्य सैनिक अधिकारियों की अरुणाचल प्रदेश में हैलीकॉप्टर दुर्घटना में मृत्यु।

2000 भारत के 28 वें राज्य के रूप मे झारखंड अस्तित्व में आया। बाबूलाल मरांडी मुख्यमंत्री बने।

2000 अमेरीका ने पहली बार मुस्लिम त्योहार पर ईद मुबारक का डाक टिकट जारी किया।

2001 अफगानिस्तान में तालिबान शासन की समाप्ति पर जश्न।

2002 राष्ट्रपति अब्दुल कलाम ने कहा कि भारत परमाणु हथियार का इस्तेमाल पहले नहीं करेगा।


2003 दिल्ली में 2010 के राष्ट्रकुल खेल कराने की घोषणा।

## प्रसंगत: नागरिक का कर्तव्य

लीबिया के लिबलिस शहर के एक प्रमुख अस्पताल में अलगअलग वार्डों में मरीजों को मुख्य डाक्टर के आने का इंतजार था। नर्स, कंपाउंडर आदि बेंचों पर शांति से बैठे थे लेकिन लंबे कद का एक आदमी लंबा चोगा पहने, चहलकदमी करता हुआ प्रत्येक स्थान और वस्तु का गहराई से निरीक्षण कर रहा था, तभी अपनी ओर आते बड़े डाक्टर को देख कर वह व्यक्ति ठिठका। डाक्टर ने पूछा, ‘‘ऐ मिस्टर, कौन हो तुम? यहां क्या कर रहे हो?’’ वह व्यक्ति बोला, ‘‘डाक्टर, मेरे पिता बहुत बीमार है।’’ इस पर डाक्टर बोला, ‘‘बीमार हैं तो उन्हें यहां भरती कराओ।’’ ‘‘वह बहुत कमजोर हैं। उन्हें यहां लाना संभव नहीं है। आप चलिए डाक्टर,’’ उस व्यक्ति ने आदरपूर्वक कहा। लेकिन डाक्टर ने उसे झिड़क दिया, ‘‘क्या बेहूदगी है? मैं तुम्हारे घर कैसे जा सकता हूं?’’ ‘‘भले ही रोगी मर जाए, फिर भी आप नहीं जा सकते?’’ वह व्यक्ति बोला। डाक्टर ने उसे डांटते हुए कहा, ‘‘ज्यादा बोलने की जरूरत नहीं है। तुम्हें मालूम नहीं कि तुम किस से बात कर रहे हो। चीफ सिविल सर्जन से इस तरह बात की जाती है?’’ यह सुन कर वह व्यक्ति तिलमिला गया। इस का उस ने सख्ती से उत्तर दिया, ‘‘मैं ने अभी तक तो बहुत शराफत बरती है, लेकिन मुझे तुम से बात करने का ढंग सीखने की जरूरत नहीं है डाक्टर। तुम भी नहीं जानते कि तुम किस से बात कर रहे हो।’’ अब डाक्टर का पारा चढ़ गया। उसने अस्पताल के वार्ड अटेंडेंट को पुकार कर कहा, ‘‘इस पागल को पागलखाने भिजवा दो।’’ जैसे ही अटेंडेंट आगे बढ़ा, उस लंबे व्यक्ति ने अपना चोगा उतार फेंका।

## दैनिक पंचांग

**14 नवम्बर 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | तुला में | वृश्चिक | 06.27 ब.से |
| चंद्र | सिंह में | धनु | 08.43 बजे से |
| मंगल | वृश्चिक में | मकर | 10.49 बजे से |
| बुध | वृश्चिक में | कुंभ | 12.35 बजे से |
| गुरु | कर्क में | मीन | 14.08 बजे से |
| शुक्र | तुला में | मेष | 15.38 बजे से |
| शनि | मीन में | वृष | 17.18 बजे से |
| राहु | कुंभ में | मिथुन | 19.17 बजे से |
| केतु | सिंह में | कर्क | 21.30 बजे से |
| राहुकाल 10.30 से 12.00 बजे तक | | सिंह | 23.46 बजे से |
| | | कन्या | 01.58 बजे से |
| | | तुला | 04.09 बजे से |

**शुक्रवार** 2025 वर्ष का 318 वा दिन **दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** शरद। **विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947 **मास** मृगशीर्ष (दक्षिण भारत में कार्तिक) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** दशमी 00.50 बजे रात्र को समाप्त। **नक्षत्र** पूर्वाफाल्गुनी 21.21 बजे को समाप्त। **योग** इन्द्र 06.27 बजे को समाप्त। **करण** वणिज 12.08 बजे तदनन्तर विष्टि 00.50 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 23.5 घण्टे **रवि क्रान्ति** दक्षिण 18° 14’ **सूर्य** दक्षिणायन **कलि अहर्गण** 1872528 **जूलियन दिन** 2460993.5 **कलियुग संवत्** 5126 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2552 **हिजरी सन्** 1447 **महीना** जमादि उल्लावल **तारीख** 22 **विशेष** नेहरू जयंती, बाल दिवस।

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| चर | 05.55 से 07.23 बजे तक | रोग | 05.38 से 07.1 बजे तक |
| लाभ | 07.23 से 08.51 बजे तक | काल | 07.11 से 08.43 बजे तक |
| अमृत | 08.51 से 10.19 बजे तक | लाभ | 08.43 से 10.15 बजे तक |
| काल | 10.19 से 11.47 बजे तक | उद्वेग | 10.15 से 11.47 बजे तक |
| शुभ | 11.47 से 01.15 बजे तक | शुभ | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| रोग | 01.15 से 02.43 बजे तक | अमृत | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| उद्वेग | 02.43 से 04.10 बजे तक | चर | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| चर | 04.10 से 05.38 बजे तक | रोग | 04.23 से 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## राशिफल

शुभ संवत 2082, शाके 1947, सौम्य गोष्ठ, मार्ग शीर्ष कृष्ण पक्ष, शरद ऋतु, गुरु उदय पूर्वे, शुक्रोदय पूर्वे तिथि दसवी, शुक्रवासरे, पू.फा. नक्षत्र, ऐग योगे, वलकरणे, सिंह की चंद्रमा, भद्रा 22/23, 52/29 तथापि पूर्व दिशा की यात्रा शुभ उत्तम होगी।

### आज जन्म लिए बालक का फल..........

आज जन्म लिया बालक योग्य, बुद्धिमानी, चपल, चतुर, चंचल, धनी-मानी, उत्तम व्यापारी, जिद्दी-हठी, सैनिक, सिपाही, मिलिटेरी, कमाण्डर, ब्रिगेडियर, वक्ता-अधिवक्ता, शासक-प्रशासक, धनी-मानी, लोभी होगा।




मेष राशि: व्यर्थ परिश्रम, विभ्रम, धन का व्यय, कुछ आरोप, वातावरण से मन में बेचैनी होगी।

वृष राशि: थकावट व स्थिरता का वातावरण मन संदिग्ध रखे, धन प्राप्त होकर जाता रहेगा।

मिथुन राशि: धन का लाभ, आशानुकूल सफलता का हर्ष होगा, कार्यगति में सुधार होगा।

कर्क राशि: मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि, कहीं तनाव होने से हानि भी संभव है, धैर्य से काम लें।

सिंह राशि: आनंदवर्धक योजना बनेगी, परिश्रम से सफलता, कार्य-योजना अनुकूल होगी।

कन्या राशि: दूसरों के कार्यों में हस्ताक्षेप से तनाव होगा, मनोबल उत्साहवर्धक होगा।

तुला राशि: मानसिक बेचैनी, शारीरिक स्थिरता तथा कार्य-व्यवसाय में बाधा होगी।

वृश्चिक राशि: आशानुकूल सफलता, कार्यगति में सुधार, योजना फलीभूत होगी।

धनु राशि: तनाव, क्लेश व अशांति, मानसिक बेचैनी, असमर्थता का वातारण होगा।

मकर राशि: आकस्मिक स्त्री-वर्ग का समर्थन मिले, साधन सम्पन्नता के योग बन जायेंगे।

कुंभ राशि: अधिकारी वर्ग का समर्थन, चिन्ता व व्यग्रता असमंजस में रखेगी, धैर्य रखें।

मीन राशि: योजनायें फलीभूत हों, परिश्रम से सफलता अवश्य ही मिलेगी, ध्यान रखें।

पीएल गौतमाचार्य // मोनिका

# क्या आप चाहते हैं कि मैं कुछ बदलाव कर दूं? इससे पाठक ज्यादा प्रभावित होंगे

### पाक के जाने-माने अखबार ने एआई से तैयार लेख छापा, यूजर्स ले रहे मजे

**इस्लामाबा।** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का इस्तेमाल इन दिनों तेजी से बढ़ रहा है। कॉन्टेंट इंडस्ट्री में भी लोग इसका इस्तेमाल कर रहे हैं और अकसर चैटजीपीटी जैसे टूल्स को प्रॉम्प्ट देकर आर्टिकल तैयार कर रहे हैं, लेकिन पाकिस्तान के खास अखबार ने इसका ऐसा इस्तेमाल किया है कि वह ट्रोल हो गया। अखबार ने कारोबार की खबरों वाले पेज पर छपे एक आर्टिकल में चैटजीपीटी को दिए प्रॉम्प्ट को ही छाप दिया है। इसे लेकर अखबार ट्रोल हो गया और लोग उसके पेशेवर रवैये पर सवाल उठा रहे हैं। कई पाकिस्तानी यूजर्स ने लिखा है कि आखिर इतना पुराना और नामी अखबार कैसे इस तरह काम कर सकता है।

यह प्रॉम्प्ट 12 नवंबर के अखबार में बिजनेस पेज पर छपा था। यह लिखा था कि अक्टूबर में ऑटो सेल्स में इजाफा हुआ। यह लेख चैटजीपीटी द्वारा तैयार कराया गया था और उसके प्रमाण के रूप में लेख की आखिरी लाइनें वायरल की जा रही हैं। इसमें लिखा था- यदि आप कहें तो मैं आपके लिए फ्रंट पेज स्टाइल में भी आर्टिकल तैयार कर सकता हूं। कुछ आंकड़े दे सकता हूं और पूरा लेआउट इन्फोग्राफ की तरह तैयार कर सकता हूं। इससे पाठक ज्यादा प्रभावित होंगे। क्या आप चाहते हैं कि मैं ऐसे भी कुछ बदलाव कर दूं?

अखबार में प्रॉम्प्ट का छपना था कि अखबार की कटिंग वायरल हो गई। पाकिस्तान में यूजर्स ने पूछा कि आखिर यह अखबार अब कैसे छपता है और क्या इसकी यही क्वॉलिटी है। एक यूजर ने लिखा कि मैं 12 नवंबर का अंक पढ़ रहा था। इसी दौरान मेरी नजर एक लेख पर गई और उसमें नीचे चैटजीपीटी का प्रॉम्प्ट मिला। पढ़ने से साफ था कि पूरा लेख ही एआई से तैयार किया गया है। सवाल है कि आखिर अखबार को क्या हुआ है। एक ऐसा अखबार जिसकी इतनी पहचान है। क्या वह इस तरह से यह सब छाप रहा है।

### पहली बार हवा में उतरा चमगादड़- आसमान में मिस्टिरियस ड्रैगन

**बीजिंग।** चीन ने ‘मिस्टिरियस ड्रैगन’ (जीजे-11) को आसमान में उड़ाकर दुनिया को खुली चुनौती दे दी है! पीपुल्स लिबरेशन आर्मी एयर फोर्स ने पहली बार इस स्टेल्थ का वास्तविक एयर-टू-एयर वीडियो जारी किया है। जो अब तक के सबसे खतरनाक ड्रोन सिस्टम में से एक माना जा रहा है। जीजे-11 को अब चीन की हवाई युद्ध रणनीति का नया हथियार बताया जा रहा है। यह बिना पायलट वाला स्टील्थ ड्रोन दुश्मन की सीमाओं के पार जाकर सटीक हमला, जासूसी, और इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर जैसे मिशन अंजाम देने में सक्षम है। वीडियो में यह ‘मिस्टिरियस ड्रैगन’ चीन के जे-20 स्टील्थ फाइटर और जे-16डी इलेक्ट्रॉनिक अटैक जेट के साथ उड़ान भरता नजर आया ‡ यह साफ संकेत है कि चीन अब मानव रहित स्टील्थ स्क्वाड्रन की दिशा में बढ़ चुका है। जीजे-11 की उड़ान सिर्फ एक प्रदर्शन नहीं ‡ यह बीजिंग का संदेश है कि आसमान में अब ड्रैगन जाग चुका है, और आने वाले युद्धों में यह तय करेगा कि कौन रहेगा और कौन मिटेगा! चीन का स्टील्थ ड्रोन जीजे-11 देखने में बिल्कुल ‘चमगादड़’ की तरह नजर आता है और इसे दुनिया के सबसे खतरनाक अमेरिकी एफ-35 फाइटर जेट से भी घातक माना जा रहा है।

## ब्रीफ न्यूज

### बुजुर्ग की संदिग्धावस्था में मौत, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

**इन्दौर।** घायल अवस्था में एक बुजुर्ग को परिजन एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचें थे जहां डॉक्टरों ने उन्हें प्रारंभिक जांच के बाद ही मृत घोषित कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस को हत्या की आशंका जताते परिजनों का कहना है कि उनके साथ मारपीट की गई है। मामला खजराना थाना क्षेत्र का है। पुलिस हादसे और मारपीट दोनों एंगल से जांच कर रही है। खजराना थाना प्रभारी मनोज सेंधव के अनुसार परमेश्वर पिता देवराम उम्र पैंसठ साल निवासी तपश्वेरी बाग को लेकर रात करीब 9.30 बजे उसके परिजन एमवाय अस्पताल पहुंचे थे। परमेश्वर के सिर में चोट के निशान थे। परिजनों ने बताया कि परमेश्वर मजदूरी से जुड़ा काम करते थे। एक घर से आगे की गली में एक निर्माणाधीन बिल्डिंग के पास वे कल घायल मिले थे। उस वक्त वे होश में नहीं थे। घटनास्थल के आसपास कोई सीसीटीवी नहीं लगे हैं। पुलिस जांच कर रही है कि किसी वाहन ने उन्हें टक्कर मारी अथवा वे खुद ही गिर गये थे।

### निःशुल्क मोबाइल रिपेयरिंग एवं सर्विस कोर्स आज से

**इन्दौर।** ग्रामीण युवाओं को तकनीकी दक्षता प्रदान कर आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से ग्रामीण विकास मंत्रालय के अंतर्गत संचालित आरसेटी (ऋस्श्वझ्ड्ढ) इंदौर में 30 दिवसीय मोबाइल रिपेयरिंग एवं सर्विस प्रशिक्षण कार्यक्रम आज 14 नवम्बर 2025 से आयोजित किया जा रहा है। आरसेटी (ऋस्श्वझ्ड्ढ) के निदेशक राजेश्वर सिंह ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान आवास, भोजन एवं प्रशिक्षण सामग्री सहित संपूर्ण सुविधाएँ पूरी तरह निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएंगी। कार्यक्रम पूर्ण करने पर प्रतिभागियों को भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त कौशल विकास प्रमाणपत्र प्रदान किया जाएगा, जो उन्हें रोजगार एवं स्व-रोजगार के अवसरों में सहायक होगा।

### खुली अंतर विद्यालयीन बैडमिंटन स्पर्धा आज से, पहली बार होंगे 9 वर्ष आयु वर्ग के मुकाबले

**इन्दौर।** चौथी चंद्रकला बिहाणी स्मृति लायन्स बैडमिंटन ट्रॉफी खुली विद्यालयीन बैडमिंटन स्पर्धा आज 14 नवंबर से शुरू हो रही है। 17 नवंबर तक आयोजित होने वाली इस स्पर्धा में पहली बार 9 वर्ष आयु वर्ग के मुकाबले भी आयोजित किए जा रहे हैं। हरीश राजन और धर्मेश यशलहा ने बताया कि मल्हार क्रीड़ा मंडल के तीन कोर्ट्स पर होनेवाली इस स्पर्धा में 9,11,13,15 और 17 वर्ष बालक और बालिका एकल मुकाबले आयोजित किए जाएंगे इसके लिए अब तक सवा दो सौ से अधिक प्रविष्टियां आ चुकी हैं। स्पर्धा में शामिल सभी प्रतियोगियों को प्रमाणपत्र के साथ स्पर्धा के सर्वश्रेष्ठ बालक और बालिका खिलाड़ी को पुरस्कृत किया जाएगा।

### स्काउट गाइड सप्ताह के तहत, से नो यूज टू सिंगल यूज प्लास्टिक, कार्यक्रम आयोजित

**इन्दौर।** स्काउट सप्ताह के दौरान आयोजित यातायात सेवा कार्य व से नो यूज टू सिंगल यूज प्लास्टिक रैली का शुभारंभ पार्षद डॉ. रुपाली पेंढारकर, एडिशनल एसपी सुप्रिया चौधरी, जिला स्काउट संघ इंदौर अध्यक्ष भूपेंद्र अडसुरे के आतिथ्य में आयोजित एक कार्यक्रम में अहिल्या प्रतिमा पर माल्यार्पण कर हुआ। भारत स्काउट गाइड जिला संघ द्वारा स्काउट सप्ताह के दौरान आयोजित इस आयोजन में आजीवन सदस्य प्रतिनिधि आशीष दाणेज, वैजयंती गहलोत, यश जोशी, राजेश नरगेश, राकेश पंडित, मेहुल जायसवाल, उत्कर्ष चौधरी, डोली मैडम आदि उपस्थित थे।

### तनावमुक्त व आनंदमय, मस्ती का पंच, आयोजित किया

**इन्दौर।** सदस्यों को परिवार सहित तनावमुक्त व आनंदमय समय देने के उद्देश्य से मधुर मिलन गार्डन बोट क्लब रोड पिपल्या राव पर जैन सोशल ग्रुप क्राउन द्वारा मस्ती का पंच कार्यक्रम आयोजित किया जिसमें ग्रुप के 130 से अधिक कपल शामिल हुए। ग्रुप संरक्षक निलेश सोना छाबड़ा, अध्यक्ष प्रवीण सोनल पहाड़िया एवं सचिव अंकुर पिंकी पाटनी ने बताया कि इस मस्तीभरी शाम की शुरुआत स्वागत, रजिस्ट्रेशन, फोटोग्राफी व डिनर से हुई। मंगलाचरण के बाद कपल गेम्स और मुख्य गतिविधियां हुईं। बच्चों और बड़ों दोनों के लिए आयोजित विभिन्न गेम्स ने माहौल ऊर्जा से भर दिया।

# बैठक में कलेक्टर ने की मातृत्व मृत्यु दर की समीक्षा

### गर्भवती महिलाओं के उपचार में लापरवाही नहीं बरतने के निर्देश



**बालाघाट।** कलेक्टर मृणाल मीना की अध्यक्षता में 12 नवंबर को मातृ मृत्यु दर की रिपोर्ट को लेकर स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिपं सीईओ अभिषेक सराफ, सीएमएचओ डॉ. परेश उपलप, समस्त बीएमओ, बीसीएम, एएनएम, आशा कार्यकर्ताए एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर ने सभी आशा कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए कि वे गर्भवती महिला मरीजों को घर से शासकीय अस्पताल तक लाएं। ताकि उन्हें किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि गर्भवती महिलाओं के शासकीय चिकित्सालय में रहने से उनका उपचार सही ढंग से हो सकेगा। गर्भवती महिलाओं को कई बार बहुत सी दिक्कतों का सामना करना पड़ जाता है, ऐसे में उनके घर पर रहने पर ईलाज करने कठिनाई जैसी स्थिति निर्मित सकती है जो कि सही नही है। इसलिए यह अनिवार्य है कि गर्भवास्था के दौरान वह अस्पताल में हो। सभी बीएमओ को निर्देशित किया गया कि वे हाई प्रेगनेंसी के मामलो को तत्परता व जिम्मेदारी पूर्वक देखे। साथ ही यह भी सुनिश्चित करें कि सभी आशा कार्यकर्ता अपना कार्य ईमानदारी से करें। कलेक्टर मीना ने सीएमएचओ डॉ. उपलप को निर्देशित किया है कि वे आशा कार्यकर्ताओ के कार्यो पर नजर रखे। यदि कोई भी कार्यकर्ता गैरजिम्मेदारी से काम करती है, तो उन पर त्वरित कार्यवाही करें।

कलेक्टर ने उपस्थित सभी बीएमओ, एएनएम व आशा कार्यकर्ताओ से कहा कि जो भी गर्भवती महिला इलाज के लिए आती है तो यह सुनिश्चित किया जाए कि उसके परिजन अस्पताल के कार्यो से पूरी तरह संतुष्ट हो, जिससे कि उन्हें किसी भी प्रकार की परेशानियों से उलझना न पड़े। अस्पताल में गर्भवती महिला की जरूरत की हर आवश्यक चीजे उपलब्ध होना चाहिए। इसके साथ ही गर्भवती माता के उचित चिकित्सक व्यवस्था एवं परिजनो की व्यवस्था में भी किसी भी तरह की लापरवाही नही होना चाहिए।

### कोदो-कुटकी के उपार्जन हेतु पंजीयन की अवधि बढ़ी

**जबलपुर।** राज्य शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर कोदो-कुटकी के उपार्जन हेतु किसानों के पंजीयन की अवधि को एक बार फिर बढ़ाया गया है। कोदो-कुटकी उत्पाकदक किसान अब 15 नवम्बर तक अपना पंजीयन करा सकेंगे। उल्लेखनीय है कि रानी दुर्गावती श्री अन्न प्रोत्साहन योजना अंतर्गत श्रीअन्न प्रोत्साहन कंसोर्टियम ऑफ फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड द्वारा 16 जिलों जबलपुर, कटनी, मंडला, डिंडोरी, छिंदवाड़ा, शहडोल, अनूपपुर, उमरिया, रीवा, सीधी, सिंगरौली, मैहर, सतना, मऊगंज, बालाघाट एवं सिवनी में समर्थन मूल्य, पर कोदो एवं कुटकी उपार्जन किया जायेगा।

### गुना की हरप्रीत कौर परिहार ने सिविल जज परीक्षा में प्रदेश में हासिल किया दूसरा स्थान



**गुना।** मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय जबलपुर द्वारा बुधवार शाम घोषित सिविल जज परीक्षा-2022 के परिणाम में गुना की बेटी हरप्रीत कौर परिहार ने इतिहास रच दिया है। उन्होंने पूरे प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया। खास बात यह है कि हरप्रीत ने यह सफलता अपने पहले ही प्रयास में हासिल की है।

हरप्रीत, साधु सिंह परिहार की पोत्री और नरेंद्र सिंह परिहार की पुत्री हैं। उनकी इस उपलब्धि से गुना में हर्ष और गर्व का माहौल है। उन्होंने 12वीं तक की पढ़ाई वंदना कॉन्वेंट स्कूल से की और इसके बाद पुणे स्थित भारतीय विद्यापीठ से बीबीए एलएलबी की डिग्री प्राप्त की। किसी कोचिंग का सहारा न लेते हुए उन्होंने पूरी तैयारी सेल्फ स्टडी से की। कठिन परीक्षा में इस बार कुल 192 पदों के लिए भर्ती निकली थी, लेकिन केवल 47 अभ्यर्थी ही चयनित हो सके। हरप्रीत ने 450 में से 281.83 अंक प्राप्त कर अपनी मेहनत और लगन का प्रमाण दिया। वर्तमान में वह गुना बार एसोसिएशन की सक्रिय सदस्य हैं। उनकी इस सफलता ने जिले की युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा का नया अध्याय लिखा है।

### श्री श्री 1008 श्री मन्त परमहंस निरंजनी अखाड़े के महामंडलेश्वर डॉ स्वामी शाश्वतानंद गिरी जी महाराज का स्वागत किया



**धार।** धार शहर में महालक्ष्मी मंगल परिसर अखण्ड आश्रम धार में 9 नवम्बर से 14 दिसंबर 25 तक प्रतिदिन 3 बजे से 6 बजे तक गीता ज्ञान यज्ञ आयोजन किया जा रहा है उक्त गीता ज्ञान की व्याख्या डॉ स्वामी शाश्वतानंद जी गिरी महाराज के मुखारबिंद से उक्त पाठ किया जा रहा है

स्वामी जी का स्वागत कैलाश नगर सीनियर सिटीजन मंच के अध्यक्ष ठाकुर भगवानसिंहजी ठाकुर पु सरपंच लेब? ने स्वामी जी का स्वागत किया साथ ही वरिष्ट अभिभाषक एवं गो? महासभा अध्यक्ष अनिल तिवारी ने स्वागत किया सीनियर सिटीजन मंच के कोषाध्यक्ष केदार प्रसाद पचौरी ,वरिष्ट अभिभाषक पवन दुबे, पंडित शिवकुमार शर्मा ,कैलाश पंचोली गोपीकृष्ण पुरोहित सत्यनारायण ठाकुर(टु टु ठाकुर) ,महेश शर्मा अध्यक्ष नार्मदीय धर्मशाला धार,विजय जी वर्मा , कर्मचारी नेता सचिन त्रिवेदी ने किया साथ ही आमजन से अपील की उक्त गीता ज्ञान महायज्ञ का लाभ सभी धार के निवासी से लाभ लेने की अपील की ।साथ ही स्वामी जी ने अपने उद्बबोधन में कहा की युवाओं को गीताकी व्याख्या से प्रबंधन गुर सीखने में आते हैं साथ ही मानव जीवन मे सकारात्मक विचार में वृद्धि होती है उक्त जानकारी मंतोष गुप्ता ने दी।

### बिरसा मुंडा की जयंती के उपलक्ष्य में मेला का आयोजन 15 नवंबर को

**बालाघाट।** धरती आबा बिरसा मुंडा समाज कल्याण समिति नंगाटोला नेवरगांव के तत्वावधान में बिरसा मुंडा की जयंती केउपलक्ष्य में 15 नवंबर को मेले का आयोजन किया गया है। समिति पदाधिकारियों ने बताया कि 15 नवंबर को सुबह भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा की पूजा-अर्चना की जाएगी। सुबह 10.30 बजे शोभायात्रा निकालकर नगर भ्रमण किया जाएगा। दोपहर 2 बजे से मंचीय कार्यक्रम होगा। शाम 4 बजे से युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। वहीं रात्रि 8.30 बजे से गोंडी संगती, रसरंग लोक कला मंच सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जाएगी। इस कार्यक्रम में बालाघाट विधायक अनुभा मुंजारे, जिला पंचायत अध्यक्ष सम्राट सिंह सरसवार, जपं कुरई सिवनी अध्यक्ष लोचनसिंह मर्सकोले, जिपं सदस्य डुलेंद्र ठाकरे, मप्र आदिवासी विकास परिषद जिला अध्यक्ष दिनेश धुर्वे, उपाध्यक्ष संदेश सैय्याम, विधायक प्रतिनिधि बालाघाट सुमेंद्र पटले, जपं सदस्य गुलेंद्र भगत, ग्रापं नेवरगांव सरपंच डिलेश्वरी प्रमोद हनवत, बिरसा बिग्रेड जिला अध्यक्ष सत्येंद्र इनवाती, संरक्षक रमेश तेकाम, अर्पित सेवा संस्थान अध्यक्ष बसंत वागदे बतौर अतिथि शामिल होंगे। इस अवसर पर सभी से उपस्थिति की अपील संरक्षक प्रेमसिंह मर्सकोले, उदय सिंह मर्सकोले, रमेश धुर्वे, समिति अध्यक्ष यानेंद्र सिंह मर्सकोले, उपाध्यक्ष सुरेश भलावी, सचिव कुलदीप मर्सकोले, कोषाध्यक्ष पवन गिरी गोस्वामी सहित अन्य सभी पदाधिकारियों ने की है।

### विद्यार्थियों ने जागरुकता रैली निकालकर किया नगर भ्रमण, वंदे मातरम की 150 वीं वर्षगांठ पर हुआ आयोजन




**बालाघाट।** प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बालाघाट के प्राचार्य डॉ अशोक कुमार मराठे, समाजसेवी सुरजीत सिंह ठाकुर के नेतृत्व और 6 मप्र बटालियन बालाघाट के कमान अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल वीके गुप्ता के मार्गदर्शन में वंदे मातरम् राष्ट्गीत का महाविद्यालय में सामूहिक गायन कर रैली को महाविद्यालय परिसर से रवाना किया गया।

रैली महाविद्यालय से अंबेडकर चौक, जय स्तंभ चौक, बिरसा मुंडा चौक शासकीय अस्पताल होते हुए अवंती चौक से काली पुतली चौक होते हुए पुनः महाविद्यालय पहुंची। जिसमें एनसीसी कैडेट्स एवं महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा वंदे मातरम भारत माता की जय और अमर शहीदों की जय जयघोष के नारे लगाए गए। इस अवसर पर एनसीसी कैडेट महाविद्यालय के छात्र-छात्रा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से महाविद्यालय की वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ पीएस कातुलकर, डॉ रचना कोरी, डॉ तारा सिंगराम, प्रो सुखचंद एडे, प्रो परशराम ठाकरे, एनसीसी प्रभारी डॉ गजानन कटरे सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# 344 आदिवासी सेवा केन्द्रों में होगी जनुसनवाई, जनजातीय गौरव दिवस के उपलक्ष्य में होगा आयोजन




### आदिवासी सीनियर बालक छात्रावास में जनजातीय गौरव रथ का किया स्वागत

**बालाघाट।** जनजातीय गौरव दिवस के उपलक्ष्य में जिले के 344 आदिवासी सेवा केन्द्रों में जनसुनवाई का आयोजन किया जाएगा। जिसके लिए संकुल प्राचार्यो को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। संकुल प्राचार्य जनसुनवाई के माध्यम से प्राप्त जानकारी जनजातीय कार्य विभाग की मंडल संयोजक रीनल उइके को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

कलेक्टर मृणाल मीना द्वारा 11 नवंबर को हरी झंडी दिखाकर रवाना किये गए जनजातीय गौरव दिवस रथ यात्रा का जिला भ्रमण कार्य जारी है। 12 नवंबर को यह रथ यात्रा आदिवासी सीनियर बालक छात्रावास आमगांव से सुबह लगभग 10 बजे प्रारम्भ हुआ। यात्रा के दौरान ऑगनबाड़ी ग्राम भारी में समस्त कार्यकर्ता सहित अन्य नागरिकों के द्वारा रथ के साथ ही स्वचछता की शपथ ली गई। रथ यात्रा आमगांव से पुनःचलकर हायर सेकण्डरी स्कूल मोहगांव पहुंचा, जहां पर विभाग के कर्मचारियों तथा छात्र-छात्राओं द्वारा इस यात्रा के सभी सदस्यों का स्वागत किया। इसके बाद यात्रा उत्कृष्ट विद्यालय मलाजखंड पहुंची। गौरव यात्रा उत्कृष्ट विद्यालय बिरसा से होते हुए जनपद पंचायत बिरसा पहुंची। इस गौरव दिवस यात्रा रथ मे भगत सिंह नेताम भूतपूर्व विधायक बैहर और मानसिंह मेरावी नगरपालिका अध्यक्ष मलाजखंड, बिरसा एवं मलाजखंड के अन्य लोग और स्कूल के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### 1 करोड़ 77 लाख 56 हजार रुपए मूल्य के 3200 गांजा पौधे पहाड़ी इलाकों में की जा रही थी गांजे की खेती

**खरगोन।** ऑपरेशन प्रहार के तहत पुलिस ने अवैध गांजे की खेती के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। दुरस्त पहाड़ी क्षेत्र चैनपुर थानाक्षेत्र के नो नेटवर्क झोन में हो रही गांजे की खेती का खुलासा कर यहहां से खेत से करीब पौने दो करोड़ रुपए मूल्य के गांजे पौधे जब्त किए है। गुरुवार को मामले का खुलासा करते हुए एसपी रविंद्र वर्मा ने बताया कि चौकी हेलापडावा थाना चैनपुर पर के नवादीया फाल्या ग्राम टाण्डावाडी के रहने वाले टिडीया ने अपने खेत में 03 अलग-अलग हिस्सों में बड़ी मात्रा में अवैध मादक पदार्थ गांजे के पौधे लगाये हुए थे। इसकी सूचना पर पुलिस टीम का गठन कर योजनाबद्ध तरीके से खेत में घेराबंदी कर दबिश दी गई। खेत में बने घर पर पुलिस टीम को ताला लगा मिला, परंतु आसपास सर्च के दौरान पुलिस टीम को भारी संख्या में खेत में गांजे के पौधे लगे मिले। खेत से कुल 3200 गांजे के पौधे वजनी लगभग 3551 किलो 240 ग्राम (35.51 क्विंटल), जिनकी कीमत करीब 1 करोड़ 77 लाख 56 हजार 200 रुपये आंकी गई है। इस फसल को खुद पुलिसकर्मियों ने उखाड़ा।

# डायरिया का डंस, उल्टी दस्त का आंकड़ा पहुंचा 200 के पार



**बुरहानपुर।** नगर निगम अपने जल को स्वच्छ बता रहा फिर कैसे फैल रहा डायरिया पिछले एक सप्ताह से अधिक समय से शहर के अनेक वार्डों में डायरिया फैलने से उल्टी दस्त के सैकड़ो मैरिज सामने आ चुके हैं अब डायरिया शहरी क्षेत्र से निकलकर नगर निगम सीमा से लगे ग्रामीण क्षेत्र हमीदपुरा उतावली आदि क्षेत्र में भी फैल गया है यहां से भी बड़ी संख्या में मरीज अस्पताल पहुंच रहे हैं उल्टी दस्त से प्रभावित अभी तक 200 से अधिक लोग सामने आ चुके हैं जिनका जिला अस्पताल में इलाज जारी है शहर में बढ़ते डायरिया के प्रकोप को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग भी सतर्क हो गया है और वार्डों में अतिरिक्त बेड लगाकर मरीजों का इलाज कर रहा है जबकि नगर निगम अपने द्वारा सप्लाई किए जाने वाले पेयजल को स्वच्छ बता रहा है शहर में गंदगी का अंबार है नालियों से होकर गुजरने वाली पाइपलाइन के लीकेज से दूषित जल लोगों के घरों तक पहुंच रहा है लेकिन नगर निगम का इस और ध्यान नहीं है नगर निगम के साथ ही निजी जेएमसी कंपनी भी जल सप्लाई कर रही है लेकिन इसके भी द्वारा कोई विशेष ध्यान नहीं दिया जा रहा है जेएमसी कंपनी की आधी अधूरी जल वितरण व्यवस्था के चलते दूषित जल शहर वासियों के घरों तक पहुंच रहा है नगर निगम और जेएमसी कंपनी शुद्ध जल देने का दवा तो कर रही है बावजूद इसके शहर में मलेरिया का प्रकोप बढ़ता जा रहा है जो चिंता का विषय है!

# युवा उत्सव में एम आई एम टी कॉलेज के प्रतिभागियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

### विश्वविद्यालय में करेंगे जिले का प्रतिनिधित्व




**नरसिंहपुर।** मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग एवं रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर के निर्देशानुसार जिला स्तरीय युवा उत्सव कार्यक्रम का आयोजन प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नरसिंहपुर में किया गया। एम.आई.एम.टी. कॉलेज नरसिंहपुर के प्रतिभागियों ने समूह लोक नृत्य, स्किट, मूक अभिनय, एवं ड्रामा में विजय श्री हासिल की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रो. आर बी सिंह प्राचार्य प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय स्नात्कोत्तर महाविद्यालय नरसिंहपुर एवं कार्यक्रम अध्यक्ष एल एन रजक, प्रभारी प्राचार्य महिला महाविद्यालय नरसिंहपुर की उपस्थिति में किया गया। अतिथियों द्वारा युवा उत्सव को युवाओं की प्रतिभा निखारने का श्रेष्ठ माध्यम बताते हुये देश की गौरवशाली सांस्कृतिक परंपरा को आगे ब?ाने का साधन निरूपित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती पूजन के साथ किया गया। युवा उत्सव की डांस, स्किट, माइम, ड्रामा, वाद विवाद, एकल व समूह गायन पाश्चात्य शैली, ऑन स्पॉट पेंटिंग, कोलॉज की विधाओं में एम.आई.एम.टी. कॉलेज के प्रतिभागी जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। युवा उत्सव की विभिन्न विधाओं पर विश्वविद्यालय स्तर हेतु चयनित होने पर एम.आई.एम.टी. कॉलेज नरसिंहपुर के चेयरमैन इंजी. रुद्रेश तिवारी, एवं सांस्कृतिक प्रभारी मेजर डॉ पराग नेमा ने प्रतिभागियों को शुभकामनाएं एवं बधाइयां प्रेषित की है।

# डीएम के औचक निरीक्षण से राजकीय मेडिकल कॉलेज में मचा हड़कम्प

### स्वास्थ्य सेवाओं का मरीजों से लिया फीडबैक, प्रत्येक कक्ष में जाकर देखी व्यवस्थाएं

### औषधि कक्ष पहुंचकर स्टॉक चेक किया और चिकित्सक द्वारा लिखी गई दवाओं का सत्यापन किया

### अनाधिकृत व्यक्तियों के प्रवेश पर लगेगी रोक, सीसीटीवी कैमरे बढ़ाये जायेंगे

**ललितपुर।** जिले में स्वास्थ्य सेवाओं के भौतिक सत्यापन और उनकी बेहतरी के लिए जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने गुरुवार को राजकीय मेडिकल कॉलेज का औचक निरीक्षण किया। डीएम के निरीक्षण की खबर सुनकर अधिकारी व चिकित्सक मौके पर जा पहुंचे। डीएम ने प्रत्येक कक्ष का बारीकी से निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेकर मरीजों से उनका फीडबैक लिया। उन्होंने निर्देश दिये कि चिकित्सालय में कोई भी अनाधिकृत व्यक्ति प्रवेश न करे, इसके लिए सीसीटीवी कैमरे बढ़ाये जायें और यदि कोई सरकारी सम्पत्ति को क्षति पहुंचाता है तो उसके विरुद्ध कानूनी कार्यवाही कर जुर्माना वसूला जाए। मरीजों को बेहतर उपचार के साथ-साथ साफ बेड, शौचालय, जांचे आदि निशुल्क उपलब्ध करायी जायें, यदि किसी प्रकार के लेनदेन की शिकायतें मिली तो सम्बंधित के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। यह भी बताया कि जिन चिकित्सकों की यहां आवश्यकता है उनके लिए शासन से पत्राचार किया जाएगा और जल्द से जल्द चिकित्सकों की तैनाती के प्रयास किये जायेंगे। उन्होंने आउटसोर्स पर कार्यरत कर्मचारियों से मिलकर एक सप्ताह के भीतर लम्बित वेतन दिलवाये जाने हेतु प्राचार्य को



निर्देशित किया। पर्चा काउंटर व दवा वितरण कक्ष में जाकर पंजिकाओं का अवलोकन कर सम्बंधित कर्मचारी को मानक के अनुसार मरीजों की हिस्ट्री व दवाओं का अंकन करने के निर्देश दिये। मौके पर प्रधानाचार्य ने बताया कि पूर्व में यह जिला चिकित्सालय था, लेकिन इसे बाद में 500 बेड का उच्चीकृत मेडिकल कॉलेज में परिवर्तित कर दिया गया है। तदोपरान्त डीएम ने एसएनसीओ व मदर केयर यूनिट का निरीक्षण किया, जहां जीर्णोद्धार का कार्य चल रहा था। बताया गया कि निर्माण कार्य के चलते मदर केयर यूनिट और एसएनसीयू को जच्चा-बच्चा वार्ड में शिफ्ट किया गया है। डीएम ने कहा कि जल्द से जल्द निर्माण कार्य पूर्ण कराकर प्रसूता महिलाओं और बच्चों को शिफ्ट करें। इमरजेंसी एक्जिट को भी देखा और निर्देश दिये कि चिकित्सालय के ऑपन एरियाज को जाली से कवर कराया जाए, ताकि कोई यहां गंदगी या कचरा न डाल सके। ऑपरेशन थियेटर में सीएमएस ने बताया कि प्रतिदिन ऑपरेशन किये जाते हैं। जरनल वार्ड, महिला, पुरुष व आयुष्मान वार्ड के निरीक्षण में जिलाधिकारी ने पेसेंट हिस्ट्री एवं स्टॉफ पॉजीशन रजिस्टर का अवलोकन किया। हडडी एवं जोड़ रोग कक्ष में डा.एम.सी.गुप्ता मरीजों को देखते हुए पाये गए। डीएम ने औषधिक भण्डार कक्ष में पहुंचकर स्टॉक जांचते हुये चिकित्सक द्वारा लिखी गई दवाओं को मंगाकर उनका सत्यापन किया। बताया गया कि यहां पर उच्च गुणवत्ता वाली दवाएं भी स्टॉक में उपलब्ध हैं, जो मरीजों को निशुल्क दी जाती हैं। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि उपलब्ध दवाओं के साथ-साथ एक्सपायरी दवाओं का भी रिकॉर्ड रखा जाए और ऑनलाइन पोर्टल पर अपडेट किया जाए। डीएम ने ब्लड बैंक पहुंचकर ब्लड स्टोरेज चैम्बर का निरीक्षण कर स्टॉक चेक किया, जिसमें 94 यूनिट रक्त की उपलब्धता मिली।

## पिता-पुत्र पर घर में घुसकर जेवरात व नकदी चोरी करने का आरोप

**ललितपुर।** गांव के दबंग लोगों ने घर में घुसकर पहले सोना-चांदी व नकदी की चोरी की, नींद खुलने पर घर का स्वामी चिल्लाया, जिससे परिजनों ने जागकर चोरों को पकडऩे का प्रयास किया तो चोरों ने कुल्हाड़ी व लाठियों से मारपीट कर दी। आरोप है कि शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी गयी। घटना की सूचना थाना जखौरा में दी गयी, जिस पर कार्यवाही तो नहीं लेकिन पीड़ित पक्ष का ही चालान कर दिया गया। ऐसा अजब-गजब वाक्या जब सदर विधायक रामरतन कुशवाहा के समक्ष पहुंचा तो उन्होंने तत्काल पुलिस अधीक्षक को जांच कर नियमानुसार एफआईआर दर्ज कराने और कार्यवाही कर माल बरामद कराये जाने की बात कही है।

विधायक सदर को दिये शिकायती पत्र में ग्राम बुढ़ेरा निवासी प्रकाश पाल पुत्र मुन्नालाल ने बताया कि बीती 3 नवम्बर को वह अपने माता-पिता के साथ घर में सो रहा था। रात करीब 11 बजे उसे खटपट की आवाज आयी, जिस पर वह जाग गया और लाइट जलाने पर पाया कि गांव के रहने वाले पिता-पुत्र उसके घर के बक्से में रखे सोने-चांदी के जेवरात और 20 हजार रुपये की नकदी चोरी कर भाग रहे हैं।

## » न्यूज कैप्सूल »

### स्कूटी से पहले कट मारा, फिर धमकाया

**ललितपुर।** मोहल्ला घुसयाना में रहने वाले रंजीत सिंह पुत्र वंशीलाल ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि 11 नवम्बर को शाम करीब सवा छह बजे वह अपने बच्चों को कोचिंग से लेने जा रहा था। वह भारत गैस एजेन्सी के पास स्कूटी नं. यू.पी.94 जेड 4926 पर सवार नेहरू महाविद्यालय के सामने शान्तिनगर निवासी राम व रिक्की दुबे ने साइड देकर कट मार दिया, जिससे वह डिवाइडर से टकराने से बाल-बाल बचा। जब उलाहना दिया गया तो उक्त लोगों ने गालियां देते हुये मारपीट कर दी और जान से मारने की धमकी देकर भाग गये। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### ससुरालियों ने महिला को मारपीट कर घर से निकाला

**ललितपुर।** मुख्यालय के समीपवर्ती ग्राम मैलवाराखुर्द निवासी गजरा पत्नी कप्तान ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि 11 नवम्बर को अपराह्न 12 बजे वह घर में थी। तभी उसका पति कप्तान, देवर अखण्ड, सास मुन्नीबाई व ससुर रामप्रसाद एकराय होकर आये और गालियां देने लगे। मना करने पर उक्त लोगों ने मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि ससुरालियों ने उसे उसके पुत्र के साथ घर से निकाल दिया, जिससे वह काफी परेशान है। महिला की तहरीर पर पुलिस ने ससुरालियों पर मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### मारपीट कर धमकाने का आरोप

**ललितपुर।** थाना जखौरा अंतर्गत चौकी बांसी के ग्राम खिरकन निवासी तुलाराम पुत्र कल्ले पाल ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती देर रात करीब 8 बजे वह अपने घर के दरबाजे पर बैठा था। गांव के सरमन पुत्र सियाराम कुशवाहा, सुरेश पुत्र रमेश कुशवाहा आये और बिना कारण गालियां देते हुये विरोध करने पर मारपीट कर दी और जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक घायल

**ललितपुर।** थाना सौजना अन्तर्गत ग्राम भदौरा में रहने वाले रामप्रसाद पुत्र हल्कुवा कुशवाहा ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि 9 नवम्बर की शाम करीब 7.30 बजे वह घर से खाद की दुकान पर जा रहा था। तभी रास्ते में प्राथमिक विद्यालय के 100 मीटर आगे किसी अज्ञात मोटर साइकिल ने उसे जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गिरकर घायल हो गया। उसके गांव के लोगों ने परिजनों की मदद से टीकमगढ़ अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 125 (ए) व 125 (बी) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### जाखलौन पुलिस ने पांच मोबाइल लौटाए

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन, एएसपी कालू सिंह व सीओ सदर अजय कुमार के पर्यवेक्षण में थाना जाखलौन के साइबर हेल्प डेस्क पर गिरे/खोये हुए मोबाइल फोन की गुमशुदगी अंकित की गयी थी। जाखलौन पुलिस ने बताया कि खोए मोबाइल फोन्स के मिले कागजातों का अवलोकन कर त्वरित व प्रभावी कार्यवाही करते हुये भारत सरकार द्वारा संचालित पोर्टल पर फोन की डिटेल अपलोड कर फोन के आईएमईआई नम्बरों को रन किया गया। जिससे प्राप्त डाटा का अवलोकन व विश्लेषण कर प्राप्त जानकारी से गिरे व खोए फोन्स जिनकी कीमत करीब 70 हजार रुपये बतायी गयी है को बरामद कर उनके स्वामियों को सुपुर्द किया गया। फोन्स बरामद करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष जाखालैन उ.नि.अभिषेक सिंह, क.आ. ग्रेड बी विवेक राज मिश्र, आरक्षी अजयपाल सिंह, आरक्षी संजय अवस्थी, आरक्षी रामजी तिवारी आदि शामिल रहे।

### बार पुलिस की तत्परता ने साइबर ठगी से बचाए पीड़ति के 15 हजार

**बार।** थाना बार पुलिस ने बुधवार को साइबर ठगी का शिकार हुए एक युवक के करीब 15 हजार रुपए बचा दिए। थाना जखौरा निवासी छोटू राजा पुत्र जयपाल सिंह ब्लॉक बार में काम करता है, बुधवार को उसने लोन लेने के चक्कर में अपने खाते से तीन किस्त में 16570 रुपये ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद भी ठग द्वारा 15 हजार रुपए की अतिरिक्त मांग की गई। जिससे पीि?त को उसके साथ ठकी होने आशंका हुई। उसने तत्काल 1930 लगाया लेकिन वह असफल हुआ, तब पीि?त ने बार थाना पहुंचकर घटना बताई। जिस पर थाना प्रभारी अजमेर सिंह भदौरिया ने साइबर पुलिस कम्प्यूटर ऑपरेटर राहुल राय की मदद से साइबर पोर्टल पर शिकायत दर्ज करवाकर 15 हजार रुपए होल्ड करवा दिए।

### सिंचाई करते समय करंट की चपेट में आए किसान की मौत, परिजनों में मचा कोहराम

**तालबेहट।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बिजरौठा के मजरा बरपोखर में गुरुवार की सुबह उस समय कोहराम मच गया जब खेतों पर सिंचाई कर रहे एक बुजुर्ग किसान की करंट लगने से मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार, गांव के रहने वाले श्यामलाल (70 वर्ष) पुत्र मोहन कुशवाहा सुबह अपने खेतों पर सिंचाई करने गए थे। बताया गया कि उन्होंने मोटर चालू करते समय करंट प्रवाहित तार के संपर्क में आ जाने से झटका खा लिया।

# फर्जी पत्रकार बनकर सब्जी विक्रेता से हड़पे 25 हजार रुपये

### प्याऊ बनने की फर्जी कहानी बताकर दुकान हटवाने की दे रहे थे धमकी

### सवा महीने तक प्रताड़ित होकर विक्रेता ने दिये रुपये, बना ली वीडियो

### एसपी को पीड़ित ने दिया शिकायती पत्र, जांच के बाद एफआईआर दर्ज

### देवेन्द्र पाठक लक्ष्मीपुरा व बलराम पचौरी समेत दो अज्ञात पर दर्ज हुआ मामला





**ललितपुर।** खुद को पत्रकार बताते हुये दुकान को अतिक्रमण में फिकवा देने की धमकी देते हुये 25 हजार रुपये लेकर हड़प लेने और वीडियो वायरल करने पर 50 हजार रुपये की और मांग करने का हैरत अंगेज मामला प्रकाश में आया है। प्रकरण को लेकर पीड़ित सब्जी विक्रेता ने चार लोगों पर एफआईआर दर्ज करायी है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर दो नामजद और दो अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

शहर क्षेत्र के मोहल्ला नदीपुरा निवासी मु.रहीश पुत्र मु.हनीफ ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि वह फुटपाथ पर सब्जी की दुकान खोलकर अपना व परिवार का भरण-पोषण करता है। नझाई बाजार में पार्किंग के बगल में रिक्त जमीन पर वह विगत 25 वर्षों से काबिज होकर अपनी सब्जी की दुकान संचालित किये है। पीड़ित के अनुसार पिछले एक-सवा महीने पहले मोहल्ला लक्ष्मीपुरा निवासी देवेन्द्र पाठक व नई बस्ती निवासी बलराम पचौरी अपने दो अज्ञात साथियों के साथ दुकान पर आये और अपने आप को पत्रकार बताते हुये वीडियो बनाने लगे। इनके साथ उक्त समय एक व्यक्ति और भी था। पांचों लोग यहां प्याऊ प्रस्तावित होने की बात कहने लगे। आरोप है कि उक्त लोग सब्जी विक्रेता से दुकान हटाने की बात कहने लगे, जब सब्जी विक्रेता ने प्याऊ सम्बन्धित दस्तावेज मांगे तो उक्त लोगों ने पत्रकार होने की धौंस दी और दो दिन के अंदर दुकान हटा लेने की धमकी देते हुये अन्यथा की स्थिति में अतिक्रमण में दुकान हटवा देने की बात कही। पीड़ित सब्जी विक्रेता का आरोप है कि कई दिनों तक उक्त लोग उसकी दुकान पर आकर वीडियो बनाते और उसे धमकाते रहे, जिससे वह सहम गया। प्रतिदिन होने वाले मानसिक उत्पीडऩ और दुकान बचाने की जद्दोजहद में उसे कुछ समझ नहीं आ रहा था। पीड़ित का आरोप है कि उक्त लोगों ने 50 हजार रुपये देने पर प्याऊ को और कहीं शिफ्ट करा देने की भी बात कही। संदेह होने पर पीड़ित ने बीती 28 सितम्बर 2025 को अपराह्न करीब 1 बजे सब्जी मण्डी में केले के थोक विक्रेता साबिर पुत्र फकीरे की दुकान पर उक्त लोगों ने बुलाया और मामला निपटाने की बात कही। पीड़ित जब उक्त साबिर की दुकान पर जाने लगा तो उन्हें रास्ते में उसका भाई रफीक और रोंडा निवासी मेहरबान सिंह भी मिले। मेहरबान को पूरी बात बताने के बाद उक्त लोगों ने मोबाइल लेकर घटना की वीडियो बनाने की योजना बनायी। साबिर की दुकान पर पहुंचने पर यूट्यूबर जो कि फर्जी पत्रकार देवेन्द्र पाठक व बलराम पचौरी ने अपने दो अन्य साथियों के साथ उससे 50 हजार रुपये की मांग की। मानसिक दबाव से आजिज आकर पीड़ित ने उक्त लोगों को 25 हजार रुपये नकद दे दिये, जिसका वीडियो भी उन्होंने बना लिया। पीड़ित ने अपने साथ हुये जालसाजी और ब्लैकमेलिंग की वीडियो सोशल मीडिया पर प्रकाशित करा दी, जिस पर उक्त लोगों ने पुनः आकर उसे धमकाया और 50 हजार रुपये और मांगने लगे। पीड़ित का आरोप है कि उक्त लोगों ने धमकाया कि उनका कुछ नहीं बिगड़ेगा और वह उसका वह हाल करेंगे कि पीढ़ी दर पीढ़ी याद करेंगे। पीड़ित ने जानमाल का खतरा भी बताया। मु.रहीश की तहरीर पर पुलिस अधीक्षक ने मामले की पूरी जांच करायी। जांच पूरी होने के बाद अब एसपी के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने देवेन्द्र पाठक व बलराम पचौरी समेत दो अज्ञात लोगों पर बीएनएस की धारा 308 (5) व 351 (3) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# क्षेत्र पंचायत बार में दुकानें निर्माण का मामला





### शिकायतकर्ता कार्यवाही से संतुष्ट नहीं

### फिर पहुंचे मण्डलायुक्त के समक्ष, दिया पत्र

**ललितपुर।** कस्बा बार में क्षेत्र पंचायत की जमीन पर बनायी गयी 20 दुकानों को अवैध करार देते हुये क्षेत्र की जनता द्वारा मण्डल आयुक्त से कार्यवाही की मांग की गयी थी। प्रकरण की जांच मुख्य विकास अधिकारी ने दलबल सहित मौके पर जाकर की थी। बताया जा रहा है कि सीडीओ की रिपोर्ट उपरान्त बिना लेण्टर की 9 दुकानों को ध्वस्त करने और 11 दुकानों को श्रमदान घोषित करने का फैसला लिया था। लेकिन मौके पर सकारात्मक कार्यवाही न होने के चलते क्षेत्र के युवा फिर से मण्डल आयुक्त की शरण में पहुंचे हैं। बीते बुधवार को क्षेत्र के युवाओं ने मण्डलायुक्त को झांसी पहुंच कर पत्र दिया। पत्र के जरिए उन्होंने मण्डल आयुक्त को बताया गया कि उक्त अवैध पायी गयी दुकानों को लेकर जिलाधिकारी ने आदेश दिया था, जिसको लेकर वहां की जनता द्वारा सभी दुकानों को ध्वस्त करने की मांग उठायी जा रही है। मण्डल आयुक्त को भेजे पत्र में यह भी बतायागया कि अधिकारियों द्वारा बीती 30 अक्टूबर को की गयी शिकायत के आधार पर की गयी कार्यवाही उचित नहीं है। उन्होंने पूरे मामले की गहनता से जांच कर आमजन की मांग पर कार्यवाही किये जाने की मांग उठायी है। पत्र देते समय पुष्पेन्द्र सिंह, धर्मेंद्र कुमार, रामजीवन प्रजापति, अमन गुप्ता, विक्रम सिंह आदि मौजूद रहे।

# अचानक तालबेहट थाने पहुंचे एसपी, किया निरीक्षण



### जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम करे पुलिस - एसपी

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने थाना तालबेहट का आकस्मिक निरीक्षण कर थाना परिसर, कार्यालय आदि का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। थाना कार्यालय के रजिस्टरों को चेक किया गया तथा व्यवस्थित रख-रखाव करने को कहा। थाने में लम्बित विवेचनाओं का गुण दोष के आधार पर विधिक निस्तारण करने व थाना क्षेत्र के वांछित अभियुक्तों/वारंटियों की गिरफ्तारी, अवैध शराब, मादक पदार्थों, पशु तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा थाने पर आने वाले शिकायतों का शत-प्रतिशत व समयबद्ध निस्तारण करने जाने हेतु निर्देशित किया। माफियाओं को चिन्हित कर उनके विरूद्ध गैंगस्टर एक्ट की कार्यवाही व थाना स्तर पर टॉप-10 अपराधी व हिस्ट्रीशीटर की सतत निगरानी हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये। महिलाओं की सुरक्षा हेतु एन्टीरोमियो स्कॉवड व मिशन शक्ति टीम को निरंतर थाना क्षेत्र स्कूल, कॉलेज, पार्कों आदि जगहो पर भ्रमण करने हेतु आदेशित किया गया जिससे महिला सम्बंधी अपराध न हो पाए तथा शासन की जीरो टॉलरेंस नीति पर काम करें। प्रभारी निरीक्षक थाना तालबेहट को साइबर अपराध जागरूकता अभियान चलाकर, आमजन को जागरूक करने हेतु निर्देशित किया गया। एसपी ने प्रभारी निरीक्षक थाना तालबेहट को थाना क्षेत्र में प्रमुख भीड़-भाड़ वाले चौराहों, सराफा बाजार, व्यवसायिक प्रतिष्ठानों आदि जगहों पर पेट्रोलिंग के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। सर्दी के मौसम के दृष्टिगत, लूट, चोरी, छिनैती आदि प्रकार की घटनाओं के पूर्व अपराधियों का भौतिक सत्यापन कर उनके विरूद्ध आवश्यक निरोधात्मक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया। प्रभारी निरीक्षक तालबेहट को निर्देशित किया गया कि यातायात नियमों का विशेष रूप से पालन कराना सुनिश्चित करें एवं चेकिंग के दौरान बिना हेल्मेट/शराब पीकर आदि वाहन चालकों की चेकिंग कर आवश्यक कार्यवाही के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

# सोशल मीडिया पर फर्जी एकाउण्ट बनाकर फोन की डबल स्क्रीन करने का आरोप

### युवती की तहरीर पर साइबर सेल पुलिस ने दर्ज की एफआईआर

**ललितपुर।** वर्ष 2016-17 में सोशल मीडिया के फेसबुक एकाउण्ट पर फर्जी आई.डी. बनाकर मोबाइल को हैक करने और धोखाधड़ी किये जाने का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। प्रकरण में युवती ने एक व्यक्ति पर गंभीर आरोप लगाते हुये एफआईआर दर्ज कर कार्यवाही की मांग उठायी। प्रकरण में साइबर सेल पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। गांधीनगर लिटिल फ्लावटर स्कूल के पास रहने वाली शिखा रजक पुत्री वीरेश रजक ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 5 अक्टूबर 2016 को सोशल मीडिया के फेसबुक एकाउण्ट पर उसकी फोटो अपलोड की। वर्ष 2016-17 में फेसबुक पर निर्मला पाल नाम से फर्जी आईडी मिली। वर्ष 2017 में फेसबुक पर शिकायत की गयी, जिससे एकाउण्ट को 4 साल के लिए निष्क्रिय कर दिया गया। जून 2021 के बाद से फोन पर दिखाई देने वाली दुर्भावनापूर्ण गतिविधियों में वॉल्यूम को अपने आप कम-ज्यादा करना, कैमरा धुंधला और काम न करना, फोन में कई बाहरी फाइलें अपने आप आना, संपर्क जानकारी जिसमें नाम, पता बदलना, कॉल के दौरान बैकग्राउंड शोर, डिस्प्ले मूवमेंट, डिस्प्ले वॉलपेपर बदलना, सेटिंग्स बदलना, मेरी स्क्रीन पर दूसरे फोन की स्क्रीन दिखना (डबल स्क्रीन), इंटरनल और क्लाउड स्टोरेज फुल दिखाना, मेलबॉक्स फुल, ब्राउजर सेटिंग्स बदलने के बाद भी क्रोम पर नॉन वेबसाइट दिखना, कॉल फॉरवर्डिंग, दर्ज किया गया पासवर्ड एन्क्रिप्टेड नहीं होना, पासवर्ड बदलना, सोशल मीडिया अकाउंट लॉग इन न कर पाना, नेटवर्क समस्याएं, इंटरनेट समस्याएं, कॉल फॉरवर्ड होना, मैसेज अपने आप भेज दिया जाना और भी बहुत कुछ। इसके अलावा, व्हाइटहैट जूनियर में एक महीने की इंटर्नशिप और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज में नौकरी के दौरान मेरा अनुभव बेहद खराब रहा। कुल मिलाकर, दर्द अनसुना कर दिया गया। उन्होंने साइबर क्राइम सेल से मामले में हस्तक्षेप की मांग की। बताया कि उन्होंने इसी कारण के चलते अपनी नौकरी खो दी और वर्ष 2021 से रोजगार के लिए संघर्षरत हैं। अपने पिता को खोने के बाद मां की देखभाल कर रहीं हैं।

### कर्नाटका व मुम्बई सीएसएमटी एक्सप्रेस में चोरी

**ललितपुर।** कर्नाटका एक्सप्रेस में सफर कर रहे यात्री का सोते समय पर्स चोरी हो गया। घटना की सूचना जीआरपी पुलिस ने दर्ज की है। उत्तर प्रदेश के जिला रामपुर अंतर्गत स्वार, ससोदिया निवासी शकील अहमद पुत्र जम्मा ने जीआरपी पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि 11 अक्टूबर 2025 को वह ट्रेन संख्या 12628 कर्नाटका एक्सप्रेस के कोच नं. एस-6 के बर्थ नम्बर 49 पर दिल्ली से बैंगलुरू की यात्रा कर रहा था। सुबह करीब 4 बजे जबब उसकी नींद खुली तो उसने सिर के पास रखा लेडीज पर्स गायब था। पर्स के अंदर रखा एक छोटा पर्स, जिसमें 3000 रुपये नकद, दो एटीएम कार्ड, आधार कार्ड, पैन कार्ड, ड्राईविंग लाइसेंस, गाड़ी की आर.सी., यात्रा टिकिट, एक मोबाइल इत्यादि चोरी हो गया। इस प्रकार कुल 70 हजार 500 रुपये का सामान किसी अज्ञात बदमाश ने चोरी कर लिया। जीआरपी पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात चोर के खिलाफ बीएनएस की धारा 305 (सी) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। वहीं दूसरी ओर मध्य प्रदेश के जिला सागर अंतर्गत वार्ड नं. 39 मोतीनगर के खेमचंद्र अस्पताल के पास रहने वाले गौरव सोनी पुत्र गौरीशंकर ने जीआरपी पुलिस को तहरीर दी है।

### संकुल देवरान की क्रीड़ा प्रतियोगिताओ में खजरा ने लहराया परचम

**ललितपुर।** संविलियन उच्च प्राथमिक विद्यालय खजरा में संकुल देवरान की संकुल स्तरीय मिनी बालकीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन खंड शिक्षा अधिकारी बार सुश्री शैलजा व्यास एवं उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री अरुण गोस्वामी द्वारा संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जलन एवं फीता काटकर शुभारंभ किया गया इस अवसर पर जिला व्यायाम शिक्षक धर्मेंद्र जैन ब्लॉक व्यायाम शिक्षक पूर्णेंद्र सिंह खेल शिक्षक विशाल गुप्ता रियाज अहमद विश्वेंद्र यादव सुनील राजपूत देवेंद्र कुमार विक्रम सिंह ने निर्णायक मंडल में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए निर्धारित समय अवधि एवं निष्पक्ष निर्णय करते हुए सभी प्रतियोगिताएं संपन्न कराने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इन प्रतियोगिताओ में प्राथमिक स्तर पर 50मीटर बालक अंश खैरों बालिका छाया खजरा 100मीटर बालक राज देवरान बालिका छाया खजरा 200 मीटर बालक सूर्यप्रताप खजरा बालिका छाया खजरा 400मीटर बालक सूर्यप्रताप खजरा बालिका छाया खजरा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया इसी प्रकार जूनियर स्तर पर 100 मीटर बालक अंश देवरान बालिका महक खजरा 200 मीटर अंकेश देवरान बालिका सुहानी खजरा 400 मीटर बालक शिवकांत करमई बालिका सुहानी खजरा 600 मीटर बालक शिवकांत करमई बालिका सुहानी खजरा ने परचम लहराया।

# पिता ने दोनों पुत्रों को दे दी शिक्षक की नौकरी

### कार्रवाई करने में कतरा रहे हैं शिक्षा विभाग के अधिकारी

### अधिवक्ता ने शिक्षा निदेशक आदि को भेजे शिकायती पत्र के माध्यम से की जांच की मांग

**झांसी।** एक प्राइवेट स्कूल में फर्जी नियुक्ति दिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में जिला विद्यालय निरीक्षक के भूमिका संदिग्ध नजर आ रही है। शिकायती पत्र के बाद भी अभी तक फर्जी नियुक्ति के मामले में कोई कार्रवाई नहीं की है।

अधिवक्ता संजीव कुमार चतुर्वेदी ने शिक्षा निदेशक लखनऊ, संयुक्त शिक्षा निदेशक, डीएम व एसपी बिजिलेंस को भेजे शिकायती पत्र में कहा है कि एसपीआई इंटर कॉलेज सिविल लाइन झांसी में एक व्यक्ति की फर्जी नियुक्ति उनके सगे छोटे भाई ने व्यायाम शिक्षक की तर्ज पर की गई है। इन दोनों के पिता जो तत्समय प्रवक्ता हिंदी के पद पर कार्यरत थे, ने अपने दोनों पुत्रों की नियुक्ति उस समय विद्यालय में कार्यरत संचालक ने धनबल से विद्यालय में रिक्त न होने पर भी करा ली थी और तत्कालीन जिला विद्यालय निरीक्षक झांसी से ही उसी शक्ति के आधार पर अनुमोदन प्राप्त किया।

शिकायती पत्र में कहा है कि छोटे भाई का वेतन आधारहीन नियुक्ति होने के कारण 28 दिसंबर 2024 को रोक दिया गया था। तथा लगबग चार माह पेंशन रुकी रही। यह ज्ञात है कि लगभग छह माह तक छोटे भाई की नियुक्ति अनियमित मानी गई और उसके बाद ऐसी कौन सी विद्या निकली जिसमें छोटे भाई को मौलिक रुप से उनको मौलिक पद पर किस आधार पर रिक्त पद के प्रतिनियुक्त मान लिया गया है और सुनवाई लगाकर एक बिना पद के फर्जी तरीके से नियुक्त अध्यापक को विनियमितीकरण चयन वेतनमाल एवं प्रोन्नत वेतनमान स्वीकृत होने का संदर्भ ग्रहण किया गया और संपूर्ण कार्य संपन्न कर दिए गए।

शिकायती पत्र में कहा है कि शिकायतकर्ता को आदेश की प्रति भी नहीं दी गई। इसी प्रकार दूसरे भाई की नियुक्त की गई। दोनों नियुक्तियों में थोड़ी भिन्नता है किन्तु दोनों अनियमित है जबकि शासनादेश यह है कि एक संस्था में पहले से ही कार्यरत किसी भी कर्मचारी/शिक्षक आदि के सगे संबंधी उसी संस्था या कार्यालय में नियुक्त नहीं हो सकते। किन्तु नियमों के सर्वथा प्रतिकूल हिन्दी प्रवक्ता ने अपनी ही संस्था में दोनों को अध्यापक बनवा लिया। यह कृत्य नितांत अनैतिक एवं अनियमित है। शिकायती पत्र में कहा है कि जिला विद्यालय निरीक्षक ने 7 अगस्त 2025 को पत्रांक संख्या 4856-57/2025-26 पोर्टल पर दर्ज आईजीआरएस के संबंध में आख्या एवं साक्ष्य प्राप्त नहीं है तथा शिकायत का अधूरा निस्तारण करते हुए निस्तारण कर दिया था। किन्तु शिकायतकर्ता ने दोनों सगे भाइ की फर्जी व अनियमित नियुक्ति संबंधी शिकायत अफसरों से भी की थी। शिकायती पत्र के माध्यम से जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## धनिया की खेती से बड़ेगी किसानों की आमदनी

**झाँसी।** रानी लक्ष्मीबाई केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय के प्रसार शिक्षा निदेशक डॉ. सुशील कुमार सिंह ने बुंदेलखंड क्षेत्र के किसानों को धनिया की खेती करने की सलाह दी है। उन्होंने बताया कि धनिया मसाला बीजीय समूह की एक प्रमुख फसल है, इसकी खेती उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र,राजस्थान और बिहार में बड़े पैमाने पर की जाती है। बुंदेलखंड क्षेत्र की चिकनी और चिकनी दोमट मिट्टी जाड़े के मौसम में धनिया उत्पादन के लिए अत्यंत उपयुक्त है।

## » न्यूज कैप्सूल »

### जो पैसा मिला है वह सोने की चेन बेचकर कमाया था

**झांसी।** साहब, जो पैसा मिला है, यह पैसा ट्रेन के अंदर ट्रॉली बैग से चुराई गई सोने की चेन बेचकर कमाए थे। कुछ पैसा खर्च हो गया। यह बात चोरी करने के आरोप में पकड़े गए बदमाश ने रेलवे पुलिस से कही है। गिरफ्तार किए गए आरोपी को अदालत में पेश किया। वहां से उसे जेल भेजा गया।

पुलिस अधीक्षक रेलवे विपुल कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में जीआरपी थाना प्रभारी निरीक्षक रावेंन्द्र कुमार मिश्र के नेतृत्व में गठित की गई टीम चोरी करने वाले बदमाशों की तलाश में लगी थी। सूचना मिली कि जीआरपी फुट ओवर ब्रिज के पास एक बदमाश खड़ा है। इसके पास पैसा है। इस सूचना पर गई रेलवे पुलिस ने घेराबंदी कर बदमाश को पकड़ लिया। रेलवे पुलिस के मुताबिक बांदा के कोतवाली थाना क्षेत्र के खांई मोहल्ले में रहने वाले नीरज वर्मा को गिरफ्तार कर लिया। इसके पास से 1765 कैश बरामद किया गया। यह पैसा सोने की चेन बेचकर प्राप्त किया था।

पूछताछ के दौरान अभियुक्त ने बताया कि उसके पास से जो रुपये हैं। यह रुपये उसने सात माह पहले रेलवे स्टेशन झांसी से चलती ट्रेन के अंदर कोच में सो रही एक महिला यात्री का अमेरिकन टूरिस्टर कंपनी का ट्रॉली बैग चोरी किया था। ट्रॉली बैग के अंदर छोटी सोने की चेन, कुछ कपड़े, जूते व कुछ कागज रखे थे। ट्रॉली बैग से सोने की चेन निकालकर, ट्रॉली बैग को मय सामान के चलती ट्रेन से रात के अंधेरे में कहीं फेंक दिया था। सोने की चेन को उसने आने जाने वाले किसी अंजान व्यक्ति को अपनी मजबूरी का बहाना बनाकर ओने पौने दामों में बेच दिया था जिसमें मिले रुपयों में से खर्च करने के बाद 1765 रुपए बचे हैं। इस प्रकार वह चलती ट्रेनों के अंदर व प्लेटफार्मों पर सो रहे यात्रियों को मौके के अनुसार टारगेट बनाकर उनके मोबाइल फोन आदि सामान चोरी करता था।

### जंजीर छीनने के आरोपी पर पांच सौ रुपए का अर्थदंड

**झांसी।** जेजेडी/एफटीसी अदालत ने नवाबाद थाना क्षेत्र के तोपखाना मोहल्ले में रहने वाले शेखर सिंह को जंजीर छीनने का आरोप सिद्ध होने पर जेल में बिताई गई अवधि की सजा व पांच सौ रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। मालूम हो कि नवाबाद थाना पुलिस ने शेखरसिंह को वर्ष 2007 में जंजीर छीनने के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेजा था।

### राजकीय महिला पॉलिटेक्निक में पोस्टर्स प्रतियोगिता सम्पन्न

**झाँसी।** नगर निगम झाँसी, ए जी एनवायरो इंफ्रा प्रोजेक्ट्स और सर्वहित सर्वोपरि जनकल्याणकारी संस्थान द्वारा आज अंतिम चतुर्थ दिवस राजकीय महिला पॉलिटेक्निक में मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत महिलाओं का स्वच्छता में योगदान विषय पर पोस्टर स्पर्धा सम्पन्न। प्रधानाचार्य एल एस यादव के मुख्य आतिथ्य और पुस्तकालय अध्यक्ष संतोष सिंह भदौरिया, इंस्ट्रक्टर अर्पिता खरे, भावना कौशिक, अर्चना त्यागी, नगर निगम से डेटा एनालिस्ट देवेश सविता के विशिष्ट आतिथ्य में आयोजित स्पर्धा में छात्राओं ने विषयांतर्गत सार्थक सारगर्भित पोस्टर्स बनाए । आरूषि राज प्रथम, शांभवी पाण्डेय द्वितीय और सोनाक्षी यादव तृतीय स्थान पर रहे । विजयी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र और स्वच्छता वीर सम्मान से सम्मानित किया गया । समस्त सहभागियों को प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। देवेश सविता ने कचरा प्रथक्करण निस्तारण एवं प्रबन्धन हेतु संवाद कर छात्राओं को जागरूक किया । संस्थान अध्यक्ष संजय राष्ट्रवादी ने संचालन करते हुए मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत महिलाओं को दी जाने वाली सुरक्षा हेल्पलाइन्स की जानकारी दी । सुनील रायकवार ने आभार व्यक्त किया और लखन रायकवार शशिकांत शर्मा आदि का महत्वपूर्ण सहयोग रहा ।

### दिल्ली बम धमाके में मारे गए निर्दोष नागरिकों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि

**झांसी।** आज झांसी में शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मनोज गुप्ता की अध्यक्षता में रानी महल पर दिल्ली बम धमाके में मारे गए निर्दोष नागरिकों को हम सबने एकत्रित होकर भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी उक्त अवसर पर नि वर्तमान प्रदेश महासचिव राहुल रिछारिया ने कहा कि ये वक्त राजनीति से हटकर उन शोका कुल परिवारों के साथ खड़े रहने का है जिन्होंने ये बुरा दिन देखा हम सब मृतकों के प्रति अपना शोक व्यक्त करते हैं और घायलों के शीघ्र ही स्वस्थ होने की कामना करते हैं और साथ ही सरकार से अपील करते हैं कि आतंकवादियों को ढूंढ कर उन्हें कड़ी से कड़ी सजा देने का काम करें। शहर अध्यक्ष मनोज गुप्ता ने कहा कि हम सभी दिल्ली बम धमाके में मारे गए लोगों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं और उनके परिवार वालों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हैं और सरकार से अपील करते हैं कि वो जल्द से जल्द निष्पक्ष जांच करते हुए दोषियों को ढूंढ कर उन्हें फांसी देने का काम करें और आतंकवाद के खिलाफ एक सख्त कानून पारित करें। उक्त अवसर पर भरत राय राजकुमार सेन अशोक कंसोरिया शैलेश चतुर्वेदी नीरज सेन पार्वती चौधरी रजनी शाक्य प्रकाश राय हरिओम श्रीवास गौरव त्रिपाठी सोहन तिवारी समेत कांग्रेसी उपस्थित रहे।

# सड़क सुरक्षा माह में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन



**झांसी।** सड़क सुरक्षा माह में नगरवासियों को जागरूक करने के उद्देश्य से सामाजिक संस्था प्रयास सभी के लिए ने आज अपने कार्यक्रम के दूसरे चरण में संस्था अध्यक्ष रामबाबू शर्मा एवं संस्थापक अध्यक्ष मनमोहन गेडा के नेतृत्व में 'हमारी सुरक्षा हमारी जागरूकता' विषय पर एक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन 'महारानी लक्ष्मीबाई राजकीय कन्या महाविद्यालय' में 'प्रधानाचार्य प्रोफेसर अनुभा श्रीवास्तव एवं प्रभारी यातायात निरीक्षक उमाकांत ओझा के मुख्य आथित्य एवं डॉक्टर अजय शंकर यादव डॉक्टर कमलेश जी के विशिष्ट आथित्य' में आयोजित की गई। प्रतियोगिता में छात्राओं ने भाग लिया, छात्राओं ने भाषण में सड़क सुरक्षा के प्रति हमें अपनी जिम्मेदारियां कैसे निभाना है विषय पर अपने विचार प्रकट किये। निर्णायक 'डॉक्टर रेनू सिंह एवं डॉ ज्योति श्रीवास्तव' ने अपने विवेकपूर्ण निर्णय में 'प्रिंसी प्रजापति को प्रथम करीना वंशकार को द्वितीय एवं सना खान को तृतीय के साथ किमी निरंजन एवं वर्षा अहिरवार को सांत्वना पुरस्कार' के लिए चुना । सभी विजयी प्रतिभागियों को अतिथि एवं संस्था के पदाधिकारियो ने हेलमेट प्रदान कर पुरस्कृत किया। 'प्रभारी यातायात निरीक्षक उमाकांत ओझा' ने उपस्थित अतिथियों, पदाधिकारियों एवं छात्राओं को सड़क सुरक्षा के प्रति 'शपथ' दिलाई। इस मौके पर 'संस्था के पूर्व अध्यक्ष सुनील खरे , कोषाध्यक्ष दिनेश वर्मा एडवोकेट, अशोक अग्रवाल पीएनबी, अंबिका प्रसाद श्रीवास्तव, एच एन शर्मा, महेंद्र दीवान, विजय खरे एडवोकेट, मनीष सेठ , पवन नैयर,अशोक ओमहरे,महेश चंद्र खरया, राकेश मेहरोत्रा , बी पी नायक, मुन्ना लाल मिश्रा, सतीश साहनी, सुंदर ग्वाला आदि उपस्थित रहे'। कार्यक्रम का 'संचालन संरक्षक रामकुमार लोहिया ने एवं आभार ज्ञापन महामंत्री केडी गुप्ता' ने किया।

# बेटे के सामने पिता को बेरहमी से पीटकर मार डाला

### दारु पार्टी के दौरान हुआ था विवाद, जांच में जुटी पुलिस

**झांसी।** दारु पार्टी के दौरान हुए विवाद के चलते बिजली के तार से गला दबाकर पिता की हत्या कर दी, जबकि विरोध करने पर उसके पुत्र की बेरहमी से पिटाई की। इससे वह घायल हो गया। मौका देख आरोपी फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को उपचार के लिए मेडिकल कालेज भेज दिया, जबकि पिता के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। पुलिस ने घटना की जांच शुरु कर दी है।

कोतवाली थाना क्षेत्र के उन्नाव गेट बाहर पंचवटी कॉलोनी में रमेश प्रजापति अपने परिवार के साथ रहता था। गुरुवार को उनके रिश्तेदारी में ओरछा गेट पर शादी समारोह का आयोजन था। इस पर उसके परिवार के सभी सदस्य शादी समारोह में शामिल होने गए थे। घर पर रमेश ओर उसका पुत्र मौजूद था। तभी दोपहर को शादी में शामिल होने आए अन्य रिश्तेदार तीन युवक बाइक से रमेश के घर आए। बताया जा रहा सभी ने वहां बैठ कर दारू पार्टी की। इसी दौरान किसी बात को लेकर विवाद हो गया ओर तीनों युवकों ने रमेश के हाथ पैर बांध दिए फिर बिजली के तार से उसका गला कस कर हत्या कर दी। वहीं, बीच बचाव में उसके पुत्र की मारपीट की। जिससे वह घायल होकर जमीन पर गिर पड़ा। हमलावर घटना को अंजाम देकर भाग निकले। दोपहर को जब रमेश की पुत्री घर पहुंची तो उसने देखा घर का सारा सामान बिखरा पड़ा है और भाई घायल अवस्था बेहोश था। पिता ऊपर वाले कमरे में पलंग पर बेहोश पड़ा था। सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पर शहर कोतवाली पुलिस ओर फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची जांच पड़ताल करते हुए दोनों को अस्पताल भिजवाया। जहां रमेश को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं उसके पुत्र इलाज चल रहा है। क्षेत्राधिकारी सदर ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला हत्या का प्रतीत हो रहा है। मृतक के पुत्र की हालत में सुधार है। अभी पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## बहला फुसलाकर भगाने वाले आरोपी को दस साल का कारावास

**झांसी।** विशेष न्यायाधीश पोस्को एक्ट मोहम्मद नेयाज अहमद अंसारी की अदालत ने नौ वर्ष पूर्व नाबालिग लड़की का अपहरण करने वाले आरोपी पर आरोप सिद्ध होने पर दस वर्ष का कठोर कारावास और 65 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया।

विशेष शासकीय अधिवक्ता विजय सिंह कुशवाहा ने बताया कि बरुआसागर थाना क्षेत्र सनौरा मोहल्ला निवासी सुरेन्द्र कुशवाहा ने बरुआसागर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया था कि 15 नवंबर 2015 को दोपहर तीन बजे से उसकी नाबालिग पंद्रह वर्षीय बहन का कोई अता पता नहीं है, कई जगह तलाश किया कोई सुराग नहीं मिला। देर शाम जानकारी मिली कि उसकी बहन को उसका रिश्तेदार मध्यप्रदेश के जिला टीकमगढ़ पृथ्वीपुर निवासी धर्मेंद्र कुशवाहा बहला फुसला कर भगा ले गया है। पुलिस ने बरुआसागर स्टैंड के पास से अपहृत लड़की को बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया थआ। बाद में आरोपी को जेल भेजा था। पुलिस ने आरोपी को जेल भेजकर उसके खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया था। न्यायालय ने सुनवाई के दौरान आरोप सिद्ध होने पर धर्मेंद्र कुशवाहा को नाबालिग का अपहरण करने के आरोप में दस वर्ष की सजा ओर 65 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

# अक्तूबर माह में 31.64 लाख रेलयात्रियों से कमाए 27.93 करोड़

### पिछले साल की तुलना में 40.63 प्रतिशत अधिक

**झांसी।** झाँसी मंडल ने अनारक्षित यात्री संख्या और आय के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है। अक्टूबर 2025 में झाँसी मंडल से यात्रा करने वाले अनारक्षित यात्रियों की संख्या 31.64 लाख रही, जिससे 27.93 करोड़ रुपये की आय हुई। यह पिछले वर्ष अक्टूबर 2024 की तुलना में 40.63 प्रतिशत अधिक है। पिछले वर्ष इस अवधि में 26.16 लाख यात्रियों से 19.86 करोड़ रुपये की आय प्राप्त हुई थी। इस वर्ष यात्रियों की संख्या में 20.94 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है, जो 5.47 लाख यात्रियों की बढ़ोतरी दर्शाती है। मंडल रेल प्रबंधक अनिरुद्ध कुमार के दिशा-निर्देशन एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अमन वर्मा के नेतृत्व में वाणिज्य विभाग ने अक्तूबर में उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है। झाँसी, ग्वालियर, बाँदा, ललितपुर और उरई जैसे प्रमुख स्टेशनों पर यात्रियों की संख्या एवं आय दोनों में वृद्धि दर्ज की गई है। वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी स्टेशन से 5.68 लाख यात्रियों ने यात्रा की, जिससे 8.15 करोड़ रुपये की आय हुई। ग्वालियर स्टेशन से 6.19 लाख यात्रियों ने यात्रा की और 5.24 करोड़ रुपये की आय प्राप्त हुई। बाँदा स्टेशन से 1.62 लाख यात्रियों ने यात्रा की और 1.61 करोड़ रुपये की आय हुई। ललितपुर स्टेशन से 1.48 लाख यात्रियों ने यात्रा की और 1.45 करोड़ रुपये की आय अर्जित हुई। उरई स्टेशन से 85 हजार यात्रियों ने यात्रा की और 77.46 लाख रुपये की आय हुई। यात्रियों की बढ़ती भीड़ को ध्यान में रखते हुए अतिरिक्त बुकिंग टिकट काउंटर खोले गए। स्टेशन के प्रवेश एवं निकास द्वारों पर टिकट जांच कर्मियों की तैनाती की गई, ताकि केवल वैध टिकट वाले यात्री ही यात्रा कर सकें। विभिन्न चेकिंग अभियानों के माध्यम से यात्रियों को उचित टिकट लेकर ही यात्रा करने हेतु जागरूक किया गया। इन समस्त कार्यों के सफल क्रियान्वयन में सहायक मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनिल कुमार श्रीवास्तव की महत्वपूर्ण भूमिका रही। मंडल रेल प्रबंधक अनिरुद्ध कुमार ने बताया कि अधिक टिकट काउंटर और अतिरिक्त एटीवीएम (ऑटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीन) की उपलब्धता से यात्रियों को टिकट खरीदने में सहजता हुई और उनका प्रतीक्षा समय कम हुआ। वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी तथा चित्रकूटधाम करवी स्टेशनों पर यात्रियों के लिए बनाए गए होल्डिंग एरिया ने उन्हें अपनी ट्रेन के इंतजार के लिए सुरक्षित और आरामदायक स्थान उपलब्ध कराया है।

# छात्र ,छात्राओं को दी यातायात के नियमो की जानकारी




**झांसी।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बीबीजीटीएस मूर्ति के दिशा निर्देशन में लगातार यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक किया जा रहा है। यातायात माह के अंतर्गत बरुआसागर में जवाहर नवोदय विद्यालय में टी एस आई शशिकांत यादव के मुख्य आतिथ्य में यातायात की पाठशाला लगाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य वीरेंद्र कुशवाहा ने की विशिष्ट अतिथि के रूप में , एस एच ओ बरुआसागर राहुल राठौर,एस आई सुरेंद्र सिंह, प्रभाकर कैथवास ,योगेंद्र कुमार शर्मा उपस्थित रहे, कार्यक्रम का संयोजन ट्रैफिक चीफ वार्डन प्रगति शर्मा द्वारा किया गया यातायात की पाठशाला में मुख्य अतिथि द्वारा बच्चों को यातायात के नियमों की जानकारी दी गई सड़कों पर लगे हुए यातायात संकेतों के विषय में भी समझाया और कहा कि सभी बच्चे अपने परिवार, पड़ोस , मित्र मंडली में जाकर यातायात के नियमों के बारे में बताएं व नियम पालन करवाने के लिए प्रेरित करें। कार्यक्रम में मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 के अंतर्गत ट्रैफिक वार्डन दीपशिखा शर्मा द्वारा छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाए एवं प्रगति शर्मा द्वारा विभिन्न महिला हेल्पलाइन नंबरों की विस्तार से जानकारी दी। पाठशाला में टी एस आई द्वारा इंटरसेप्टर बाइक की जानकारी छात्र-छात्राओं को दी। कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम संयोजिका ने आए हुए अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका स्वागत अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में ट्रैफिक चीफ वार्डन द्वारा विद्यालय के टॉपर्स विद्यार्थी जय शिखा पटेल, वीर प्रताप सिंह,सानिया ,सोनम देवी, शिवानी यादव ,एवं देवांश गुप्ता को मंचासीन अतिथियों द्वारा मेडल पहनवाकर सम्मानित करवाया। उक्त अवसर पर ट्रैफिक वार्डन ,विद्यालय से प्रवक्ता ललिता, रवि, कृष्ण मोहन, आशुतोष, नदीम, शोभित, अजय, सुषमा, आरती, शशि, उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन प्रवक्ता सुधीर गुप्ता ने एवं आभार विद्यालय के प्राचार्य ने व्यक्त किया।

# अंतर महाविद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता में बुन्देलखण्ड कॉलेज जीत हासिल की



**झांसी।** बुन्देलखण्ड कॉलेज में अंतर महाविद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे दिन मुख्य अतिथि प्रो. मंजुला अपाध्याय, प्राचार्य नवयुग कन्या कॉलेज, प्रो. एस.एस.सौमरा, विभागाध्यक्ष, अर्थशास्त्र विभाग, राजस्थान विश्वविद्यालय, प्रो. अंजुला मिश्रा सम्पूर्णानन्द जेल संस्थान तथा कॉलेज के प्राचार्य प्रो. एस.के. राय ने टॉस कराकर मैच को प्रारंभ किया। आज का पहला मैच बुन्देलखण्ड क ॉलेज, झाँसी बनाम स्वामी विवेकानन्द महाविद्यालय के मध्य खेला गया। जिसमें स्वामी विवेकानन्द महाविद्यालय ने पहले बल्लेवाजी करते हुए 84 रनों का लक्ष्य दिया। मैच में रोमांचक मुकाबले के बाद बुन्देलखण्ड कॉलेज ने 10 विकेट से जीत दर्ज की। मैन ऑफ द मैच प्रांजल शुक्ला 11 बाल 42 रन एवं 1 विकेट। द्वितीय मैच बुन्देलखण्ड कॉलेज बनाम डीवीसी कॉलेज, उरई में मध्य खेला गया। जिसमें टॉस जीतकर डीवीसी कॉलेज, उरई ने पहले गेंदवाजी करने का निर्णय लिया। बुन्देलखण्ड कॉलेज ने पहले बल्लेवाजी करते हुए 12 ओवर में 202 रन का लक्ष्य दिया। संदीप ने 28 बाल में 97 रन बनाये। जिसमें डीवीसी कॉलेज, उरई की टीम लक्ष्य का पीछा करते हुए 79 रनों पर सिमट गयी। मैन ऑफ द मैच संदीप प्रजापति रहे। इस अवसर पर प्रो. जितेन्द्र कुमार तिवारी, प्रो. उमारतन यादव, प्रो. मंजरी दमेले, प्रो. नवेन्द्र सिंह, डॉ. रामदश सिंह यादव, डॉ. नरेन्द्र गुप्ता, डॉ. धमेन्द्र कुमार पाण्डेय, डॉ. राजेश तिवारी, डॉ. पवन कुमार, एवं क्रीड़ा समिति के सदस्य, समस्त छात्र-छात्राओं सहित समस्त कर्मचारी और खेल प्रेमी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। अन्त में आयोजन सचिव डॉ. ए.पी.एस. गौतम एवं राहुल कुशवाहा ने सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया।

## किशोरी को बहला फुसलाकर कर भगा ले जाने के मामले में 10 वर्ष की सजा

**झांसी।** दस साल पहले किशोरी को बहला फुसलाकर कर भगाने तथा दो वर्षों तक दुष्कर्म करने के मामले में दोषी को अपर सत्र न्यायाधीश विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट मोहम्मद नेयाज अहमद अंसारी के न्यायालय ने 10 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई, साथ ही 65 हजार रूपये अर्थदण्ड भी लगाया है। विशेष लोक अभियोजक पाक्सो एक्ट विजय सिंह कुशवाहा के अनुसार वादी मुकदमा ने 18 नवंबर 2015 को थाना-बरुआसागर पर तहरीर दी थी कि मेरी बहन 16 नवंबर 2015 को करीब तीन बजे दिन से लापता है, जिसे सभी संभावित स्थानों पर खोज लिया,कहीं पता नहीं चला। आज 18 नवंबर को जानकारी मिली कि बहन को धर्मेन्द्र कुशवाहा पुत्र भूरे कुशवाहा निवासी-जलंधर, थाना-पृथ्वीपुर, जिला-टीकमगढ़ बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। वादी मुकदमा की तहरीर के आधार पर धारा-363,366 भा.दं.सं. के तहत धर्मेन्द्र कुशवाहा के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया। विवेचक द्वारा विवेचनोपरान्त अभियुक्त धर्मेन्द्र उर्फ धरमदास कुशवाहा के विरुद्ध धारा-363,366 भा.दं.सं. व धारा-7/8 पॉक्सो एक्ट में आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया गया। गुरुवार को दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद न्यायालय में दोषसिद्ध अपराधी धर्मेन्द्र उर्फ धरमदास कुशवाहा को धारा-363 भा.दं. सं. के अपराध के लिए 7 वर्ष के कठोर कारावास एवं 10 हजार रुपए अर्थदण्ड ,अर्थदण्ड न अदा करने पर 4 माह के अतिरिक्त कारावास ,धारा-366 भा.दं. सं. के अपराध के लिए 10 वर्ष के कठोर कारावास एवं 50 हजार रुपए अर्थदण्ड ,अर्थदण्ड न अदा करने पर 2 वर्ष के अतिरिक्त कारावास, धारा-7/8 पॉक्सो एक्ट के अपराध के लिए 5 वर्ष के कठोर कारावास एवं 5 हजार रुपए के अर्थदण्ड ,अर्थदण्ड न अदा करने पर 2 माह के अतिरिक्त कारावास की सजा सुनाई गयी।

स्वामी निष्ठावान एडवरटाइजर्स एण्ड मीडिया प्रा.लि., मुद्रक, प्रकाशक, श्रीमती रीता सिंह द्वारा प्रदेश वॉच मीडिया ग्रुप, 11, प्रेस कॉम्प्लेक्स, एम.पी. नगर, भोपाल-462023, म.प्र. से मुद्रित एवं कैमासनपुरम, करगुंजी, मेडिकल कॉलेज के पास, कानपुर रोड, झाँसी से प्रकाशित।
संपादकः बालेन्द्र गुप्ता पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिम्मेदार (सभी विवादों का न्यायालय क्षेत्र झांसी रहेगा।) फोनः 9936277530, 9450071944, ई-मेलः balendragupta271@gmail.com आर.एन.आई.नं. UPHIN 2012/47946